रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33001/99 REGISTERED NO. DL-33001/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 23, 1999 (माघ 3, 1920)
No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 23, 1999 (MAGHA 3, 1920)

7/4/99

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	39
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	39
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	1
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	99
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपलब्धियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचना	77
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	105
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अन्य द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	305
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	35
भाग V — अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाले सम्पूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए ।

1—421 GI/98

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	39
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	39
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	99
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)— Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence and by General Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	77
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	105
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements, and Notices issued by Statutory Bodies	305
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	35
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi.	*

*Folios not to received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सिविलेतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 जनवरी 1999

शुद्धिपत्र

सं. 3-प्रेज/98—इस सचिवालय की दिनांक 15-8-1997 की अधिसूचना सं. 70-प्रेज/97, भारत के राजपत्र के भाग 1 खण्ड 1 में दिनांक 30-8-1997 को प्रकाशित में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :—

पृष्ठ 2 क्रम सं. 13

श्री पी. कालिन्दैराज
चालक यान्त्रिक
तामिलनाडु

के लिए

श्री पी. कुलन्दैराज
चालक यान्त्रिक
तामिलनाडु

पढ़ें

बरूण मिश्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 1998

सं० 112/प्रेस/98—राष्ट्रपति महोदय, निम्न व्यक्तियों/कार्मिकों को अनुकरणीय वीरता के लिए कीर्ति चक्र प्रदान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है ।

1. श्री बलाई चन्द्र मैती, पश्चिम बंगाल (मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख 05 जून, 1996

05–06–1996 को 7.35 बजे सांय के लगभग जिला मिदनापुर थाना भूपति नगर के अन्तर्गत बैजकुल मार्केट में इगारा बैजकुल रोड़ के दक्षिणी किनारे स्थित अड़ोस-पड़ोस की आभूषण की दो दुकानों पर 15–20 डाकुओं ने पाइप गनों और बमों से धावा बोलकर डकैती डाली । जब डाकू आभूषण की दुकानों को लूट रहे थे इन दुकानों के मालिकों ने शोर मचाया । इस शोर को सुनकर श्री प्रशांत मैती, श्री श्यामल त्रिपाठी; श्री बलाई चन्द्र मैती तथा श्री भाग्यधर शित ने ईंट पत्थरों से डाकुओं पर आक्रमण कर दिया । उपर्युक्त चार व्यक्तियों के साथ लोगों द्वारा डकैतों का डट कर सामना करने पर डकैतों ने भीड़ तितर-बितर करने के लिए बम फेंके । इसी दौरान, श्री बलाई चन्द्र मैती ने एक डाकू को पकड़ लिया । यह देखकर एक दूसरे डाकू ने श्री मैती से उस डाकू को छुड़ाने के लिए उन पर गोली दाग दी । परन्तु घायल हो जाने के बावजूद श्री मैती ने डाकू को नहीं छोड़ा । अंत में डाकू उस साथी को छोड़कर भाग गए जिसे श्री मैती ने पकड़ा हुआ था । इसी बीच भीड़ ने उस डाकू को पीट-पीट कर मार डाला । परन्तु श्री बलाई चन्द्र मैती को अपनी चोटों के कारण अस्पताल ले जाते हुए मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार श्री बलाई चन्द्र मैती ने डाकुओं के कुख्यात गैंग का सामना करने के लिए भीड़ की अगुवाई करने में अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया और इस दौरान अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

2. कैप्टन अनिल कुमार (एस एस–36038), 6 डोगरा

पुरस्कार की प्रभावी तारीख 11 जुलाई, 1997

11 जुलाई, 1997 को लगभग 12.30 बजे जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर अत्यधिक ऊंचाई तक उबड़-खाबड़ पहाड़ियों पर कैप्टन अनिल कुमार के गश्ती दल का सामना पांच सशस्त्रों से सुसज्जित विदेशी उग्रवादियों से हुआ ।

उग्रवादियों ने गश्ती दल पर यूनिवर्सल मशीनगन तथा राइफल ग्रेनेड से भारी गोलीबारी की । कैप्टन अनिल कुमार ने अपने सैनिकों को व्यूह रचना के अनुसार तैनात करके कारगर ढंग से उग्रवादियों का सामना किया । शीघ्र ही उग्रवादी अपनी यूनिवर्सल मशीन गनों की गोलीबारी की आड़ लेकर तथा उसी समय आसमान में उभर आए नीचे बादलों का सहारा लेकर पीछे लौटकर भागने लगे । इन बादलों के कारण बहुत कम दूरी तक देख पाना संभव था । इस युवा अधिकारी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कतई परवाह न करते हुए एक दिशा में रेंगकर एक उग्रवादी के भागने का रास्ता रोक लिया । इस उग्रवादी ने जब देखा कि यह अधिकारी उसके एकदम नजदीक आ चुका है तो उसने उस पर गोलियों की बौछार कर दी । अत्यन्त साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए कैप्टन अनिल कुमार उग्रवादी पर झपटे जिससे वह हतप्रभ रह गया और उन्होंने

उसको हथियार सटाकर गोली मार दी। इसी बीच यू० एम० जी० लिए हुए दूसरे उग्रवादी ने इस अधिकारी को वहां से हटने का मौका नहीं दिया जिसकी गोलियां समाप्त हो चुकी थीं। यू० एम० जी० की भारी गोलीबारी के कारण उसका सुरक्षित दिशा की ओर रेंगना असम्भव था। कैप्टन अनिल कुमार ने मृत उग्रवादी की ओर रेंगकर उसकी ए के–47 राइफल उठा ली। लगभग निश्चित मृत्यु का सामना करते हुए असाधारण व्यक्तिगत साहस का परिचय देते हुए इस अधिकारी ने यू० एम० जी० की गोलीबारी के बीच झपटते हुए बिजली की गति से आक्रमण करते हुए उग्रवादी को मौत के घाट उतार दिया।

अब एक बचा हुआ उग्रवादी बचने के लिए इस अधिकारी पर गोली चलाते हुए भागने लगा। असाधारण वीरता के उत्कृष्टतम उदाहरण का परिचय देते हुए अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को पूरी तरह खतरे में डालते हुए इस अधिकारी ने स्वयं ही उग्रवादी का पीछा किया और उसे मार गिराया।

इस प्रकार कैप्टन अनिल कुमार ने अपने दायित्वों से कहीं आगे बढ़कर और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को भारी खतरे में डालते हुए असाधारण तथा अनुकरणीय व्यक्तिगत वीरता का परिचय दिया।

3. मेजर अशोक कुमार सहरावत (आई सी–41634),
19 राष्ट्रीय राइफल्स

(मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अगस्त 1997

दिनांक 24 अगस्त, 1997 को मेजर अशोक कुमार सहरावत एरिया डोमिनेशन मिशन पर थे। सायं 5 बजे उन्होंने छह उग्रवादियों को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मजगाम गांव की ओर आते देखा।

सैनिकों को देखकर ये उग्रवादी धान के खेतों की ओर बीच-बीच में गोलीबारी करते हुए भाग गए। मेजर अशोक कुमार सहरावत ने अपनी टुकड़ी को दो हिस्सों में बांट दिया। एक टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए वे उग्रवादियों का पीछा करते हुए उनके नजदीक पहुंच गए। इस बीच वे अपनी टुकड़ी से काफी आगे निकल चुके थे और गोलियों से घायल हो चुके थे।

इस अधिकारी ने बिना रुके अकेले ही दो उग्रवादियों को मार गिराया। सैनिक जैसे ही उग्रवादियों के नजदीक पहुंचे उन पर छुपे हुए उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी कर दी। अपने सैनिकों को गंभीर खतरे में घिरा हुआ देखकर मेजर अशोक कुमार सहरावत घायल होते हुए भी अपने हथियार से गोलीबारी करते हुए और ग्रेनेड फेंकते हुए खेतों में घुस गए। जिससे उग्रवादियों की गोलीबारी रुक गई। इसी बीच एक उग्रवादी ने इस अधिकारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। लेकिन चोटों के कारण मरने से पूर्व मेजर अशोक कुमार सहरावत ने उस उग्रवादी को भी मार गिराया। इससे प्रेरित होकर सैनिकों ने चार विदेशी भाड़े के सैनिकों को मार गिराया तथा कई लोगों की जान बचाने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया।

इस प्रकार मेजर अशोक कुमार सहरावत ने अपनी जान देकर भी दृढ़ नेतृत्व, असाधारण बहादुरी, अपराजेय मनोबल तथा कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया।

4. 4176880, नायक गोपाल सिंह,
3 कुमाऊं।

(मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 अगस्त, 1997

दिनांक 29 अगस्त, 1997 को एक निश्चित सूचना मिलने पर 10 बजे पूर्वाह्न श्रीनगर जिले की तहसील गंदरबल के चाक फतेहपुरा गांव को घेरने तथा उसकी तलाशी लेने के लिए एक अभियान चलाया गया। पूरी तरह घेरा बांधने के बाद तलाशी टुकड़ियों ने दक्षिण से पूर्व की ओर गांव की गहन तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान कुछ घरों में छुपे हुए उग्रवादियों ने एक तलाशी टुकड़ी पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी तथा धुआंधार ग्रेनेड फेंकने शुरू कर दिए। इस तलाशी टुकड़ी से एक नायक गोपाल सिंह ने असाधारण साहस दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए तुरंत जवाबी गोली-बारी की और वहीं पर एक उग्रवादी को मार गिराया। इसी के साथ नायक गोपाल सिंह की निरंतर तथा सटीक गोलीबारी से दूसरा उग्रवादी भी मारा गया।

इस प्रकार घिरे हुए उग्रवादियों ने अंतिम उपाय के तौर पर घर की घेराबंदी को तोड़ने के लिए अंधाधुंध गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। इस गोलीबारी के दौरान नायक गोपाल सिंह के पेट में दाहिनी ओर गोली लग गई। अपनी चोटों की परवाह न करते हुए और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कतई परवाह न करते हुए वह उस तीसरे उग्रवादी पर हावी रहे जो कि घर के अंदर से अंधाधुंध गोली चला रहा था। उग्रवादी को देखते ही नायक गोपाल सिंह घर में घुस पड़े तथा सटीक गोलीबारी करके उग्रवादी को मार गिराया। नायक गोपाल सिंह को तत्काल बेस अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां 29 अगस्त 1997 को 3.30 बजे अपराह्न चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार नायक गोपाल सिंह ने शौर्य तथा वीरतापूर्ण कृत्य का परिचय देते हुए भारतीय सेना की श्रेष्ठ परंपरा को कायम रखते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

5. 4263622 नायक विश्व केर्केट्टा, 17 बिहार
(मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 अक्तूबर, 1997

जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर जिले के बंदहामागांव में 20-21 अक्तूबर, 1997 को एक विशेष तलाशी अभियान शुरू किया गया था। वहां हिंसक तथा लड़ाकू उग्रवादी एक ऐसे दो मंजिला मकान में किलाबंद थे जो कि उस क्षेत्र में प्रमुख स्थान पर था तथा जो गोलीबारी करने के लिए उत्कृष्ट स्थान था, जिसके कारण इस के अंदर जाना प्रायः असंभव था।

उग्रवादियों ने सैन्य टुकड़ी पर भारी सघन तथा प्रभावी गोलीबारी शुरू कर दी जिससे वे मध्यम दर्जे की मशीन गनों तथा हथगोला लांचरों की सहायक गोलीबारी की आड़ के बावजूद अभियान को आगे नहीं बढ़ा सके। इस गतिरोध को दूर करने के लिए नायक विश्व केर्केट्टा ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए और असाधारण साहस का परिचय देते हुए उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी से भयभीत हुए बिना गोलियों की बौछार के बीच में दौड़ लगाई तथा एक तीव्र और साहसपूर्ण कार्रवाई करके खिड़की में से मकान के अंदर हथगोला फेंक दिया। जिससे दो उग्रवादी मारे गए तथा तीसरा उग्रवादी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे नायक विश्व केर्केट्टा ने निकट पहुंचकर अपने हथियार से मार गिराया।

चौथा उग्रवादी स्वयं को अकेला तथा फंसा हुआ पाकर अंधाधुंध गोलियां बरसाता हुआ खिड़की से बाहर कूद गया किंतु इस गोलीबारी में नायक केर्केट्टा गंभीर रूप से घायल हो गए। नायक विश्व केर्केट्टा ने अपने गंभीर जख्मों की परवाह न करते हुए आमने-सामने की लड़ाई में उग्रवादी को गोली मारकर घायल कर दिया, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई।

नायक विश्व केर्केट्टा ने अकेले ही चारों दुर्दांत उग्रवादियों को मार गिराया जिनमें दो उग्रवादी विदेशी थे। बाद में नायक विश्व केर्केट्टा वीरतापूर्ण कार्रवाई के दौरान लगे गंभीर जख्मों के कारण 1900 बजे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार नायक विश्व केर्केट्टा ने अनुकरणीय वीरता का परिचय दिया तथा भारतीय सेना की श्रेष्ठ परंपरा को कायम रखते हुए सर्वोच्च बलिदान किया।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

संख्या 113-प्रेस/98—राष्ट्रपति महोदय निम्न कार्मिकों/व्यक्तियों को शत्रु का सामना करते हुए वीरता दिखाने के लिए वीर चक्र प्रदान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :

1. फ्लाइट लेफ्टिनेंट भुपिंदर (21545) उड़ान (पायलट)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अक्तूबर, 1997

फ्लाइट लेफ्टिनेंट भुपिंदर 25 मार्च, 1996 से वायुसेना की 114 हेलिकाप्टर यूनिट की तैनाती नफरी पर हैं। इस सेवाकाल के दौरान उन्होंने सियाचिन ग्लेशियर की दुर्गम पहाड़ियों में बिना किसी घटना/दुर्घटना के 380 घंटे उड़ान भरी है।

22 अक्तूबर, 1997 को चीता जेड-1457 हेलिकाप्टर को मजबूरन अमर हेलीपैड पर उतरना पड़ा था। परिणामतः उस हेलिकाप्टर को 19,250 फुट की उंचाई तथा शत्रु की ओर से लगातार की जा रही गोलीबारी के बीच से निकालकर लाना था। फ्लाइट लेफ्टिनेंट भुपिंदर को उस हेलिकाप्टर की वापसी के कार्य में 21 अक्तूबर, 1997 को सह-पायलट के रूप में तैनात किया गया। फ्लाइट लेफ्टिनेंट भुपिंदर अपने कैप्टन के साथ अमर हेलीपैड पर उतर गए। शत्रु की छिट-पुट गोलीबारी के बावजूद, उन्होंने हेलिकाप्टर को चालू करने तथा वहां से सुरक्षित उड़ाकर ले जाने में अपने कैप्टन की सहायता की। इस कार्य में उन्होंने अत्यंत साहस और उच्चकोटि की कार्य कुशलता का परिचय दिया और अपने हेलिकाप्टर को सुरक्षित बेस कैंप में ले आए।

26 अक्तूबर, 1997 को उन्हें बिला हेलिपैड तक वायु अनुरक्षण उड़ान करने के लिए कैप्टन के रूप में तैनात किया गया। हेलीपैड पर हेलिकाप्टर से सामान को उतरवाते समय उनका हेलिकाप्टर भारी गोलाबारी की चपेट में आ गया।

उनके सहायक पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट ए के कुरियन (121730) उड़ान (पायलट) की टांग छर्रे से घायल हो गई तथा हेलिकाप्टर को भी छिटकने वाले कंकड़-पत्थरों से काफी क्षति पहुंची। फ्लाइट लेफ्टिनेंट ने अपना धैर्य नहीं खोया तथा तुरंत वहां से उड़ गए। वे अत्यधिक क्षतिग्रस्त हेलिकाप्टर को सुरक्षित उड़ाकर बेस कैंप ले आए। उड़ान पश्चात् निरीक्षण से पता चला कि मुख्य रोटर ब्लेडों, एयरफ्रेम तथा पर्सपेक्स को काफी हानि हुई थी।

इस प्रकार फ्लाइट लेफ्टिनेंट भुपिंदर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में शत्रु का मुकाबला करते हुए उच्चकोटि की कार्य कुशलता तथा साहस का परिचय दिया।

2. मेजर नवीन (आई० सी०-50881), 11 जम्मू तथा कश्मीर राइफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 2 नवम्बर, 1997

1 नवम्बर, 1997 को टीम कमांडर मेजर नवीन को जम्मू तथा कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर

13,000 फुट की ऊंचाई पर शत्रु की एक चौकी को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया था । इस चौकी का इस्तेमाल शत्रु घाटी में उग्रवादियों की घुसपैठ करवाने के लिए करता था ।

मेजर नवीन ने थोड़े से समर्पित सैनिकों के साथ बर्फ से ढके रास्ते को तीव्र गति से पार करने के लिए अत्यधिक जोखिम भरे मार्ग पर अधिक ऊंचाई वाले भू-भाग की ओर से जाकर 2 नवम्बर, 1997 को प्रातःकाल नियंत्रक रेखा पर निर्धारित पेट्रोल बेस पर पहुंच गए ।

छापामार दलों को तैनात करने के पश्चात् मेजर नवीन ने चौकी के निकट पहुंचने के लिए गहरे बर्फ में रेंगते हुए विध्वंसक दल की स्वयं अगुवाई की । दल के एक सदस्य द्वारा संतरी को सफलतापूर्वक मार गिराने के बाद मेजर नवीन बर्फ से ढके एक सुरंग क्षेत्र में रेंगते हुए आगे बढ़े और स्वयं ही शत्रु के दो बंकरों पर विध्वंसक चार्ज लगा दिए । ये चार्ज 2 नवम्बर, 1997 को 0900 बजे प्रातः सफलतापूर्वक दाग दिए गए, जिसमें दो बंकर नष्ट हुए तथा शत्रु के 4–5 सैनिक हताहत हुए ।

विस्फोटकों के बाद शत्रु ने छापामार दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की । । मेजर नवीन उच्च कोटि के प्रेरक नेतृत्व तथा संघर्ष के दौरान आत्मसंयम का परिचय देते हुए छापामार दल को अपनी ओर की नियंत्रक रेखा तक सुरक्षित निकाल ले गए । इस कार्यवाही से उरी सेक्टर में घुसपैठ करवाने के लिए बनाई गई शत्रु की योजना को भारी धक्का लगा ।

इस प्रकार, मेजर नवीन ने अपने जीवन को जोखिम में डालकर नियंत्रक रेखा के पार शत्रु के बंकरों पर स्वयं हो चार्ज लगाकर दायित्व से आगे जाकर वीरता तथा निर्भीक युद्धक भावना का परिचय दिया ।

3. 13743320 हवलदार कश्मीर सिंह ठाकुर, 11 जम्मू तथा कश्मीर राइफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 2 नवम्बर, 1997

1 नवम्बर, 1997 को हवलदार कश्मीर सिंह को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार शत्रु की एक चौकी पर कारवाई करने के लिए आक्रमण दल के सदस्य के रूप में लिया गया था । वह चौकी घाटी में उग्रवादियों की घुसपैठ करवाने के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी ।

छापामार दल काफी जोखिम भरे मार्ग पर ऊबड़-खाबड़ ऊंचे-ऊंचे बर्फीले पहाड़ों से होता हुआ 2 नवम्बर, 1997 को प्रातःकाल पेट्रोल बेस पहुंचा । हवलदार कश्मीर सिंह को संतरी को मार गिराने का काम सौंपा गया था, जो कि सफल छापे का आधार था ।

हवलदार कश्मीर सिंह संतरी के निकट पहुंचने के लिए शून्य तापमान में बर्फ से ढके हुए एक सुरंग क्षेत्र में से रेंगते हुए आगे ब । व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने संतरी पर छलांग लगाकर उसे चकित कर कर दिया और गला घोंटकर मार गिराया । इसके बाद वे छापामार दल द्वारा पूरी तरह से विध्वंसक चार्ज लगा लिए जाने तक किसी भी गतिविधि पर नजर रखने के लिए सुबह होने तक संतरी की चौकी के निकट रहे । इस छापे से उरी सेक्टर में घुसपैठ करवाने के लिए शत्रु की योजना को भारी धक्का लगा ।

इस प्रकार, हवलदार कश्मीर सिंह ठाकुर ने शत्रु का मुकाबला करने में युद्धक क्षमता तथा आक्रामकता, अधिक इच्छाशक्ति, अनुकरणीय साहस तथा अदम्य वीरता का परिचय दिया ।

अरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 114–प्रेस/98—राष्ट्रपति, महोदय निम्न व्यक्तियों/कार्मिकों को वीरतापूर्ण कार्यों के लिए शौर्य चक्र प्रदान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :

1. श्री राजू अंकम समय्या, महाराष्ट्र (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 मार्च, 1995

19 मार्च, 1995 को गुरू गोविंद सिंह इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के छात्र पिकनिक पर नांदेड़ जिले में सहस्त्रकुंड जलप्रपात देखने गए थे । कुछ छात्र सहस्त्रकुंड जलप्रपात से मात्र 15 फुट ऊपर पैंगगा नदी में घुस गए । उस दिन पानी का बहाव तेज था तथा कमर तक पानी बह रहा था, क्योंकि भारी वर्षा हो जाने के कारण बांध से हमेशा की अपेक्षा पानी छोड़ा गया था । पत्थरों में काई लगी होने के कारण एक छात्रा फिसलकर तीव्र जल प्रवाह में गिर गई और नजदीकी जल प्रपात की ओर बढ़ने लगी । यह देखकर छात्रों ने शोर मचाया । श्री राजू अंकम समय्या नामक छात्र अपने जीवन को जोखिम में डालकर उस छात्रा के प्राण बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा । इस प्रयास में वे छात्रा तक पहुंच पाने से पहले नदी के तट में पड़े पत्थरों से घायल हो गए । वे भंवरदार तथा तीव्र जल प्रवाह के कारण उस छात्रा को बचा नहीं सके और स्वयं बह गए । दोनों जल प्रपात में बहकर लगभग 50 फुट नीचे पड़े पत्थरों के टुकड़ों पर गिर पड़े जिससे दोनों की दुखद मृत्यु हो गई ।

श्री राजू अंकम समय्या ने एक छात्रा की जान बचाने के प्रयास में अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

2. श्री भाग्यधर शित, पश्चिम बंगाल (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 जून, 1996

5–6–1996 को 7.35 बजे सायं के लगभग जिला मिदनापुर, थाना भूपति नगर के अंतर्गत बैजकुल मार्केट में इगारा बैजकुल रोड़ के दक्षिणी किनारे स्थित अडोस-पडोस की आभूषण की दो दूकानों पर 15–20 डाकुओं ने पाइप

गनों और बमों से धावा बोलकर डकैती डाली । जब डाकू आभूषण की दुकान को लूट रहे थे इन दुकानों के मालिकों ने शोर मचाया । इस शोर को सुनकर श्री प्रशांत मैती, श्री श्यामल त्रिपाठी, श्री बलाई चन्द्र मैती तथा श्री भाग्यधर शित सहित लोगों ने ईंट-पत्थरों से डाकुओं पर आक्रमण कर दिया । उपर्युक्त चार व्यक्तियों के साथ लोगों द्वारा डकैतों का डटकर सामना करने पर डकैतों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए अंधाधुंध बम फेंके । डाकुओं की ओर से फेंके गए बम से श्री भाग्यधर शित घायल हो गए । वे बम से गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनकी चोटों के कारण अस्पताल ले जाते हुए मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार श्री भाग्यधर शित ने डाकुओं के कुख्यात गैंग का सामना करने के लिए भीड़ का नेतृत्व करने में अनुकरणीय वीरता का परिचय दिया और इस दौरान अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

3. श्री प्रशांत मैती, पश्चिम बंगाल
(मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 जून, 1996

5 जून, 1996 को 7.35 बजे सायं के लगभग जिला मिदनापुर, थाना भूपति नगर के अंतर्गत बैजकुल मार्केट में इंगारा बैजकुल रोड के दक्षिण किनारे स्थित अड़ोस-पड़ोस की आभूषण की दो दूकानों पर 15–20 डाकुओं ने पाइप गनों और बमों से धावा बोलकर डकैती डाली । जब डाकू आभूषण की दुकानों को लूट रहे थे इन दुकानों के मालिकों ने शोर मचाया । इस शोर को सुनकर श्री प्रशांत मैती, श्री श्यामल त्रिपाठी, श्री बलाई चन्द्र मती तथा श्री भाग्यधर शित सहित लोगों ने ईंट पत्थरों से डाकुओं पर आक्रमण कर दिया । उपर्युक्त चार व्यक्तियों के साथ लोगों द्वारा डकैतों का डटकर सामना करने पर डकैतों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए अंधाधुंध बम फेंके । डाकुओं की ओर से फेंके गए बम से श्री प्रशांत मैती घायल हो गए । वे बम से गंभीर रूप से घायल हो गए तथा घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार श्री प्रशांत मती ने डाकुओं के कुख्यात गैंग का सामना करने के लिए भीड़ का नेतृत्व करने में अनुकरणीय वीरता का परिचय दिया और इस दौरान अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

4. श्री श्यामल त्रिपाठी, पश्चिम बंगाल
(मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 जून, 1996

5 जून, 1996 को 7.35 बजे सायं के लगभग जिला मिदनापुर, थाना भूपति नगर के अंतर्गत बैजकुल मार्केट में इंगारा बैजकुल रोड के दक्षिणी किनारे स्थित अड़ोस-पड़ोस की आभूषण की दो दुकानों पर 15–20 डाकुओं ने पाइप गनों और बमों से धावा बोलकर डकैती डाली । जब डाकू आभूषण की दुकानों को लूट रहे थे इन दुकानों के मालिकों ने शोर मचाया । इस शोर को सुनकर श्री प्रशांत मैती, श्री श्यामल त्रिपाठी, श्री बलाई चन्द्र मैती तथा श्री भाग्यधर शित सहित लोगों ने ईंट-पत्थरों से डाकुओं पर आक्रमण कर दिया । उपर्युक्त चार व्यक्तियों के साथ लोगों द्वारा डकैतों का डटकर सामना करने पर डकैतों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए अंधाधुंध बम फेंके । डाकुओं की ओर से फेंके गए बम से श्री श्यामल त्रिपाठी घायल हो गए । वे बम से गंभीर रूप से घायल हो गए तथा घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार श्री श्यामल त्रिपाठी ने डाकुओं के कुख्यात गैंग का सामना करने के लिए भीड़ का नेतृत्व करने में अनुकरणीय वीरता का परिचय दिया और इस दौरान अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

5. कैप्टन बब्बू भान यादव (आई० सी०–50996),
8 असम राइफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अप्रैल, 1997

22 अप्रैल, 1997 को नागालैंड के कुठूर गांव में घेराबन्दी तथा तलाशी अभियान के दौरान कैप्टन बब्बू भान यादव पर छिपे हुए उग्रवादियों ने काफी ऊंचाई से गोली चला दी । वह तुरन्त ही स्थिति भांप गए तथा अपने सैनिकों को अगल-बगल से होशियारी से बढ़ते हुए छिपे हुए उग्रवादियों पर धावा बोलने का आदेश दिया ।

इस अफसर ने स्वयं ही आक्रमणकारी टुकड़ी का नेतृत्व किया तथा शत्रुओं की गोलीबारी के सामने डट गए । अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए इन्होंने एक छिपे हुए उग्रवादी को मार गिराया। दूसरे उग्रवादी ने आतंकित होकर पीछे हटने का प्रयास करते हुए नाले में कूद गया । कैप्टन बब्बू भान यादव भी नाले में कूद गए और उग्रवादी का पीछा करते रहे जो भागते हुए गोलीबारी भी करता जा रहा था । कैप्टन बब्बू भान यादव ने उग्रवादी के निकट पहुंच कर उसे मार गिराया। शत्रु की भारी गोली-बारी का सामना करने में इनके अदम्य साहस से प्रेरित होकर दल के अन्य सदस्यों ने छिपे हुए उग्रवादियों के ठिकाने पर सफलतापूर्वक धावा बोल दिया। उग्रवादियों तथा सैनिकों बीच दस मिनट तक मुठभेड़ें होती रहीं जिसमें दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई तथा उग्रवादी घबरा कर भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद तथा दो उग्रवादियों के शव छोड़कर भाग खड़े हुए ।

इस प्रकार, कैप्टन बब्बू भान यादव ने उग्रवादियों का मुकाबला करने में अथक उत्साह तथा साहसपूर्ण नेतृत्व का परिचय दिया ।

6. मेजर बेलाऊधान श्री हरी (आई० सी०—44515), 31 राष्ट्रीय राइफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 जून, 1997

राष्ट्र-विरोधी तत्वों की संभावित उपस्थिति के बारे में सूचना मिलने पर मेजर बेलाऊधान श्री हरी के नेतृत्व में 'क' सैनिक दल ने जम्मू तथा कश्मीर के जिला रजौरी के मोड़गाला नामक जगह पर दो स्थानों पर सुनियोजित रूप से घात लगाई ।

11 जून, 1997 को प्रातःकाल मेजर बेलाऊधान श्री हरी की अगुआई में घाती दल ने दो उग्रवादियों को आते देख लिया । मेजर बेलाऊधान श्री हरी तथा उनके साथ उग्रवादियों के पास पहुंच गए तथा एक उग्रवादी को मार गिराया । बाद में, अन्य घाती दल ने, दूसरे उग्रवादी को भी मार गिराया । इस कार्रवाई से शेष उग्रवादी सतर्क हो गए तथा समीप के ढोकों से गोलीबारी करने लगे । मेजर बेलाऊधान श्री हरी ने तत्काल ही सहायक गोलीबारी की ओर रेंगते हुए एक ढोक तक पहुंच गए । बहादुरी से छत पर चढ़ते हुए उन्होंने तेजी से तीन गोले ढोक के अंदर फेंके जिससे दो उग्रवादी मारे गए । इसी बीच, सिविलियनों की आड़ लेकर एक उग्रवादी भागता दिखाई दिया किंतु मेजर बेलाऊधान श्री हरी ने 200 मीटर तक उसका पीछा करके उसे भी मार गिराया । इस कार्रवाई की सफलता का श्रेय इस अफसर की वीरता, साहसपूर्ण नेतृत्व तथा कठिन परिस्थितियों में उनके धैर्य को जाता है जिससे पांच दुर्दांत उग्रवादियों का सफाया हुआ तथा भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ ।

इस प्रकार, मेजर बेलाऊधान श्री हरी ने उग्रवादियों के साथ मुकाबला करने में असाधारण वीरता तथा अदम्य साहस का परिचय दिया ।

7. दिहाड़ी मजदूर श्रीमती फूलबती कोड सं०—1668 सीमा सड़क विकास संगठन (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 जुलाई, 1997

खतलांग दल की दिहाड़ी मजदूर श्रीमती फूलबती को दिहाड़ी मजदूर मणि राम (कोड 217) के साथ सैन्य क्षेत्र में फूल डुगसेई-गोबिन्दबाड़ी सड़क पर खड़े सीमा सड़क संगठन के रोड़ रोलर की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था । 6 जुलाई, 1997 को जब ये दोनों ड्यूटी पर थे, तीन हथियारबंद उग्रवादी बैटरी तथा अन्य पुर्जों की चोरी करने के इरादे से सायं लगभग 9 बजे रोड रोलर के निकट पहुंच गए । श्रीमती फूलबती और मणि राम ने अपने जीवन को आसन्न खतरा होने के बावजूद उग्रवादियों को रोलर के पुर्जे ले जाने से वीरतापूर्वक रोका । उग्रवादियों ने दोनों के ऊपर दाह तथा अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया और श्रीमती फूलबती के शरीर पर क्रूरता से गहरी चोटें मार दी । परन्तु श्रीमती फूलबती फिर भी उनका विरोध करती रही जिसको देखते हुए उग्रवादियों ने उसका सिर काट डाला जिससे उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्रवाई से उग्रवादियों को रोड रोलर के पुर्जे छोड़कर ही भागना पड़ा ।

श्रीमती फूलबती ने जिस असाधारण वीरता तथा उच्च कोटि की निःस्वार्थ कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर सरकारी संपत्ति बचाई वह प्रशंसनीय तथा दूसरों के लिए भी अनुकरणीय है ।

8. 3992650 सिपाही सुरज प्रकाश, 6 डोगरा (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 जुलाई, 1997

11 जुलाई, 1997 को लगभग 12.30 बजे अपराह्न पांच भारी हथियारबन्द विदेशी उग्रवादियों के एक दल से गश्ती दल का सामना हो गया । ये उग्रवादी जम्मू तथा कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के निकट घुस आए थे ।

चार जवानों के साथ सिपाही सुरज प्रकाश को छड़े पत्थरों तथा घनी झाड़ियों तथा जोखिम भरे ढलानों और दुर्गम क्षेत्र की तलाशी लेने का आदेश दिया गया था । सिपाही सुरज प्रकाश ने स्वेच्छा से तलाशी दल का नेतृत्व करने का कार्य हाथ में लिया, 100 मीटर आगे बढ़ते ही तलाशी दल दो उग्रवादियों द्वारा अकस्मात् की गई अचूक गोलीबारी की चपेट में आ गया । ये उग्रवादी निकट ही आड़ लिए हुए थे । सिपाही सुरज प्रकाश के पेट में ए० के० 47 की घातक गोलियां आ लगीं जिससे वे थोड़ी देर के लिए बेकार हो गए । किंतु सिपाही सुरज प्रकाश ने असाधारण वीरता के साथ अपने घावों और अत्यधिक रक्त स्राव की परवाह न करते हुए अपने हथियार से गोलीबारी करते हुए उग्रवादियों पर धावा बोल दिया । इसी बीच उनके पेट में पुनः उग्रवादी की गोली लग गई जिससे वे नीचे गिर पड़े । इस बहादुर नौजवान सिपाही ने अद्वितीय साहस तथा असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए एक हाथ से अपना पेट पकड़ लिया तथा उग्रवादियों की ओर 8–10 मीटर तक रेंगकर स्वयं मूर्छित होकर गिरने से पहले अपनी ए० के०–47 राइफल की गोलियों से दोनों उग्रवादियों को मार गिराया । बाद में वहां से हटाते समय उनकी घावों के कारण मृत्यु हो गई ।

सिपाही सुरज प्रकाश ने कर्तव्य से आगे बढ़कर अति असाधारण कोटि का अपूर्व साहस का परिचय दिया तथा उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान किया ।

9. 2600476 हवलदार रघुनाथ, 26 असम राइफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 जुलाई, 1997

15/16 जुलाई, 1997 को नागालैंड के दीमापुर नगर में सिटी टॉवर जंक्शन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उग्रवादी नेता की उपस्थिति के बारे में मिली विशिष्ट सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई थी जिसमें कई महीनों की घेराबंदी की गई थी। हवलदार रघुनाथ इस घेराबन्दी दल के एक सदस्य थे।

लगभग आधी रात में, टिन की बनी छत पर किसी व्यक्ति के भागने की आहट सुनाई पड़ी। हवलदार रघुनाथ उसका भागने का रास्ता बंद करने के लिए उसी दिशा में झपटे। वह उग्रवादी 'मारो या मरो' के प्रयास में घेराबंदी तोड़ने के लिए गोलीबारी करते हुए सड़क पर कूद गया। इस कार्रवाई में हवलदार रघुनाथ के बाएं कूल्हे पर गोली लग गई। अपने गम्भीर घावों, अत्यधिक रक्त स्राव तथा अंधेरा होने के बावजूद इन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए उग्रवादी का पीछा किया और भागते हुए गोलियां चलाते रहे तथा उग्रवादी को ओझल नहीं होने दिया। यद्यपि वह उग्रवादी घायल हो गया था किन्तु वह तब तक भागता रहा जब तक कि एक अन्य जवान ने उसे सामने से घेर नहीं लिया तथा दोनों ने उस उग्रवादी को वहीं ढेर कर दिया। उग्रवादी के शव से एक पिस्तौल तथा तीन जिन्दा कारतूस बरामद हुए।

इस प्रकार, हवलदार रघुनाथ ने कर्तव्य से बढ़कर दृढ़ निश्चय, उच्च समर्पण तथा साहस का परिचय दिया।

10. मेजर प्रमोद कुमार यादव (आई०सी०–38430)
2 असम राईफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 21 जुलाई, 1997

मेजर प्रमोद कुमार यादव 'ई' कम्पनी कमांडर का दायित्व निभा रहे थे। 21 जुलाई, 1997 को सेक्टर मुख्यालय ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले के बाग़ात गांव में एक संयुक्त कार्रवाई की थी इसमें गोलीबारी के दौरान दो उग्रवादी मारे गये।

तीसरा विदेशी उग्रवादी ने चुपचाप मेजर प्रमोद कुमार यादव के दल की ओर दौड़ लगाई। यह दल उस उग्रवादी के छिपने के ठिकाने के करीब ही पहुंचने वाला था। अकस्मात् ही मेजर यादव का दल और उग्रवादी का सीधा आमना-सामना हो गया।

उस उग्रवादी ने कम्पनी कमांडर के अंग रक्षक पर तुरन्त गोली चला दी। मेजर यादव दुःसाहस तथा तुरन्त बुद्धि के साथ झपटकर अपने बायें हाथ से उग्रवादी की ए के-47 राइफल की नाल पकड़ ली और दायें हाथ से अपनी कारबाइन से उसे मार गिराया और अपने सैनिक के प्राण बचा लिये। इस कार्रवाई में मेजर यादव का बायां हाथ जल गया। यह मुठभेड़ इतना निकट से हुआ था कि मेजर यादव का चेहरा तथा उनकी वर्दी उग्रवादी के रक्त में रंग गई।

इस प्रकार, मेजर प्रमोद कुमार यादव ने अत्यधिक खतरे का सामना करते हुए अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

11. कैप्टन अजय पासबोला (आई सी–48216)
31 राष्ट्रीय राईफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 जुलाई, 1997

29 जुलाई, 1997 को सायं लगभग 2.00 बजे जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के बेवान के आस पास के क्षेत्र में उग्रवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर कैप्टन अजय पासबोला की अगुवाई में एक दल उग्रवादियों को पकड़ने के लिये निकल पड़ा। यह दल छिपते छिपाते नौ घण्टे तक चलने के बाद दुर्गम तथा ऊबड़-खाबड़ भू-भाग को पार करते हुए उस क्षेत्र में पहुंच गया।

टीम कमांडर द्वारा ग्रामवासियों से विवेकपूर्ण पूछताछ करने से एक राष्ट्र विरोधी के संभावित ठिकाने का पता चल गया। कैप्टन अजय पासबोला अथक सहनशक्ति और समर्पण भाव का परिचय देते हुए तत्काल ही लगभग चार घण्टे की पैदल दूरी पर स्थित राष्ट्र विरोधी तत्व के ठिकाने की ओर अपने कमांडो साथियों के साथ चल पड़े। जब दल रास्ते में दो उग्रवादियों से टकराया तो भयंकर गोलीबारी होने लगी। कैप्टन अजय पासबोला अचूक और कारगर गोलीबारी का सामना करने के लिये जोरदारपूर्वक 15 मीटर दूरी पर मौजूद एक प्रमुख स्थान की ओर बढ़े तथा एक राष्ट्र विरोधी को मार गिराया जबकि दूसरे को हाथापाई के दौरान दबोच लिया। बाद में, इस राष्ट्र विरोधी की अपने घावों के कारण मृत्यु हो गई किन्तु इससे पहले उसने सैन्य दल को राष्ट्र विरोधी तत्वों के छिपने का स्थान बता दिया।

छिपने के स्थान पर पहुंचते ही उग्रवादी ने अन्दर से मशीनगन से भारी गोलीबारी तथा हथगोले फेंकने शुरू कर दिये। कैप्टन अजय पासबोला ने स्थिति का जायजा लिया और तत्काल ही रेंगते हुए उग्रवादी के छिपने के स्थान के ऊपर पहुंच कर दो हथगोले फेंके तथा उसके ठिकाने में घुसकर उग्रवादियों को बहुत निकट से मार गिराया। कैप्टन अजय पासबोला के निपुण नेतृत्व में इस कार्रवाई से तीन दुर्दांत उग्रवादियों का सफाया हुआ जिनमें से दो उग्रवादियों को उन्होंने स्वयं मार गिराया। इसके अलावा भारी संख्या में हथियार, गोलाबारूद तथा उपस्कर बरामद हुए।

इस प्रकार कैप्टन अजय पासबोला ने उग्रवादियों का सामना करते हुए उत्कृष्ट कोटि के निर्भीक नेतृत्व तथा वीरता का परिचय दिया।

12. मेजर मुरली धरन नायर एम एम (आई सी-44632)
30 असम राईफल्स

पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 अगस्त, 1997

05-06 अगस्त, 1997 को यूनाइटेड नेशनल लेफ्ट फ्रंट के छिपने के ठिकाने की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिलने पर मेजर मुरली धरन नायर एम० एम० ने विस्तार से योजना बना कर दुर्गम पहाड़ी भू-भाग, घनी झाड़ियों और अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों तथा घनी अन्धेरी रात में छः घण्टे के चलने बाद मणिपुर के इम्फाल जिले के थथिलोन गांव में पहुंच कर कार्रवाई करने के लिये एक सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व किया।

अचानक हमला करने के लिये सैन्य टुकड़ी सावधानीपूर्वक छिपते छिपाते छिपने के संदिग्ध ठिकाने तक पहुंच गई। शीघ्रता से जायजा लेने के बाद मेजर मुरली धरन नायर ने 06 अगस्त, 1997 को जब सभी इस मोर्चों पर डटने के बाद प्रातःकाल 04.30 बजे धावा बोलने की योजना बनाई। मेजर नायर ने अचानक धावे को कारगर बनाने के लिये वहां की भूमि तथा आड़ का सदुपयोग करते हुए स्वयं ही मुख्य छापामार टुकड़ी की अगुवाई की। जब वे एक झोपड़ी का निरीक्षण कर रहे थे तभी एक जाने भूमिगत उग्रवादी से उनका आमना सामना हो गया। उग्रवादी ने अपनी ए के-47 राइफल तान दी और इस अफसर पर गोली चलाने का प्रयास किया। मेजर नायर ने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादी के ऊपर छलांग लगा दी और उसकी राइफल की नाल को धकेलते हुए उस कुख्यात भूमिगत उग्रवादी को मार गिराया। इस पूरी कार्रवाई में सैन्य टुकड़ी ने भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया जो कि मणिपुर में प्रतिविद्रोही कार्रवाई के इतिहास में सबसे अधिक उल्लेखनीय रही है।

इस प्रकार, मेजर मुरली धरन नायर एम० एम० ने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए सुव्यवस्थित योजना, प्रेरक नेतृत्व तथा असाधारण साहस का परिचय दिया।

13. 4465089 सिपाही रौनकी सिंह, 19 राष्ट्रीय राइफल्स
(मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 अगस्त, 1997

12 अगस्त, 1997 को विशिष्ट सूचना मिलने पर जम्मू कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के टुहीम गांव में घेराबन्दी तथा तलाशी अभियान चलाया गया था।

इस अभियान के दौरान सिपाही रौनकी सिंह को एक मकान में संदिग्ध हलचल नजर आई। तत्काल ही उस मकान को घेर लिया गया। जैसे ही सिपाही रौनकी सिंह अपने साथी के साथ उस मकान में घुस रहे थे उग्रवादियों ने उन पर हथ-गोला फेंक दिया। मकान के अन्दर झपटते हुए सिपाही रौनकी सिंह ने उग्रवादियों का मुकाबला किया। ये उग्रवादी गोलियां बरसाते हुए सीढ़ियों से चढ़ते हुए भाग रहे थे। सिपाही रौनकी सिंह ने एक उग्रवादी को मार गिराया किन्तु इस कार्रवाई में उन्हें भी गोलियां लग गई। उनके शरीर से अत्यधिक रक्त स्राव हो रहा था किन्तु उन्होंने अन्य उग्रवादियों का पीछा किया तथा दूसरे उग्रवादी को घातक रूप से जख्मी कर दिया। किन्तु इस कार्रवाई में उनके सिर में गोली लग गई और उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। बाद में मारे गये उग्रवादी की एक उग्रवादी समूह के एरिया कमांडर के रूप में पहचान की गई। मकान की विस्तार पूर्वक तलाशी लेने पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए जिससे स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर एक संभावित विस्फोट को टाला जा सका।

इस प्रकार, सिपाही रौनकी सिंह ने अदम्य साहस, कर्तव्य परायणता का परिचय दिया तथा देश के लिये सर्वोच्च बलिदान किया।

14. मेजर अशीश भटनागर, (मरणोपरांत)
(आई० सी०-48109),
6 सिख लाइट इंफैंट्री।

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 अगस्त, 1997

16 अगस्त, 997 को मेजर अशीश भटनागर को भारत-पाक सीमा पर रावी नदी के निकट गुरदास पुर जिले के संवेदनशील लाहएज एंक्लेव में संक्रियात्मक ड्यूटी पर तैनात किया गया था।

इस कार्रवाई मिशन के दौरान लगभग, 5.45 बजे अपराह्न इस अफसर और उसके नौ साथियों को ले जा रही नौका रावी नदी में पलट गई। मेजर अशीश भटनागर जो कमांडो अनुदेश और हर कार्य में सहज रूप से आगे रहने के लिए जाने जाते थे, नदी की तेज धारा में कूद पड़े और अपनी लाइफ जैकेट एक अन्य अफसर को दे दी और इस तरह उस अफसर को निश्चित मौत से बचा लिया।

एक बार फिर मेजर अशीश भटनागर अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए बिजली सी तेजी से आगे बढ़े और एक अन्य डूबते हुए सैनिक को उसके शस्त्र सहित तेज धारा से बचाकर ले आए और यह बचाव कार्य करते-करते वे स्वयं नदी की प्रचंड धारा में फंस गए। एक वीर नायक की भांति मौत को गले लगाते समय भी उन्हें सर्वाधिक चिंता अपने साथियों की सुरक्षा की थी इसलिए अपने साथियों के लिए उनके अंतिम शब्द थे 'पकड़े रहो तुम्हें कुछ नहीं होगा' और 'मेरे पीछे मत आओ, यहां धारा बड़ी प्रचंड है'।

इस प्रकार मेजर अशीश भटनागर ने अपने साथियों को बचाने में असाधारण वीरता, अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

15. जी० एस०–154461 एक्स (मरणोपरांत)
ऑपरेटर उत्खनन मशीनरी
गोविन्द सिंह, बी० आर० डी० बी० ।

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 अगस्त, 1997

परियोजना स्वास्तिक की 86 सड़क निर्माण कंपनी के तहत 162 फार्मेशन कटिंग प्लाटून के ऑपरेटर उत्खनन मशीनरी गोविन्द सिंह सिक्किम में सैम्बलिंग-चुंग मार्ग पर निर्माण कार्य के सम्बन्ध में उत्खनन के लिए लगाए गए डोजर के प्रभारी थे ।

दिनांक 12 से 15 अगस्त, 1997 के बीच हुए भारी भूस्खलन के कारण 20.60 कि० मी० सिंगु पर चुंगथांग-लाचुंग मार्ग अवरुद्ध था । निरन्तर हो रहे भूस्खलनों और ऊपर से फिर से पत्थरों के कारण इस दौरान संसाधनों को कार्य पर नहीं लगाया जा सका । एकमात्र संपर्क मार्ग होने के कारण चुंगथांग-लाचुंग मार्ग अवरुद्ध हो जाने से नागरिक आबादी को बड़ी कठिनाई और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था ।

भूस्खलन का मलबा हटाने का चुनौतीपूर्ण कार्य 16 अगस्त, 1997 को ओ० ई० एम० गोविन्द सिंह को सौंपा गया । अनुकरणीय साहस, धैर्य और असाधारण कर्तव्य परायणता जिसमें मिशनरी जैसा उत्साह शामिल था, का प्रदर्शन करते हुए ओ० ई० एम० गोविन्द सिंह ने ऊपर से गिर रहे पत्थरों के बावजूद देर शाम तक अपना कार्य पूरा कर लिया । इस बीच एक बड़ा पत्थर श्री गोविन्द सिंह पर आ गिरा जिससे वे घातक रूप से जख्मी हो गए । उन्हें नजदीक के ए० डी० एस० में ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया ।

इस प्रकार ओ० ई० एम० गोविन्द सिंह ने असाधारण कोटि की कर्तव्य परायणता, अत्यंत विषम परिस्थितियों में दृढ़ संकल्प शक्ति और निर्भीक साहस का परिचय दिया और सीमा सड़क संगठन की सर्वोच्च परंपराओं का निर्वाह करते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया ।

16. सेकंड लेफ्टिनेंट सरसर मुकुंद एम०,
(आई० सी०–56897),
17 बिहार ।

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 अगस्त, 1997

19 अगस्त, 1997 को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में बरसू गांव की तलाशी के दौरान सेकंड लेफ्टिनेंट मुकुंद और उनके दल पर लगभग 250 मीटर की दूरी पर स्थित दो मकानों से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी होने लगी । यह अफसर तुरंत हरकत में आ गए और रेंगते हुए एक मकान की ओर बढ़ा ।

दोनों मकानों से हो रही गोलियों की बौछार की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने खिड़की से एक हथगोला भीतर फेंका जिससे एक आतंकवादी जख्मी हो गया और बचकर भागने के लिए धान के खेतों में कूद पड़ा । इस अधिकारी ने एकदम सही अंदाजा लगाते हुए उसे धर दबोचा और बिल्कुल नजदीक से उस पर गोली चलाकर उसे मार गिराया । इसी बीच दोनों मकानों के बीच फंसे उनके दल पर अन्य दो आतंकवादी अंधाधुंध गोलियां चला रहे थे । सेकंड लेफ्टिनेंट मुकुंद ने अपने दल को इस तरह से पुन: व्यवस्थित किया कि उनकी भयंकर व अचूक गोलीबारी से दोनों आतंकवादी जख्मी हो गए । अपने को घिरा हुआ समझकर आतंकवादी रेंगते हुए बाहर निकले और खाई की ओर बढ़े और सेकंड लेफ्टिनेंट मुकुंद के दल पर हथगोले फेंकने लगे । इस अधिकारी ने तेजी से रेंगते हुए सुरक्षित व मजबूत स्थिति में पहुंचकर और बड़ी नजदीक से गोलीबारी में अकेले ही उन दोनों आतंकवादियों को मार गिराया । इस कार्रवाई में तीन ए० के० राइफलें और गोली बारूद बरामद हुए ।

सेकंड लेफ्टिनेंट सरसर मुकुंद एम० ने भारी गोलीबारी के बीच अपनी सुरक्षा की बेशकीमत भी परवाह न करते हुए दृढ़ संकल्प शक्ति, अदम्य साहस और उच्चकोटि के सैन्य नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

17. कर्नल प्रदीप सिंह राठी (आई० सी०–34458),
17 बिहार ।

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अगस्त, 1997

24 अगस्त, 1997 को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले के बंदहामा गांव में भाड़े के विदेशी आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में पक्की सूचना प्राप्त होने पर कमान अफसर प्रदीप राठी खेरी से उस गांव की ओर रवाना हो गए और वहां पहुंचकर आतंकवादियों के भागने के सभी रास्तों को सील करने के लिए की गई घेराबंदी का पर्यवेक्षण किया ।

खतरे को भांपकर आतंकवादियों ने आव न फाव में वहां से निकल भागने के लिए कमान अफसर के दल पर अंधाधुंध गोलियां चलाकर उनके घेरे को तोड़ने का प्रयास किया । कर्नल प्रदीप सिंह राठी ने अपने जीवन व शरीर की परवाह किए बिना भागते हुए आतंकवादियों पर स्वचालित हथियारों से जबरदस्त और अचूक गोलीबारी शुरू कर दी और दो आतंकवादियों को वहीं ढेर कर दिया । शेष दो आतंकवादी बड़े-बड़े पत्थरों की आड़ में छुप गए और रुक रुककर गोलीबारी करने लगे । जिन पत्थरों के पीछे आतंकवादी छुपे हुए थे, उनकी पहचान कर कर्नल प्रदीप सिंह राठी अपने साथी के साथ रेंगते हुए आगे बढ़े और पहले से अनुमान कर आतंकवादियों के छुपे होने के स्थान के पार्श्व में पहुंचे और आतंकवादियों के छुपे होने के स्थान पर दो हथगोले फेंके । जैसे ही एक जख्मी आतंकवादी बहुतबासी में भागने के प्रयास में कमान अफसर पर अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए उन पर टूटा, कर्नल प्रदीप सिंह राठी ने नजदीकी गोलीबारी में उसे वहीं ढेर कर दिया । इस

कार्रवाई में उन्होंने तीन दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया और तीन ए के राइफलें और गोलियां बरामद किया ।

इस प्रकार कर्नल प्रदीप सिंह राठी ने बहादुरी से अपने जवानों का नेतृत्व करते हुए समाधात दृढ़ता तथा सामरिक सूझबूझ का परिचय दिया ।

18. 4464942. नायक सतपाल चन्द 19 राष्ट्रीय रायफल

(मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अगस्त, 1997

दिनांक 24 अगस्त, 1997 को नायक सतपाल चन्द समाघात सहायता दल के सदस्य के रूप में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंजगेम गांव के लिए चले जहां आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ होने की सूचना मिली थी।

घटनास्थल पर पहुंचकर उन्हें पता चला कि बुरी तरह से जख्मी एक अफसर आतंकवादियों की गोलीबारी के बीच फंसा हुआ है जिसे तुरंत वहां से निकालना है । अतः नायक सतपाल चन्द और अन्य सैनिक कवरिंग फायर करने लगे और उनके दल के अन्य सदस्य जख्मी अफसर को निकालने के लिए बढ़े । तभी उन पर आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों और हथगोलों से धावा बोल दिया जिससे दल के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

अपने साथियों की जान को खतरा भांपकर नायक सतपाल अविचलित भाव से आक्रमण का गोलियों की बौछार से एक विदेशी भाड़े के आतंकवादी को मार गिराया । अपने गहरे जख्मों के बावजूद नायक सतपाल चंद आतंकवादियों पर गोलियां बरसाते रहे और हथगोले फेंकते रहे । उनके इस साहसिक कार्य से आतंकवादी हतप्रभ रह गए और भागने पर मजबूर हो गए । इस प्रकार नायक सतपाल चंद ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर अपने जख्मी साथियों को शीघ्रता से बचाए जाने के कार्य को आसान बना दिया । बाद में 24 अगस्त, 1997 को नायक सतपाल चंद का मृत शरीर एक मृत आतंकवादी से मुश्किल से 1 मीटर की दूरी पर पड़ा मिला ।

इस प्रकार नायक सतपाल चंद ने आतंकवादियों के साथ संघर्ष अदम्य शौर्य तथा आत्म बलिदान की भावना का प्रदर्शन किया ।

19. मेजर जितेन्दर सिंह शेखावत (आई० सी० 47112) 34 राष्ट्रीय रायफल

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 सितम्बर 1997

दिनांक 08 सितम्बर, 1997 को जम्मू और कश्मीर के बड़गाम जिले के दरांग नामक जंगल के खड़ी चढ़ाई तथा घने वन वाले वनों की तलाशी के लिए कई कम्पनियों को सैन्य टुकड़ियों द्वारा अभियान चलाया गया था। मेजर शेखावत उनको बताए गए मार्ग से चलते हुए कीचबल ढोक तक पहुंच गए।

जब इनका दल ढोक के पास पहुंचने ही वाला था तभी एक उग्रवादी एक ढोक से बाहर निकले। इस अधिकारी ने तुरन्त बुद्धि तथा अद्भुत निशानेबाजी दिखाते हुए इस उग्रवादी को खत्म कर दिया। इसके बाद वे तुरंत उस ढोक तक पहुंच गए जहां से स्वचालित हथियार से गोलीबारी हो रही थी तथा स्वयं गम्भीर खतरे का सामना करते हुए ढोक के अन्दर ग्रेनेड फेंक दिया जिससे दूसरा उग्रवादी भी मारा गया। इसी समय पास के ढोक से तीन उग्रवादियों ने इनकी ओर दौड़ते हुए अन्धाधुन्ध गोलीबारी शुरू कर दी। परिणामस्वरूप मेजर शेखावत से केवल दो मीटर दूर खड़ा एक जवान गोली लगने से गिर पड़ा और मेजर शेखावत के बाईं जांघ पर भी गोलियों की बौछार पड़ी ।

गम्भीर रूप से घायल होते हुए भी इस अधिकारी ने तुरन्त जवाबी गोलीबारी करते हुए तीसरे उग्रवादी को घायल कर दिया तथा साथ ही वह अपने साथियों को उग्रवादियों को घेरे रखने का निर्देश देते रहे ताकि वे भाग न सकें। वे तब तक स्थिति पर नियंत्रण किये रहे जब तक कि दूसरी कम्पनी ने आकर शेष उग्रवादियों को मार गिराया । इस अधिकारी ने अपनी कार्रवाई में न केवल अकेले ही तीन उग्रवादियों को मार गिराया वरन शेष उग्रवादियों को भी भागने नहीं दिया।

इस प्रकार मेजर जितेन्दर सिंह शेखावत उग्रवादियों से लड़ते हुए उच्च श्रेणी की वीरता तथा सामरिक कौशल का परिचय दिया।

20. 14400970 लांस नायक सविन्द्र सिंह, 25 राष्ट्रीय रायफल्स (मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 सितम्बर, 1997।

दिनांक 8 सितम्बर, 1997 को जम्मू और कश्मीर के डोडा जिले के कन्कोरियरी जंगलों में शुरू किये गये एक अभियान के दौरान लांस नायक सविन्द्र सिंह को एक सैन्य टुकड़ी का अग्रिम स्काउट बनाया गया था।

9.15 बजे पूर्वाह्न जब वे घने जंगल के बीच बढ़ रहे थे तो उन्होंने चार उग्रवादियों को भागते देखा। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए इन उग्रवादियों का पीछा करके उन पर गोलीबारी कर दी। यह देखकर उग्रवादियों ने अन्धाधुन्ध गोलीबारी शुरू कर दी जिससे लांस नायक सविन्दर सिंह के पेट पर ए० के०-56 की गोलियां घुस गईं अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे आगे रेंगते हुए भागते हुए उग्रवादियों पर टूट पड़े और एक उग्रवादी को मौत के घाट उतार दिया जबकि दूसरे को बुरी तरह घायल कर दिया। इस कार्रवाई में उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

इस प्रकार लांस नायक सविन्द्र सिंह ने उग्रवादियों से लड़ते हुए असाधारण वीरता, साहस, दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय दिया तथा भारतीय सेना की उच्च परम्परा के अनुसार अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

21. जे० सी० 578526 नायब सूबेदार बंसी लाल शर्मा, जम्मू और कश्मीर रायफल्स (मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख 14 सितम्बर, 1997

दिनांक 14/15 सितम्बर, 1997 की रात्रि में विशिष्ट सूचना मिलने पर जम्मू और कश्मीर के बारामूला जिले के पथर गांव में तलाशी तथा मुठभेड़ अभियान के लिये एक कम्पनी भेजी गई थी।

नायब सूबेदार बंसीलाल शर्मा को अपनी प्लाटून के साथ एक दोमंजिला मकान को घेर कर उसकी तलाशी लेने का काम सौंपा गया था। इस प्लाटून की कार्रवाई पर एक दूसरे मकान के प्रथम मंजिल पर फंसे हुए उग्रवादियों ने भयंकर गोलीबारी शुरू कर दी। नायब सूबेदार बंसी लाल शर्मा अपने साथी द्वारा की जा रही गोलीबारी की आड़ में आगे रेंग गये और घास से भरे एक कमरे में हथगोला फेंक दिया जिससे घर में आग लग जाने पर उग्रवादियों को भूतल पर उतर आना पड़ा। दिनांक 14 सितम्बर की इस घमासान लड़ाई के दौरान नायब सूबेदार बंसी लाल अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए उस मकान के 20 मीटर नजदीक पहुंच गये तथा एक हथगोला फेंकने के साथ ही उस कमरे को ए० के० 47 रायफल की गोलियों से छलनी कर दिया। इस मुठभड़ में दो दुर्दांत आंतकवादी मारे गये परन्तु उनके घातक रूप से घायल होने के परिणामस्वरूप 10.30 बजे रात्रि में मृत्यु हो गई।

इस प्रकार नायब सूबेदार बंसी लाल शर्मा ने भारतीय सेना की उच्च परंपरा के अनुसार उच्च कोटि के शौर्य का प्रदर्शन किया और उग्रवादी संगठन को भारी चोट पहुंचाई।

22. 183807 राइफल मैन अशोक कुमार गुरूंग, 18 असम रायफल

पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 23 सितम्बर, 1997

दिनांक 23 सितम्बर, 1997 को राइफल मैन अशोक कुमार एक सिविल वाहन में पूर्वी सैक्टर के बेलचारा में अपनी पैट्रोल पार्टी के साथ जा रहे थे। प्रातः 8.50 बजे इस वाहन पर भगौड़े उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला बोल दिया। रायफलमैन गुरूंग ने इस अवसर पर अत्यन्त सहनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया और उग्रवादियों की भारी गोली बारी में अपनी जान के खतरे को देखते हुए भागते वाहन से कूदकर जमीन पर पोजीशन ले ली और भगौड़ों का सामना करने लगे।

अचानक इन भगौड़ों द्वारा फेंका गया एक हथगोला इनके नजदीक फटा और उसका एक टुकड़ा इनकी जांघ में घुस गया। बुरी तरह से खून बहने के बावजूद रायफलमैन अशोक कुमार गुरूंग ने अपने मृत साथी की लाइट मशीनगन उठा ली और तुरन्त घात में बैठे हुए शत्रु की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। जो भगौड़े उग्रवादी इस वाहन की ओर बढ़ रहे थे वे इस अचानक गोलीबारी से घबरा गये और घायल होकर भाग गये। रायफलमैन गुरूंग ने तब तक वहां से हटने से मना कर दिया जब तक कि सभी आंतकवादी मारे नहीं गये और उनके जख्मी साथी वहां से सुरक्षित स्थानों तक नहीं पहुंचाये गये। उनकी इस असाधारण सहनशक्ति से बाकि त्वरित कार्रवाई बल में नया जोश आया और इसके बाद उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त कार्रवाई में चार उग्रवादियों को मार गिराया तथा चार कारगर औजारों को बरामद किया। रायफल मैन गुरूंग की इस कार्रवाई से ही उग्रवादियों की घात का जवाब सफलता से दिया जा सका तथा पैट्रोल पार्टी को किसी भी हथियार उपस्कर की भी हानि नहीं हुई।

इस प्रकार रायफल मन अशोक कुमार गुरूंग ने उग्रवादियों के साथ लड़ते हुए अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए असाधारण वीरता तथा शौर्य का परिचय दिया।

23. 2474659 नायक चिरंजीव लाल, 13 पंजाब (मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख 18 अक्तूबर 1997

दिनांक 18 अक्तूबर 1997 को नायक चिरंजीव लाल जम्मू कश्मीर के पुलवामॉ जिले के राजपुरा में घेराबन्दी तथा तलाशी अभियान में एक सेक्शन का नेतृत्व कर रहे थे। उनकी सन्देह से परे वीरता तथा निस्वार्थ कर्त्तव्यपरायणता को देखते हुए उन्हें आंतरिक घेरे में रखा गया था।

6.30 बजे अपराह्न को नायक चिरंजीव लाल ने उन उग्रवादियों पर भयंकर गोलीबारी शुरू कर दी जोकि उनके सेक्शन को निशाना बना रहे थे। अपने साथियों को भयंकर खतरे में फंसा पाकर वे अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उग्रवादियों की ओर रेंगते हुए गए और एक उग्रवादी को मार डाला। इसके साथ ही दूसरे उग्रवादी ने गोलीबारी शुरू कर दी और उनकी बांह में गोली लग गई। वे अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने साथियों को भयंकर स्टीक गोलीबारी से बचाने के लिए धीरे धीरे सरकते हुए बढ़े और उग्रवादी के साथ गुथ गए जिससे उग्रवादी की मृत्यु हो गई। परन्तु यह बहादुर सैनिक 18 अक्तूबर 1997 को अपनी चोटों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गया।

इस प्रकार नायक चिरंजीव लाल ने असाधारण पहल, उत्कृष्ट तथा अनन्य साहस का परिचय देते हुए अपना जीवन देकर भी अपने साथियों का जीवन बचाया।

24. मेजर सज्जन सिंह गहलावत (आई सी–47700) 9 मद्रास (मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख 23 अक्तूबर 1997

दिनांक 23 अक्तूबर 1997 को मेजर सज्जन सिंह गहलावत जब उत्तरी सेक्टर में सांगीलियन गांव में तलाशी अभियान चला रहे थे तो उन पर उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी शुरू कर दी गई जिसमें एक सैनिक मारा गया।

मेजर गहलावत ने जब देखा कि उनके साथी चारों ओर से खुले स्थान पर भयंकर खतरे में फस गए हैं और उग्रवादियों के मुकाबले खराब स्थिति पर हैं तो उन्होंने अत्यन्त साहस के साथ एक ओर आकर उग्रवादियों से मोर्चा ले लिया जिससे उनका एक घायल साथी सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा सके। इसके बाद अपनी सुरक्षा की कतई परवाह न करते हुए बिना घबराए गोलियों की बौछार के बीच बढ़ते गए और उनके छिपने के स्थान पर हथगोला फैंक दिया। इस कार्रवाई के दौरान वे गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने वहां से हटने से मना कर दिया। वे उग्रवादियों से मोर्चा लेते रहे और अपनी टुकड़ी की ओर उनकी गोलीबारी का रुख नहीं होने दिया जिससे उनकी टुकड़ी सुरक्षित स्थान पर पहुंच गई। परन्तु वे अपनी चोटों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार मेजर सज्जन सिंह गहलावत ने अदम्य साहस और हिम्मत तथा उच्च कोटि की पहल दर्शाते हुए उग्रवादियों के साथ लड़ते हुए जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

25. मेजर कंवर जयदीप सिंह (आई सी–45120)
से मे, 5 डोगरा

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 नवम्बर, 1997

दिनांक 5 नवम्बर, 1997 को मेजर कंवर जयदीप सिंह का सामना असम के टिहू कस्बे में दो मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों से हुआ। अकेले वाहन में अपूर्व पीछे के बाद और लगातार गोलीबारी का सामना करते हुए इस अधिकारी ने एक उल्फा एरिया कमांडर को मार डाला तथा दूसरे को घायल कर दिया।

इसके बाद 14 दिसम्बर, 1997 को पुन: इस अधिकारी ने बोरखोटी क्षेत्र में तीन उग्रवादियों का पहले वाहन से तथा इसके बाद पैदल ही पीछा किया तथा उग्रवादियों द्वारा फैंके जा रहे हथगोले से अपनी जान की कतई परवाह न करते हुए एक उग्रवादी को मार डाला।

इसी तरह की घटना की पुनरावृत्ति करते हुए और अत्यन्त दु:साहसिक कृत्य में केवल दो अन्य जवानों के साथ इस अधिकारी ने 8 फरवरी, 1998 को बारीमाखा के उग्रवादी एरिया कमांडर को मार गिराया तथा दो चीनी ग्रेनेड बरामद किए।

इस अधिकारी की नेतृत्व क्षमता उस समय सामने आई जब उसने स्थानापन्न कमान अधिकारी के रूप में 21-22 सितम्बर, 1997 तथा 07-08 अक्तूबर, 1997 को दो सफल कार्रवाइयों के दौरान अपने अधीनस्थों की हिम्मत बढ़ाई जिसमें की एस टी एफ के चार उग्रवादी मारे गए और तीन पकड़े गए तथा उल्फा के तीन उग्रवादी मारे गए और एक पकड़ा गया। एक अमरीकी कारबाइन, एक अमरीका निर्मित पिस्तोल तथा एक .38 रिवाल्वर बरामद किया गया।

इस प्रकार मेजर कंवर जयदीप सिंह एस एम ने अनुकरणीय हिम्मत असाधारण वीरता तथा उच्चतम स्तर के नेतृत्व का परिचय दिया।

26. मेजर अजय सिंह चौहान (आई सी–42464)
से मे, 3 महार

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 नवम्बर, 1997

दिनांक 12 नवम्बर, 1997 को एक विश्वसनीय सूत्र ने मेजर अजय सिंह चौहान को बताया कि असम के नार्थ लखीमपुर क्षेत्र में सुबांसीरी और चगर नदियों के मध्य स्थित बार चपारी में उग्रवादियों का एक दल इकट्ठा हुआ है।

एक दुर्दांत उग्रवादी के नेतृत्व में यह दल माजुली से स्थानीय व्यापारियों से रुपया ऐंठने और उन्हें डराने धमकाने के लिए घुसा था। मेजर ए एस चौहान ने इस सूचना से बात की तथा तत्काल एक योजना बनाई। इसी बीच एक अन्य अधिकारी के नेतृत्व में एक त्वरित कार्रवाई दल का गठन करके उसे अल्पसूचना पर कार्रवाई के लिये तयार रहने के लिये कह दिया गया था। यह त्वरित कार्य दल दो दलों में बांट दिया गया। एक दल का नेतृत्व मेजर ए० एस० चौहान कर रहे थे। यह दल घातस्थल पर पहुंचा और वे फार्म बांस की झोपड़ियों में मोर्चा लगाकर इन्तजार करने लगे।

दूसरे दिन लगभग 10.00 बजे पूर्वाह्न चार सशस्त्र उग्रवादी घहघर नदी को पार करके दो नावों में उस स्थान पर नदी के किनारे पहुंचे जहां घात लगाई गई थी। मेजर ए० एस० चौहान ने जब उग्रवादियों को चेतावनी दी तो उन्होंने आड़ लेकर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। मेजर ए० एस० चौहान अपनी ए के 47 राइफल से गोलीबारी करते हुए आड़ लेने के लिये एक ओर कूद गये। क्योंकि उग्रवादी फैलकर नदी के किनारे पर आड़ लिये हुए थे इसलिये मेजर ए० एस० चौहान ने उन्हें वहीं समाप्त करने का फैसला लिया। उन्होंने एक अन्य सैनिक के साथ जोड़ा बनाकर 75 मीटर के खुले क्षेत्र से दौड़ लगाई और एक उग्रवादी को मार गिराया। ये उग्रवादी नदी में गिरे और नदी में बह गये। इन उग्रवादियों की मौत से संतुष्ट न होकर मेजर ए० एस० चौहान ने तुरंत नदी के तल की तलाशी की व्यवस्था की जिसमें मछली पकड़ने के जालें तथा ग्रामीण नावों का प्रयोग किया गया। इस तलाशी में कुछ हथियार गोलाबारूद बरामद हुआ।

इस प्रकार मेजर अजय सिंह चौहान ने खतरे का सामना करते हुए अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता, निडरता तथा असाधारण आत्मनियंत्रण का परिचय दिया।

27. 13615366 हवलदार राजबीर सिंह, 9 परा

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 नवम्बर, 1997

19 नवम्बर, 1997 को हवलदार राजबीर सिंह, को पुंछ जिले (जम्मू-कश्मीर) में सक्रिय एक दल का नेतृत्व सौंपा गया। स्वयं एकत्रित की गई गुप्त सूचना के आधार पर यह दल चार दस्तों में सौकी-की-दोमेल क्षेत्र में एक मिशन पर चल पड़ा।

उनमें से एक दस्ते का नेतृत्व कर रहे हवलदार राजवीर ने 3–4 आतंकवादियों को देखते ही अपने दस्ते को तुरंत गोली चलाने का आदेश दिया। यह भांपते हुए कि आतंकवादी जंगल की ओर भाग जाएंगे, उन्होंने आतंकवादियों पर टूट पड़ने का निर्णय लिया। उनके इस प्रकार टूट पड़ने से आतंकवादी अचंभित और स्तंभित रह गए। इसी बीच हवलदार राजवीर ने एक आतंकवादी के सिर पर गोली मारकर उसे मार गिराया।

इसके बाद एक आतंकवादी ने खड़ी चढ़ाई की ओर बने जंगल का फायदा उठाते हुए जबरदस्त गोलीबारी आरंभ कर दी। गोलियों की पहली बौछार राजवीर सिंह की बांह में लगी। हवलदार राजवीर सिंह और उनके दस्ते पर आतंकवादियों की नजर पड़ गई और उन पर भयंकर गोलीबारी होने लगी। हवलदार राजवीर सिंह यह भांपते हुए कि अब उनके दस्ते को सर्वनाश से बचाने के लिए अपने जख्मों और सामने से आती हुई गोलियों की बौछार की परवाह किए बिना स्थिति से निपटने के लिए तैयार हो गए। वह असाधारण वीरता का परिचय देते हुए हथगोले फेंकते हुए आगे बढ़े जिससे एक अन्य आतंकवादी भी मारा गया। एक बार फिर आतंकवादियों द्वारा फेंके गए एक गोले के फटने से उन्हें कई जख्म लग गए। उनके शरीर से निरंतर रक्त बहने के बावजूद वे अपने दस्ते को आतंकवादियों पर प्रभावकारी गोलीबारी करते रहने के अनुदेश देते रहे। उनके इस दुस्साहसपूर्ण कार्य के आगे आतंकवादी अधिक देर टिक न सके और भाग खड़े हुए। इस संपूर्ण कार्रवाई में तीन विदेशी आतंकवादी सरगना मारे गए तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अतिरिक्त इस कार्रवाई में तीन ए० के० 47 राइफलें कंधे पर रखकर चलाई जाने वाली एक विमानभेदी एस०ए०एम० 7 मिसाइल भी बरामद हुई।

इस प्रकार हवलदार राजवीर सिंह ने आतंकवादियों के साथ संघर्ष में वाकित्व से बढ़कर वीरता तथा अदम्य साहस का परिचय दिया।

28. स्क्वाड्रन लीडर मोहम्मद शाहजहां मोहम्मद नसीर (17012) फ्लाईंग (पायलट)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 नवम्बर, 1997

स्क्वाड्रन लीडर मोहम्मद शाहजहां मोहम्मद नसीर 31 मार्च, 1997 से वायुसेना की 117 हेलिकाप्टर यूनिट की सैमाती नफरी पर हैं और फ्लाइट कमांडर के रूप में कार्यरत हैं।

27 नवम्बर, 1997 को स्क्वाड्रन लीडर नसीर को सोलंग-व्यास कुंड के बर्फ से ढके क्षेत्र में हिम व भूस्खलन अध्ययन स्थापना के तीन कार्मिकों को ढूंढकर उन्हें वहां से निकाल लाने का कार्य सौंपा गया। धुंधले प्रकाश के बावजूद उन्होंने जमीनी खोजी दल तथा अचेतन अवस्था में एकमात्र जीवित कार्मिक को ढूंढ लिया। उन्होंने बर्फ से ढके क्षेत्र में अत्यंत दुष्कर परिस्थितियों में एक खड़ी ढलान के निकट हेलिकाप्टर उतार दिया। किंतु अत्यंत दुष्कर जमीनी स्थितियों और बढ़ते अंधेरे के कारण जमीनी खोजी दल घायल कार्मिक को हेलिकाप्टर तक नहीं ला सका। स्क्वाड्रन लीडर नसीर अगले दिन पौ फटते ही वहां पहुंच गए तथा मुलायम बर्फ के चक्कर काटते हुए केवल एक स्की को भूमि पर टिकाकर उस अकेले जीवित कार्मिक को निकाल लाने में सफल रहे उसके बाद स्क्वाड्रन लीडर नसीर ने दो उड़ाने और भरीं और जमीनी खोजी दल के निठाल सदस्यों और दो मृतकों को भी निकाल लाए।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर मोहम्मद शाहजहां मोहम्मद नसीर ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिवेश में अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अनुकरणीय साहस और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

29. 2592459 नायक यमा शिवशंकर रेड्डी, 9 जाट्स (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 दिसम्बर, 1997

नायक यमा शिवशंकर रेड्डी उस तलाशी दल में शामिल थे जिसे 06 दिसम्बर, 1997 को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के खेत नामक गांव की तलाशी का दायित्व सौंपा गया।

जब तलाशी का कार्य चल रहा था तभी आतंकवादियों ने एक मकान के भीतर से तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। तत्काल उस मकान को घेर लिया गया। चार घंटे की लगातार गोलीबारी के बावजूद आतंकवादियों की ओर से फायरिंग जारी रही। लगभग 1630 बजे नायक यमा शिवशंकर रेड्डी स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए और अंधेरे में आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उक्त मकान के भीतर हथगोला फेंकने के लिए स्वेच्छा से आगे बढ़ने की इच्छा व्यक्त की। जब वे रेंगते हुए उस मकान की ओर बढ़ रहे थे तभी उन्हें हथगोले के टुकड़े आ लगे। जख्मी होने के बावजूद नायक यमा शिवशंकर रेड्डी ने उस मकान के अंदर हथगोला फेंका। तभी एक आतंकवादी तेजी से बाहर निकला और अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे नायक यमा शिवशंकर रेड्डी गंभीर रूप से घायल हो गए। फिर भी उन्होंने उस हमलावर आतंकवादी को भागने से पहले मार गिराया। अपने जख्मों के कारण वे वहां से हटाए जाने से पहले ही वीरगति को प्राप्त हो गए।

नायक यमा शिवशंकर रेड्डी ने आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस, धैर्य, निस्वार्थ कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और कर्तव्य से बढ़कर वीरता दिखाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

30. मेजर मोहनदास के० (आई० सी० 42095) 5 बिहार

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 दिसम्बर, 1997

26/27 दिसम्बर, 1997 को 5 बिहार द्वारा असम के नलबाड़ी जिले के गुआबाड़ी में आतंकवादी शिविर पर धावा बोलकर उसे नष्ट करने के लिए एक कार्रवाई की गई।

मेजर मोहनदास के० ने उक्त शिविर का अंदाजा करके चुपचाप भूखंडों को चिन्हित किया और आतंकवादियों द्वारा कामचलाऊ विस्फोटक के दो विस्फोटों, ए० के० 56 राइफलों और युनिवर्सल मशीन गन-86 की भारी गोलीबारी के बावजूद निर्भय उस शिविर तक पहुंच गए। मेजर मोहनदास के० अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना आगे बढ़े और यू० एम० जी०-86 से गोलीबारी कर रहे आतंकवादी को बिल्कुल नजदीक जाकर मार गिराया। मेजर मोहनदास की इस हौसला बढ़ाने वाली कार्रवाई से उक्त शिविर तक पहुंचना आसान हो गया और उन्होंने एक अन्य आतंकवादी को भी गोली मारकर जख्मी कर दिया। अपने कमांडर के अदम्य साहस से प्रेरित होकर छापामार दस्ता भागते हुए आतंकवादियों पर टूट पड़ा और एक आतंकवादी को मार डाला तथा एक अन्य को घायल कर दिया जो भागने में सफल हो गया। छापामार दस्ते ने दो ए०के०-56 राइफलें एक यू०एम०जी०-86, दो प्वाइंट 303 राइफलें, ए० के० राइफलों की 260 गोलियां, दो राकेट प्रक्षेपक तथा बड़ी मात्रा में उपस्कर और दस्तावेज बरामद किए।

इस प्रकार मेजर मोहनदास के० ने आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में असाधारण साहस, प्रेरणादायक नेतृत्व, अनुकरणीय कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

31. सेकंड लेफ्टिनेंट विवेक सजवान (एस० एस० 36843) सेना सेवा कोर

(मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 जनवरी, 1998

5/6 जनवरी, 1998 को घातक प्लाटून के कमांडर सेकंड लेफ्टिनेंट विवेक सजवान को जम्मू-कश्मीर की पओनी तहसील में दो सशस्त्र आतंकवादियों को खोजने का कार्य सौंपा गया। घनी झाड़ियों, लम्बी-लम्बी बेलों तथा कांटेदार झाड़ी का दुरूह जंगल होने के कारण यह एक कठिन कार्य था। लगभग 12.30 अपराह्न बजे आतंकवादियों ने इस प्लाटून पर अचूक निशानेबाजी शुरू कर दी। आसन्न खतरे के बावजूद सेकंड लेफ्टिनेंट विवेक सजवान आगे बढ़ते रहे। लगभग 3 बजे नं० 1 स्काउट के बुलेट प्रूफ पटका पर गोलियां आ लगीं। आतंकवादियों का तुरंत सफाया करने के इरादे से यह युवा अफसर स्काउट नं० 2 के साथ आगे बढ़ा। उनके इस दुस्साहसिक हरकत से घबराकर आतंकवादी स्काउट की ओर मुड़ा और उसकी टांग और पीठ पर गोलियां चलाकर उसे जख्मी कर दिया। सैन्य जवान की जान को खतरा भांपते हुए यह युवा अफसर अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उस जवान को वहां से हटाने के लिए तेजी से आगे बढ़ा। अपने इस असाधारण प्रयास से सेकंड लेफ्टिनेंट विवेक सजवान ने उस आतंकवादी को मार गिराया, किन्तु इस कार्रवाई में उनकी पीठ पर भी गोलियां लग गईं और वे गंभीर रूप से जख्मी होकर वीरगति को प्राप्त हुए।

इस प्रकार सेकंड लेफ्टिनेंट विवेक सजवान ने आतंकवादियों के साथ संघर्ष करते हुए असाधारण साहस और वीरता का परिचय दिया और अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया।

32. जी० एस० 177429 के सुपरिन्टेंडेंट बी/आर ग्रेड-जनगिती कृष्ण मूर्ति बी०आर०डी०बी०

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 जनवरी, 1998

54, सड़क निर्माणी कंपनी (बी०आर०डी०बी०) परियोजना हिमांक के तहत 491 सड़क अनुरक्षण प्लाटून के सुपरिटेंडेंट बी/आर ग्रेड-II जनगिती कृष्ण मूर्ति 18,300 फुट की ऊंचाई पर विश्व के सर्वाधिक ऊंचे मोटर मार्ग खारदुंगला टॉप पर प्रभारी पर्यवेक्षक के रूप में तैनात थे।

15 जनवरी, 1998 को 21 सेना और सिविलियन वाहनों और 45 यात्रियों को ले जा रही एक बड़ा काफिला 11.30 बजे पूर्वाह्न लेह मार्ग पर साउथ पुल से चलना आरंभ हुआ। इस मार्ग पर तापमान शून्य से 32 सेल्सियस नीचे था और मौसम बहुत खराब था। लगभग 3.30 बजे अपराह्न बर्फीला तूफान आरंभ हो गया और देखते ही देखते सड़क पर 6 से 8 फुट बर्फ जमा हो गई। इन 21 वाहनों में से 5 सिविलियन और 3 सेना के वाहन खारदुंगला टॉप से एक किलोमीटर पीछे फंस गए। यह बर्फीला तूफान लगभग आधी रात को रुका।

वाहनों में सवार यात्री ड्राइवर तथा कर्मचारी अत्यधिक आतंकित हो गए थे और उनके चेहरे पर भय की रेखा स्पष्ट दिखाई दे रही थी। स्थिति तब और भी ज्यादा खराब हो गई जब अत्यधिक ऊंचाई पर विषम जलवायु और खराब मौसम के कारण एक यात्री की मृत्यु हो गई। सुपरिटेंडेंट बी/आर ग्रेड-जे० कृष्णमूर्ति ने स्थिति को संभालते हुए डोजरों सहित अपने कर्मचारियों को रास्ते से बर्फ हटाने के काम पर लगा दिया। यात्रियों को उस स्थान से शीघ्र निकालने के लिए उन्होंने पहले उस स्थान की ओर जाने वाली सड़क पर से बर्फ हटाने का काम शुरू किया जहां सिविल और सेना के वाहन फंसे थे। अत्यधिक बर्फ होने के कारण सड़क का सही पता नहीं चल रहा था इसलिए सुपरिन्टेंडेंट बी/आर ग्रेड-II जे० के० मूर्ति ने सबसे आगे वाले डोजर पर बैठकर मार्ग दिखाने का साहसिक कार्य स्वयं संभाला। लेकिन तभी भारी भूस्खलन के कारण स्थिति उस समय और भी ज्यादा बिगड़ गई जब श्री जे० कृष्ण मूर्ति के नेतृत्व में चल रहा उनका दल अपने डोजर सहित उस भूस्खलन के नीचे दब गया। सुपरिन्टेंडेंट बी/आर ग्रेड-II मूर्ति ने बर्फ के नीचे से निकल कर आने में असाधारण सूझबूझ तथा के दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय दिया। जख्मी होने के बावजूद उन्होंने अर्ध बेहोशी की अवस्था में पड़े डोजर चालक को बाहर निकाला और उसे शीघ्र खारदुंगला टॉप स्थित चिकित्सा जांच कक्ष में ले गए।

इस प्रकार सुपरिन्टेंडेंट बी/आर ग्रेड-II जनगिती कृष्ण मूर्ति ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए खारदुंगला टॉप पर बर्फ हटाने में असाधारण कर्तव्यपरायणता, असीम साहस और सहयोगी भावना का परिचय दिया।

33. 75571 राइफलमैन श्याम सिंह, 7 असम राइफल्स (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 जनवरी, 1998

राइफलमैन श्याम सिंह 28 जनवरी, 1998 को उत्तर-पूर्व के थौबल नामक जगह पर रास्ता खोलने वाले दल में शामिल थे। वे पांच अन्य सैनिकों के साथ दो-दो के जोड़ों में थौबल पुल के उत्तर में तैनात थे।

लगभग 5.20 बजे अपराह्न उग्रवादियों के एक दल ने बांस के झुंडों के बीच से स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करके राइफलमैन श्याम सिंह तथा उनके साथी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिणामस्वरूप, दोनों सैनिक घायल होकर गिर पड़े। इसी घटनाक्रम के बीच एक उग्रवादी गोलीबारी की आड़ में राइफलमैन श्याम सिंह के पहुंचा और उनका हथियार छीनने का प्रयास करने लगा। घातक रूप से घायल होने के बावजूद राइफलमैन श्याम-सिंह ने अत्यंत बहादुरी से व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना घायल शेर की तरह उछलकर उग्रवादी के साथ भिड़ते ए उसे गोली से मार गिराया। इससे अन्य उग्रवादी हतो-त्साहित होकर वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद राइफल-मैन श्याम सिंह चोटों के कारण वहीं पर ढेर हो गए। राइफलमैन श्याम सिंह ने अपनी सुरक्षा की कतई परवाह न करते हुए उत्कृष्ट कोटि के व्यक्तिगत साहस तथा सर्वोत्तम कार्यकुशलता का परिचय देते हुए अपनी जान देकर सौंपे गए कार्य को पूरा किया।

34. 13617164 नायक भमेर सिंह, 21 पैरा (स्पेशल फ्रंटियर फोर्स)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 फरवरी, 1998

15 फरवरी, 1998 को 1.30 बजे अपराह्न असम जिले के बोंगाईगांव जिले के रासिगांव नामक गांव में एक कार्रवाई के दौरान जब छापामार दल अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंच रहा था तभी एक महिला संतरी ने शोर मचा दिया। तुरंत कार्रवाई की जरूरत महसूस करते हुए नायक भमेर सिंह ने उग्रवादियों के दल पर अपने स्क्वाड के साथ तुरन्त आक्रमण कर दिया।

इस स्थान पर उल्फा उग्रवादियों के एक बड़े नेता के मौजूद होने के कारण उग्रवादियों ने छापामार दल पर नजदीक से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सटीक फायर के बीच बहुत मामूली आड़ में अपने स्क्वाड के घिर जाने को देखते हुए नायक भमेर सिंह ने भारी गोलीबारी के बीच उग्रवादियों पर नजदीक से धावा बोल दिया और एक उग्र-वादी को बुरी तरह घायल कर दिया और शेष को तितर-बितर होकर भागने पर मजबूर कर दिया। परन्तु उनके दाएं हाथ तथा दोनों पैरों पर लगी चार गोलियों के घावों से इस बहादुर जवान को रुक जाना पड़ा। इस तीव्र तथा सघन कार्रवाई में कुल चार वरिष्ठ उल्फा नेता मारे गए। दो घायल हुए तथा चार हथियार बरामद किए गए।

इस प्रकार अपनी जान को खतरे के बावजूद नायक भमेर सिंह ने भयंकर संघर्ष के दौरान असाधारण बहादुरी तथा दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया।

35. 2469580 हवलदार अमरजीत सिंह, 13 पंजाब (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अप्रैल, 1998

15/16 अप्रैल, 1998 के दौरान हवलदार अमरजीत सिंह जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले के आहगम गांव में एक तलाशी दल का नेतृत्व सेक्शन कमांडर के रूप में कर रहे थे। घेराबन्दी तथा तलाशी अभियान के दौरान 15 अप्रैल, 1998 के प्रातः से उग्रवादी सैनिकों पर कंक्रीट के कई मकानों से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी कर रहे थे। गोलीबारी इतनी भारी थी कि हमारे छह सैनिक हताहत हो गए।

एक मकान की घेराबन्दी के दौरान उग्रवादियों ने टुकड़ी पर पास के मकान से भारी गोलीबारी कर दी। अपने साथियों को गंभीर खतरे में फंसा देखकर हवलदार अमरजीत सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए खिड़की की ओर रेंगकर एक ग्रेनेड अंदर फेंक दिया। इसके धमाके के बाद एक उग्रवादी ने खिड़की से कूदकर इनके ऊपर गोलीबारी कर दी। हवलदार अमरजीत सिंह ने इस उग्रवादी को हाथों से ही लड़ते हुए मार डाला।

16 अप्रैल, 1998 को आगे बढ़ते हुए हवलदार अमरजीत सिंह तथा उसके सेक्शन पर भारी गोलीबारी हुई। उन्होंने गली से धावा बोलकर नजदीक से उग्रवादी को गोली मार दी परन्तु इस दौरान उनके पैर में गोली लग गई। इसी बीच एक दूसरे उग्रवादी ने हवलदार अमरजीत सिंह पर गोलीबारी कर दी परन्तु उन्होंने अपने घाव की चिंता किए बिना उग्रवादी पर धावा बोल दिया और उसे मार डाला परन्तु इस कार्रवाई में वे भी घायल हो गए। 16 अप्रैल, 1998 को अपने घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार हवलदार अमरजीत सिंह ने अपने साथियों की रक्षा करने में असाधारण सक्रियता, उत्साह और साहस का परिचय दिया तथा अपने जीवन का बलिदान दिया।

36. 1362008 पैराट्रूपर बलदेव राज, 6 पैरा (मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अप्रैल, 1998

14/15 अप्रैल, 1998 की रात्रि में 13 पंजाब ने जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले के आहगम गांव में सक्रिय उग्रवादियों के एक दल के सफाए के लिए घेराबन्दी तथा तलाशी अभियान चलाया।

उग्रवादियों की गोलीबारी इतनी भयंकर थी कि उसमें 81 माउन्टेन ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर रमेश दीक्षित सहित हमारी सेना के छह कार्मिक खेत रहे। इसके बाद एक धावा टीम का गठन किया गया जिसमें श्री बलदेव राज भी शामिल थे।

गोलीबारी के बीच बढ़ते हुए, एक घर के दरवाजे पर एक उग्रवादी द्वारा गोलीबारी से पैराट्रूपर बलदेव राज घायल हो गए। अपनी चोटों की परवाह न करते हुए उन्होंने उग्रवादी पर धावा बोलकर उसे गोली से मार डाला। इसी बीच उसने दूसरे उग्रवादी को एक अन्य सैनिक की ओर निशाना बांधते देखा। अपनी चोटों तथा गंभीर खतरे की अनदेखा करते हुए पैराट्रूपर बलदेव राज इस उग्रवादी पर टूट पड़े और हाथों से ही लड़ते हुए उसे मार डाला। इस कार्रवाई के दौरान वे खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। जब दूसरे सिपाही ने उनकी सहायता करनी चाही तो उन्होंने उससे कहा 'मुझे छोड़ और मिलीटेंट को मत जाने दे'। पैराट्रूपर बलदेव राज की बाद में अपनी चोटों के कारण मृत्यु हो गई। इस कार्रवाई में कुल नौ उग्रवादी मारे गए।

इस प्रकार पैराट्रूपर बलदेव राज ने भारतीय सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप साहस तथा दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया तथा अपने साथी की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप-सचिव

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 23 जनवरी 1999

नियमावली

सं. 98/ई. (जी. आर.)/1/18/1—निम्नलिखित सेवाओं/पदों में रिक्तियां भरने के लिए 1999 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली सम्मिलित प्रतियोगिता इंजीनियरी सेवा परीक्षा की नियमावली मंत्रालयों/विभागों की सहमति से सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है :—

वर्ग 1—सिविल इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवाएं/पद

(1) इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा।

(2) भारतीय रेल भण्डार सेवा (सिविल इंजीनियरी पद)।

(3) केंद्रीय इंजीनियरी सेवा।

(4) सैनिक इंजीनियरी सेवा (आई. डी. एस. ई.—भवन तथा सड़क संवर्ग)।

(5) सैनिक इंजीनियरी सेवा (निर्माण सर्वेक्षण संवर्ग)।

(6) भारतीय सर्वेक्षण सेवा ग्रेड 'क' (सिविल इंजीनियरी पद)।

(7) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (सिविल इंजीनियरी पद)।

(8) डाक व तार भवन निर्माण (ग्रुप-क) सेवा के सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल)।

(9) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) ग्रुप 'क'

(10) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल) सीमा सड़क, इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

(11) भारतीय आयुध कारखाना सेवा (इंजीनियरी शाखा) (सिविल इंजीनियरी पद)।

वर्ग 2—यांत्रिक इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवाएं/पद

(1) यांत्रिकी इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा।

(2) भारतीय रेल भण्डार सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(3) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(4) केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(5) भारतीय आयुध कारखाना सेवा (इंजीनियरी शाखा) (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(6) सैनिक इंजीनियरी सेवा (आई. डी. एस. ई.) (विद्युत और यांत्रिक संवर्ग) (यांत्रिक इन्जीनियरी पद)।

(7) केन्द्रीय विद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(8) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (विद्युत तथा यांत्रिक) (यांत्रिक इंजीनियर पद) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

(9) भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में ड्रिलिंग इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क'।

(10) भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क'।

(11) सहायक प्रबन्धक (कारखाना) दूर-संचार विभाग (दूर-संचार कारखाना संगठन)।

(12) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) ग्रुप 'क' (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(13) भारतीय निरीक्षण सेवा ग्रुप 'क' (यांत्रिकी इंजीनियरी पद)।

(14) भारतीय आपूर्ति सेवा ग्रुप 'क' (यांत्रिकी इंजीनियरी पद)।

वर्ग 3—वैद्युत इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवाएं/पद

(1) वैद्युत इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा ।

(2) भारतीय भण्डार सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद) ।

(3) केन्द्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (वैद्युत इन्जीनियरी पद) ।

(4) भारतीय आयुध कारखाना सेवा (इंजीनियरी शाखा) (वैद्युत इन्जीनियरी पद) ।

(5) केन्द्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद) ।

(6) केन्द्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद) ।

(7) सहायक कार्यपालक इन्जीनियर (वैद्युत) डाक तार भवन ।

(6) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (वैद्युत) डाक तार भवन निर्माण (ग्रुप 'क') सेवा ।

(7) सहायक प्रबन्धक (कारखाना) दूर-संचार विभाग (दूर-संचार कारखाना संगठन) ।

(8) भारतीय निरीक्षण सेवा ग्रुप 'क' (वैद्युत इन्जीनियरी पद) ।

(9) भारतीय आपूर्ति सेवा ग्रुप 'क' (वैद्युत इन्जीनियरी पद) ।

वर्ग 4—इलैक्ट्रानिकी और दूर-संचार इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवाएं/पद

(1) सिग्नल इंजीनियरी की भारतीय रेल सेवा ।

(2) भारतीय रेल भण्डार सेवा (दूर-संचार/इलैक्ट्रानिकी इंजीनियरी पद) ।

(3) भारतीय दूर-संचार सेवा ।

(4) इन्जीनियर वायरलैस आयोजन और समन्वय स्कन्ध/अनुश्रवण संगठन; संचार मंत्रालय (दूर संचार विभाग)।

(5) भारतीय प्रसारण (इंजीनियर्स) सेवा ।

(6) भारतीय आयुद्ध कारखाना सेवा (इन्जीनियरी शाखा) (इलैक्ट्रानिकी इंजीनियरी पद) ।

(7) केन्द्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा (दूर-संचार इंजीनियरी पद) ।

(8) भारतीय सर्वेक्षण सेवा ग्रुप 'क' (इलैक्ट्रानिकी एवं दूर-संचार इंजीनियरी पद) ।

(9) सहायक प्रबन्धक (कारखाना) दूर-संचार विभाग (दूर-संचार कारखाना संगठन) ।

(10) भारतीय निरीक्षण सेवा ग्रुप 'क' (इलैक्ट्रानिकी इंजीनियरी पद) ।

(11) भारतीय आपूर्ति सेवा ग्रुप 'क' (इलैक्ट्रानिकी इन्जीनियरी पद) ।

1. परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इन नियमों के परिशिष्ट I में निर्धारित नीति से ली जाएगी । परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग निश्चित करेगा ।

2. उम्मीदवार ऊपर दर्शाई गई सेवाओं/पदों की श्रेणियों जैसे कि सिविल इंजीनियरी या यांत्रिक इंजीनियरी या वैद्युत इंजीनियरी या इलैक्ट्रानिक और दूरसंचार इंजीनियरी के संबंध में किसी एक के लिए प्रतियोगी हो सकता है । परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को विस्तृत आवेदन-पत्र में वरीयता के क्रम में यह स्पष्ट करना होगा कि वह किन सेवाओं/पदों के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हैं । उम्मीदवार को उनकी इच्छानुसार एकाधिक जितनी भी वह चाहें वरीयता क्रम दर्शाने का परामर्श दिया जाता है जिससे कि योग्यता क्रम में उनके रैंक के अनुसार नियुक्ति करते समय उनकी वरीयता पर उचित ध्यान दिया जा सके ।

विशेष ध्यान 1 :—उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वह अपने विस्तृत आवेदन-पत्र में उन सभी सेवाओं/पदों का वरीयता क्रम में उल्लेख करें जिन सेवाओं/पदों के लिए वह नियमों की शर्तों के अनुसार पात्र हैं । यदि वह किसी सेवा/पद का वरीयता क्रम नहीं लिखता है अथवा आवेदन-प्रपत्र में किन्हीं सेवाओं/पदों को सम्मिलित नहीं करता है तो यह मान लिया जाएगा कि उन सेवाओं/पदों के लिए उसकी कोई विशिष्ट वरीयता नहीं है और ऐसी स्थिति में सेवाओं/पदों के लिए उम्मीदवारों की वरीयताओं के अनुसार आवेदन करने हेतु पश्चात् जिनमें रिक्तियां होंगी उसका किसी भी शेष सेवाओं/पदों पर अधिसूचना में दिए गए क्रम के आधार पर, आवंटन कर दिया जाएगा । इस प्रकार का आवंटन करते समय उन उम्मीदवारों को पहले ग्रुप 'क' सेवाओं/पदों और बाद में ग्रुप "ख" सेवाओं/पदों के लिए विचार किया जाएगा ।

विशेष ध्यान 2 :—किसी भी उम्मीदवार का अपने विस्तृत आवेदन-पत्र में पहले से निर्दिष्ट वरीयताओं को बढ़ाने/परिवर्तन करने के बारे में कोई अनुरोध आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

विशेष ध्यान 3 :—विभागीय उम्मीदवार वे उम्मीदवार हैं जिन्हें नियम 5(ख) के अन्तर्गत आयु सीमा में छूट के अधीन परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी गई है । ऐसे उम्मीदवार अन्य मन्त्रालयों/विभागों में सेवाओं/पदों पर नियुक्त किए जाने के लिए भी अपनी वरीयता दे सकते हैं । तथापि पहले उन्हें उनकी योग्यताक्रम के अनुसार उनके अपने ही विभाग में सेवाओं/पदों पर नियुक्त करने पर विचार किया जाएगा और केवल उन विभागों में रिक्तियों के न होने अथवा ऐसे उम्मीदवारों के उनके अपने ही विभागों में सेवाओं/पदों के लिए चिकित्सा जांच में अयोग्य रहने की स्थिति में ही उनके द्वारा दी गई वरीयता के आधार पर अन्य मंत्रालयों/विभागों में सेवाओं/पदों पर नियुक्त करने के सम्बन्ध में विचार किया जाएगा ।

विशेष ध्यान 4 :—नियम 6 के उपबन्ध के अन्तर्गत परीक्षा में प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की केवल उन्हीं वरीयताओं पर विचार किया जाएगा जो उक्त उपबन्ध में निर्दिष्ट पदों के लिए हैं और अन्य सेवाओं और पदों के लिए उनकी वरीयताओं, यदि कोई हों, पर विचार नहीं किया जाएगा ।

विशेष ध्यान 5 :—उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं/पदों का आवंटन योग्यता क्रम सूची में उनके स्थान, उनके द्वारा दी गई वरीयता और पदों की संख्या के आधार पर ही किया जाएगा जो उम्मीदवारों के चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ पाए जाने के अध्यधीन हैं ।

3. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में विनिर्दिष्ट की जाएगी ।

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों तथा अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

4. कोई उम्मीदवार या तो :—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा हो, या

(ग) भूटान की प्रजा हो, या

(घ) भारत में स्थाई निवास के इरादे से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आया हुआ तिब्बती शरणार्थी हो, या

(ङ) भारत में स्थाई निवास के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मलावी, जेरे, इथियोपिया और वियतनाम से प्रव्रजन कर आया हुआ मूलतः भारतीय व्यक्ति हैं ।

किन्तु शर्त यह है कि उपर्युक्त वर्ग (ख), (ग), (घ) और (ङ) से सम्बद्ध उम्मीदवार को सरकार ने पात्रता प्रमाण-पत्र प्रदान कर दिया हो ।

जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है किन्तु नियुक्ति प्रस्ताव केवल तभी दिया जा सकता है जब भारत सरकार द्वारा उसे आवश्यक पात्रता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया हो,

5. (क) इस परीक्षा में उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 1999 को 21 वर्ष हो चुकी हो किन्तु 30 वर्ष पूरी न हुई हो अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त, 1969 से पहले और 1 अगस्त, 1978 के बाद न हुआ हो ।

(ख) नियम-2 के नीचे दिए गए विशेष ध्यान (3) में निर्दिष्ट शर्तों के अध्याधीन रहते हुए निम्नलिखित वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के लिए, यदि वे नीचे दिए गए कालम में निर्दिष्ट प्राधिकरणों के नियंत्रणाधीन किसी विभाग/कार्यालय में नियुक्त हैं और कालम-2 में निर्दिष्ट सभी अथवा किसी सेवा (सेवाओं/पद (पदों) के लिए परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु जिसके लिए वे अन्यथा पात्र हैं, आवेदन करते हैं—ऊपर आयु-सीमा 30 वर्ष के स्थान पर 35 वर्ष होगी) ।

(1) वह उम्मीदवार जो सम्बद्ध विभाग/कार्यालय विशेष में मूल रूप में स्थाई पद पर है उक्त विभाग कार्यालय में स्थाई पद पर नियुक्त परिवीक्षाधीन अधिकारी को उसकी परिवीक्षा की अवधि के दौरान यह छूट नहीं मिलेगी ।

(2) वह उम्मीदवार जो किसी विभाग/कार्यालय विशेष में 1 अगस्त, 1999 को कम से कम 3 वर्ष नगातार अस्थाई सेवा नियमित आधार पर कर चुका हो ।

कालम—1	कालम—2
1	2
रेल विभाग	आई० आर० एस० ई० आई० आर० एस० एम० ई० आई० आर० एस० ई० ई० आई० आर० एस० एस० ई० आई० आर० एस० एस०
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग	सी० ई० एस० ग्रुप 'क' सी० ई० एण्ड एम० ई० एस० ग्रुप 'क' ।
मुख्य अभियंता सेना मुख्यालय	सैनिक इंजीनियरी सेवा, ग्रुप 'क' (आई० डी० एस० ई०) बी० एवं आर० संवर्ग तथा निर्माण सर्वेक्षण संवर्ग सैनिक इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' (आई० डी० एस० ई०—ई० एवं एम० संवर्ग ।)
आयुध कारखाना महानिदेशालय	आई० ओ० एफ० एस० ग्रुप 'क'
केन्द्रीय जल आयोग	सी० डब्ल्यू० ई० (ग्रुप 'क') सेवा
केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के तार आयोजन तथा समन्वय स्कन्ध अनुश्रवण संगठन	सी० पी० ई० (ग्रुप 'क') सेवा इंजीनियर (ग्रुप 'क')
सीमा सड़क संगठन	सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा
आकाशवाणी दूरदर्शन	भारतीय प्रसारण (इंजीनियर्स) सेवा का कनिष्ठ वेतनमान

1	2
संचार मंत्रालय दूर संचार विभाग तथा डाक विभाग	भारतीय दूर संचार सेवा, ग्रुप 'क' सहायक कार्यकारी इंजीनियर (सिविल वैद्युत) डाक व तार भवन निर्माण ग्रुप 'क' सेवा सहायक प्रबन्धक (कारखाना) ग्रुप 'क', डाक व तार (दूर-संचार कारखाना संगठन)
विज्ञान तथा तकनीकी भारतीय सर्वेक्षण सेवा ग्रुप 'क' विभाग आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय	आई० एस० एस० (आई० आई० एस० ग्रुप 'क') ग्रुप 'क'
भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण विभाग	बर्मा इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क' यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क'

टिप्पणी :—प्रशिक्षुता की अवधि के बाद यदि रेलों में किसी कार्यभार पद पर नियुक्ति हो जाती है तो आयु में छूट के प्रयोजन के लिए प्रशिक्षुता की अवधि रेल सेवा मानी जाएगी ।

(ग) इसके अलावा निम्नलिखित स्थितियों में भी ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक;

(2) ऐसे उम्मीदवार के मामले में, जिन्होंने 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 तक की अवधि के दौरान साधारणतया जम्मू तथा कश्मीर राज्य में अधिवास किया हो, अधिकतम 5 वर्ष तक ।

(3) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति से संबंधित ऐसे उम्मीदवारों के मामले में, जिन्होंने 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू तथा कश्मीर राज्य में अधिवास किया हो, अधिकतम 10 वर्ष तक ।

(4) शत्रु देश के साथ संघर्ष में अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा इसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए रक्षा सेवा के कार्मिकों के मामले में अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(5) शत्रु देश के साथ संघर्ष में या अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा इसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए रक्षा सेवा की अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के कार्मिकों के मामले में अधिक से अधिक जातियों आठ वर्ष तक;

(6) जिन भूतपूर्व सैनिकों (कमीशन प्राप्त अधिकारियों तथा आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 अगस्त, 1999 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (1) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 अगस्त, 1999 से एक वर्ष के अंदर पूरा होना है, या (2) अल्पकालिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (3) अशक्तता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं के मामले में अधिक से अधिक पांच वर्ष तक ।

(7) भूतपूर्व सैनिक (कमीशन प्राप्त अधिकारियों तथा आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (सहित) जो अ. जा. या. अ. ज. जा. के हैं तथा जिन्होंने 1 अगस्त 1999 को कम से कम 5 वर्ष तक सैनिक सेवा की हो और जो (1) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 अगस्त, 1999 में एक वर्ष के अंदर पूरा होना है, या (2) सैनिक सेवा में हुए शारीरिक अपंगता या (3) अशक्तता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं उनके मामले में अधिक से अधिक 10 वर्ष तक;

(8) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के उन मामलों में जिन्होंने 1 अगस्त, 1999 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाणपत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 5 वर्ष तक;

(9) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के ऐसे आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा प्राप्त कमीशन अधिकारियों के उन मामलों में जिन्होंने 1 अगस्त, 1999 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिसका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र

जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 10 वर्ष तक;

(10) अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों के मामले में, जो ऐसे उम्मीदवारों पर लागू होने वाले आरक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं; अधिकतम 3 वर्ष तक ।

टिप्पणी 1—भूतपूर्व सैनिक शब्द उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें समय-समय पर यथा संशोधित भूतपूर्व सैनिक (सिविल सेवा तथा पदों में पुनर्रोजगार) नियम, 1979, परिभाषित किया गया है ।

टिप्पणी 2—ऐसे उम्मीदवार जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के नहीं हैं तथा जिन्होंने आयु सीमा में छूट लेने के पश्चात् सिविल साइड में कोई सरकारी नौकरी पहले ही ले ली है, वे नियम 5(ग) (2) से (10) के अधीन आयु सीमा में छूट के पात्र नहीं हैं ।

तथापि, ऐसे भूतपूर्व सैनिक को, जो केन्द्रीय सरकार के अंतर्गत किसी सिविल पद पर पहले ही नियमित रोजगार प्राप्त कर चुके हैं, केन्द्र सरकार के अंतर्गत किसी उच्च पद या सेवा में किसी अन्य रोजगार के लिए भूतपूर्व सैनिकों को यथास्वीकार्य आयु छूट के लाभ की अनुमति दी जाती है ।

टिप्पणी 3—अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित वे उम्मीदवार, जो उपर्युक्त नियम 5 (ग) के किन्हीं अन्य खण्डों अर्थात् जो भूतपूर्व सैनिक आदि के अंतर्गत आते हैं, दोनों श्रेणियों के अंतर्गत दी जाने वाली संचयी आयु सीमा-छूट प्राप्त करने के पात्र होंगे ।

विशेष ध्यान—जिस उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम (5) (ख) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतें लेकर परीक्षा में प्रवेश दिया गया है, उसकी उम्मीदवारी उस स्थिति में रद्द कर दी जाएगी यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेने के बाद वह परीक्षा देने से पहले या बाद में सेवा से त्याग-पत्र देता है या उसके विभाग/कार्यालय द्वारा उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है । किन्तु आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के बाद उसकी सेवा या पद से छंटनी हो जाती है तो वह परीक्षा देने का पात्र बना रहेगा ।

जो उम्मीदवार विभाग को अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर देने के बाद किसी अन्य विभाग/कार्यालय में स्थानान्तरित हो जाता है वह उस सेवा/पद हेतु विभाग की आयु संबंधी रियायतें लेकर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का पात्र रहेगा जिसका पात्र वह स्थानान्तरण न होने पर रहता बशर्ते कि उसका आवेदन-पत्र उसके मूल विभाग द्वारा अग्रेषित कर दिया गया है ।

उपर्युक्त व्यवस्था के अलावा निर्धारित आयु सीमा में किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जाएगी ।

आयोग जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रीकुलेशन या माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाण-पत्र या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रीकुलेशन के समकक्ष माने गए प्रमाण-पत्र या किसी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रीकुलेटों के रजिस्टर में दर्ज की गई हो और वह उद्धरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो । जो उम्मीदवार उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या उसकी समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका है वह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण-पत्र की अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत कर सकता है ।

आयु के संबंध में कोई अन्य दस्तावेज जैसे जन्म कुण्डली, शपथ-पत्र, नगर निगम तथा सेवा अभिलेख से प्राप्त जन्म संबंधी उद्धरण तथा अन्य ऐसे प्रमाण स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

अनुदेशों के इस भाग में आए हुए "मैट्रीकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र" वाक्यांश के अंतर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण-पत्र सम्मिलित हैं ।

टिप्पणी 1—उम्मीदवार यह ध्यान में रखें कि आयोग उम्मीदवार की जन्म की उसी तारीख को स्वीकार करेगा जो कि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की तारीख को मैट्रीकुलेशन/उच्चतर परीक्षा प्रमाण-पत्र में या समकक्ष परीक्षा प्रमाण-पत्र में दर्ज है और इसके बाद उसमें परिवर्तन के किसी अनुरोध पर न ही विचार किया जाएगा और न ही उसे स्वीकार किया जाएगा ।

टिप्पणी 2—उम्मीदवार यह भी नोट कर लें कि उनके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए जन्म की तारीख एक बार लेख में दर्ज कर लेने के बाद उसमें बाद में या किसी बाद की परीक्षा में किसी भी कारण से परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

6. उम्मीदवार—

(क) के पास भारत के केन्द्र या राज्य विधान मंडल द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मानी गई किसी अन्य शिक्षा संस्थान से इंजीनियरी में डिग्री होनी चाहिए; अथवा

(ख) इंजीनियरी की संस्था (भारत) की संस्था परीक्षा का भाग क और ख उत्तीर्ण हों; अथवा

(ग) के पास किसी विदेशी विश्वविद्यालय/कालेज/संस्था से इन्जीनियरी में डिग्री/डिप्लोमा होना चाहिए, जिसे समय-समय पर इस प्रयोजन के लिए, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो; अथवा

(घ) इलैक्ट्रानिकी और दूरसंचार इन्जीनियरी की संस्था (भारत) की ग्रेजुएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण हो; अथवा

(ङ) भारतीय वैमानिकी सोसायटी की एसोसिएट मेम्बरशिप परीक्षा भाग 2 और 3/खण्ड क और ख उत्तीर्ण हो; अथवा

(च) यांत्रिक इंजीनियरों की संस्था (भारत) की एसोसिएट मेम्बरशिप परीक्षा (भाग क और ख) उतीर्ण हो; अथवा

(छ) नवम्बर, 1959 के बाद ली गई इलैक्ट्रॉनिकी और रेडियो इंजीनियरी की संस्था (लन्दन) की ग्रेजुएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण हो ।

किन्तु वायरलैस आयोजन तथा समन्वय स्कन्ध/अनुश्रवण संगठन, संचार मंत्रालय में इन्जीनियरी ग्रुप क और भारतीय प्रसारण (इंजीनियर्स) सेवा के पदों के लिए उम्मीदवारों के पास उपर्युक्त कोई योग्यता या निम्नलिखित योग्यता हो जैसे :—

वायरलैस संचार, इलैक्ट्रानिकी, रेडियो भौतिकी या रेडियो इंजीनियरी के विशेष विषय के साथ एम. एससी. डिग्री या समकक्ष ।

टिप्पणी 1 :—यदि कोई उम्मीदवार ऐसे परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह शैक्षिक दृष्टि से इस परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाता है, पर अभी उसे परीक्षा के परिणाम की सूचना न मिली हो तो वह इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन कर सकता है। जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता हो वह भी आवेदन कर सकता है । ऐसे उम्मीदवारों को, यदि अन्यथा पात्र होंगे तो, परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। परन्तु परीक्षा में बैठने की यह अनुमति अनन्तिम मानी जाएगी और अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में उनका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। उक्त प्रमाण विस्तृत आवेदन पत्र के, जो उक्त परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों द्वारा आयोग को प्रस्तुत करने पड़ेंगे, साथ प्रस्तुत करना होगा ।

टिप्पणी 2 :—विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है ।

टिप्पणी 3 :—जिस उम्मीदवार ने अन्यथा अर्हता प्राप्त कर ली है किन्तु उसके पास विदेशी विश्वविद्यालय की ऐसी डिग्री है जो सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त नहीं है वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और उसे आयोग के विवेक पर परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है ।

7. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस में निर्धारित शुल्क का भुगतान अवश्य करना चाहिए ।

8. जो उम्मीदवार सरकारी नौकरी में स्थाई या अस्थाई रूप से काम कर रहे हों या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त व्यक्ति शामिल नहीं है, उनको या जो सार्वजनिक उद्यमों में सेवारत हों, उनको इस आशय का परिवचन (अण्डरटेकिंग) देना होगा कि उन्होंने अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को लिखित रूप में यह सूचित कर दिया है कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनको नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से संबंधित अनुमति रोकने हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जा सकती है ।

9. उम्मीदवार के आवेदन-पत्र और उसकी पात्रता को स्वीकार करने या परीक्षा में प्रवेश आदि के संबंध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा ।

परीक्षा में आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं । परीक्षा के उन सभी स्तरों, जिनके लिए आयोग ने उन्हें प्रवेश दिया है अर्थात् लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण, में उनको प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा तथा उनके निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करने पर आधारित होगा । यदि लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण के पहले या बाद में सत्यापन करने पर यह पता चलता है कि पात्रता की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो आयोग द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवार रद्द कर दी जाएगी ।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो ।

11. आयोग ने जिस उम्मीदवार को दोषी पाया अथवा घोषित किया हो :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्यसाधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे व्यक्तित्व दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, या

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, या

(10) परीक्षा कराने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, या

(11) परीक्षा की अनुमति देते हुए उम्मीदवारों को भेजे गए प्रमाण-पत्र के साथ जारी अनुदेशों का उल्लंघन किया हो, अथवा

(12) उपर्युक्त खंडों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवैध प्रेरित करने का प्रयत्न किया हो ।

तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, तथा/अथवा

(ख) उसे अस्थाई रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए :—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा उनके अधीन किसी भी नौकरी से बारिस्त किया जा सकता है और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है ।

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :—

(1) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, अथवा

(2) उम्मीदवारों द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो ।

12. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हों उन्हें आयोग के विवेक पर व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा ।

यदि आयोग का विचार है कि अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ी श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए सामान्य मानक के आधार पर इन समुदायों में पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जा सकेंगे तब आयोग द्वारा मानकों में छूट देकर इन समुदायों के उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है ।

13. (1) साक्षात्कार के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अंतिम रूप से लिए गए कुल प्राप्तांकों के आधार पर उनके योग्यता-क्रम के अनुसार नामों की सूची बनाएगा और उस परीक्षा का परिणाम निकलने पर जितनी अनारक्षित खाली जगहों पर भर्ती करने का फैसला किया गया हो उतने ही ऐसे उम्मीदवारों को योग्यता-क्रम के अनुसार नियुक्त करने के लिए अनुशंसा की जाएगी जो आयोग द्वारा परीक्षा में योग्य पाए गए हों ।

(2) किसी भी अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों अथवा अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ी श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक आयोग द्वारा मानक में छूट देकर सिफारिश की जा सकती है बशर्ते कि ये उम्मीदवार सेवा में चयन हेतु उपयुक्त हों ।

परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी श्रेणियों के जिन उम्मीदवारों की अनुशंसा आयोग द्वारा परीक्षा के किसी भी चरण में अर्हता या चयन मापदंडों में रियायत/छूट दिए बिना की जाती है, उनका समायोजन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ी श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों में नहीं किया जाएगा ।

14. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा और आयोग उनसे परीक्षाफल के बारे में कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा ।

15. नियमों की अन्य व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्ति करते समय उम्मीदवार द्वारा आवेदन-पत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए बताए गए वरीयता क्रम पर आयोग द्वारा उचित ध्यान दिया जाएगा ।

विभागीय उम्मीदवारों को योग्यता क्रम के अनुसार पहले उनके अपने ही विभाग में सेवाओं/पदों पर नियुक्त करने पर विचार किया जाएगा अथवा ऐसे उम्मीदवारों को, उनके अपने विभागों में सेवाओं/पदों के लिए चिकित्सा जांच में अयोग्य रहने की स्थिति में ही, उन्हें उनके द्वारा दी गई वरीयताओं के आधार पर अन्य मंत्रालयों/विभागों में सेवाओं/पदों पर नियुक्त करने के सम्बन्ध में विचार किया जाएगा ।

16. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता, इसके लिए आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से सन्तुष्ट हो जाए कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत्त की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है ।

17. उम्मीदवारों को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उनमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्य को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो । यदि विहित डाक्टरी परीक्षा जो सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की जाए, यथास्थिति के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन शर्तों को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी ।

परीक्षा के लिखित भाग के आधार पर जो उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं उनकी डाक्टरी जांच साक्षात्कार की तारीख के तुरन्त बाद आने वाले कार्यदिवस को की जाएगी (शनिवार और रविवार तथा छुट्टियों वाले दिन डाक्टरी जांच नहीं होगी) । इस प्रयोजन के लिए सभी सफल उम्मीदवारों को प्रातः 9.00 बजे अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी केन्द्रीय अस्पताल, उत्तरी रेलवे बसन्त लेन नई दिल्ली पर उपस्थित होना पड़ेगा । यदि उम्मीदवार चश्मा लगाते हों तो उन्हें हाल के चश्मे के नम्बर के साथ मैडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित होना चाहिए ।

डाक्टरी जांच की तारीख या स्थान में परिवर्तन का अनुरोध सामान्यतः स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

उम्मीदवार को यह नोट कर लेना चाहिए कि किसी भी हालत में डाक्टरी जांच से छूट के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

उम्मीदवारों का ध्यान इसमें प्रकाशित शारीरिक परीक्षा से संबंधित विनियमों की ओर आकर्षित किया जाता है । उसमें विभिन्न सेवाओं के लिए शारीरिक स्वस्थता मापदण्ड अलग-अलग हैं । अतः उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि जिन सेवाओं के लिए वे प्रतियोगी हैं, जिन सेवाओं/पदों के लिए सं. लो. से. आ. को वरीयता बताई है उन सेवाओं के विशेष संदर्भ में इन मापदण्डों को ध्यान में रखें ।

उम्मीदवार यह भी नोट कर लें कि :—

(1) उनको 30 रुपये (तीस रुपए) की नकद राशि मैडिकल बोर्ड को भुगतान करनी होगी;

(2) डाक्टरी जांच के सम्बन्ध में की गई यात्राओं के लिए उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा; और

(3) उम्मीदवार की डाक्टरी जांच हो जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि नियुक्ति के लिए उसके मामले पर विचार किया जाएगा ।

उम्मीदवार यह नोट कर लें कि उन्हें रेल मंत्रालय (रेल विभाग) द्वारा डाक्टरी जांच से सम्बन्धित अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी ।

निराशा से बचने के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी डाक्टरी परीक्षा करा लें । उम्मीदवारों को नियुक्ति से पहले जिन डाक्टरी परीक्षाओं से गुजरना होगा उनके स्वरूप के विवरण और मानक परिशिष्ट-2 में दिए गए हैं । संघर्ष के दौरान विकलांग हुए और परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए भूतपूर्व सैनिकों के प्रत्येक सेवा की अपेक्षाओं के अनुसार स्तर में से छूट दी जा सकती है ।

18. जिस व्यक्ति ने—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है,

तो वह सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है ।

19. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सेवा में प्रवेश से पहले हिन्दी का कुछ ज्ञान विभागीय परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने में सहायक होगा जोकि उम्मीदवार को सेवा में प्रवेश के बाद उत्तीर्ण करनी है ।

20. इस परीक्षा के माध्यम से जिन सेवाओं/पदों के संबंध में भर्ती की जा रही है उनका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट-3 में दिया गया है ।

डी. पी. त्रिपाठी
सचिव, रेलवे बोर्ड

परिशिष्ट-1

1. परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी :—

भाग-1—लिखित परीक्षा के दो भाग होंगे । भाग 1 में केवल वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न होंगे और भाग 2 में परम्परागत प्रश्न-पत्र होंगे । दोनों भागों में संगत इंजीनियरी शिक्षा शाखाओं जैसे सिविल इन्जीनियरी, यांत्रिक इन्जीनियरी, विद्युत इन्जीनियरी

और इलेक्ट्रानिकी तथा दूर-संचार इन्जीनियरी की पूरा पाठ्यक्रम होगा । इन प्रश्न-पत्रों के लिए निर्धारित स्तर तथा पाठ्यक्रम परिशिष्ट की अनुसूची में दिए गए हैं । लिखित परीक्षा का विवरण जैसे विषय, प्रत्येक विषय के लिए निर्धारित समय और अधिकतम अंक नीचे पैरा 2 में दिए गए हैं ।

भाग-2—लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार का व्यक्तित्व परीक्षण जो अधिकतम 200 अंकों का है ।

2. लिखित परीक्षा निम्न विषयों में ली जाएगी :—

श्रेणी-1—सिविल इंजीनियरी

विषय	अवधि	पूर्णांक
1	2	3
खण्ड 1—वस्तु परक प्रश्न-पत्र		
सामान्य योग्यता परीक्षा (भाग क : सामान्य अंग्रेजी) (भाग ख : सामान्य अध्ययन)	2 घण्टे	200
सिविल इंजीनियरी प्रश्न-पत्र I	2 घन्टे	200
सिविल इंजीनियरी प्रश्न-पत्र II	2 घन्टे	200
खण्ड 2—परम्परागत प्रश्न-पत्र		
सिविल इंजीनियरी प्रश्न-पत्र I	3 घंटे	200
सिविल इंजीनियरी प्रश्न-पत्र II	3 घंटे	200
योग		1000

श्रेणी-2—यांत्रिक इंजीनियरी

विषय	अवधि	पूर्णांक
1	2	3
खण्ड 1—वस्तु परक प्रश्न-पत्र		
सामान्य योग्यता परीक्षण (भाग क : सामान्य अंग्रेजी) (भाग ख : सामान्य अध्ययन)	2 घंटे	200
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न-पत्र I	2 घंटे	200
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न-पत्र II	2 घंटे	200
खण्ड 2—परम्परागत प्रश्न-पत्र		
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न-पत्र I	3 घंटे	200
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न-पत्र II	3 घंटे	200
योग		1000

श्रेणी-3—वैद्युत इंजीनियरी

विषय	अवधि	पूर्णांक
1	2	3
खण्ड 1—वस्तुपरक प्रश्न-पत्र		
सामान्य योग्यता परीक्षण (भाग क : सामान्य अंग्रेजी) (भाग ख : सामान्य अध्ययन)	2 घंटे	200
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न-पत्र I	2 घंटे	200
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न-पत्र II	2 घंटे	200
खण्ड 2—परम्परागत प्रश्न-पत्र		
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न-पत्र I	3 घंटे	200
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न-पत्र II	3 घंटे	200
योग		1000

श्रेणी 4—इलैक्ट्रानिकी और दूर संचार इंजीनियरी

विषय	अवधि	पूर्णांक
1	2	3
खण्ड 1—वस्तुपरक प्रश्न-पत्र सामान्य योग्यता परीक्षण (भाग क : सामान्य अंग्रेजी) (भाग ख : सामान्य अध्ययन)	2 घंटे	200

1	2	3
इलैक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न-पत्र I	2 घंटे	200
इलैक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न-पत्र II	2 घंटे	200
खण्ड 2—परम्परागत प्रश्न-पत्र		
इलैक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न-पत्र— I	3घंटे	200
इलैक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न-पत्र—II	3 घंटे	200
योग		1000

3. व्यक्तित्व परीक्षण करते समय उम्मीदवार की नेतृत्व क्षमता, पहल तथा मेधा शक्ति, व्यवहार कुशलता तथा अन्य सामाजिक गुण, मानसिक तथा शारीरिक उर्जास्विता प्रायोगिक अनुप्रयोग की शक्ति और चारित्रिक निष्ठा के निर्धारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ।

4. परम्परागत प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में दिए जाएं । प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी में ही होंगे ।

5. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर में अपने हाथ से लिखने होंगे । किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

6. आयोग अपने विवेक से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक निर्धारित कर सकता है ।

7. केवल सतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे ।

8. लिखाई खराब होने पर लिखित प्रश्न-पत्रों के पूर्णांक में से 5 प्रतिशत तक अंक काट लिए जाएंगे ।

9. परीक्षा के परम्परागत प्रश्न-पत्र में इस बात को श्रेय दिया जाएगा कि अभिव्यक्ति कम शब्दों में क्रमबद्ध, प्रभाव पूर्ण ढंग की और सही हो ।

10. प्रश्न-पत्रों में जहां आवश्यक होगा तौल और माप की मीटरी प्रणाली में संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे ।

टिप्पणी :—जहां भी जरूरी समझा जाएगा उम्मीदवारों को परीक्षा भवन में संदर्भ हेतु भारतीय मानक संस्थान द्वारा संकलित तथा प्रकाशित मीटरी इकाईयों की सारणी उपलब्ध कराई जाएगी ।

11. उम्मीदवारों को परम्परागत (निबंध) प्रकार के प्रश्न-पत्रों के लिए बैटरी से चलने वाले पाकेट कैलकुलेटर परीक्षा भवन में लाने और उनका प्रयोग करने की अनुमति है । परीक्षा भवन में किसी से कैलकुलेटर मांगने या आपस में बदलने की अनुमति नहीं है ।

यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि उम्मीदवार वस्तुपरक प्रश्न-पत्रों (परीक्षण पुस्तिका) का उत्तर देने के लिए कैलकुलेटरों का प्रयोग नहीं कर सकते । अतः वे उन्हें परीक्षा भवन में न लाएं ।

12. उम्मीदवार को प्रश्न-पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों में अंतर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए ।

परिशिष्ट 1 की अनुसूची

स्तर और पाठ्यक्रम

सामान्य योग्यता परीक्षण के प्रश्न-पत्र का स्तर वैसा ही होगा जैसा कि इन्जीनियरी विज्ञान स्नातक से अपेक्षा की जाती है । अन्य विषयों के प्रश्न-पत्रों के स्तर एक भारतीय विश्वविद्यालय की इन्जीनियरी डिग्री स्तर की परीक्षा के अनुरूप होगा। किसी भी विषय में प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी ।

सामान्य योग्यता परीक्षण

भाग (क) सामान्य अंग्रेजी :—अंग्रेजी का प्रश्न-पत्र इस प्रकार बनाया जाएगा ताकि उम्मीदवार की अंग्रेजी भाषा की समझ और शब्दों के कुशल प्रयोग की जांच हो सके ।

भाग (ख) सामान्य अध्ययन :—सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्र में सामयिक घटनाओं और ऐसी बातों की, उनके वैज्ञानिक पहलुओं पर ध्यान देते हुए, जानकारी सम्मिलित होगी जो प्रतिदिन के अनुभव में आती है तथा जिनकी किसी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है । प्रश्न-पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी सम्मिलित होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवार विशेष अध्ययन किए बिना ही दे सकेंगे ।

सिविल इन्जीनियरी

(वस्तु परक तथा परम्परागत दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए)

प्रश्न-पत्र 1

1. भवन-निर्माण सामग्री :

इमारती लकड़ी : विभिन्न प्रकार की संरचनात्मक इमारती लकड़ी, सघनता-नमी संबंध, विभिन्न दिशाओं में सामर्थ्य, दोष, अनुमेय प्रतिबलों पर दोषों का प्रभाव, परिरक्षण, शुष्क एवं आर्द्र अपक्षय, डिजाइनों के लिए फोडीय प्राक्कलन प्लाईवुड ।

ईंटें : किस्में, भारतीय मानक वर्गीकरण, अवशोषण, संतृप्ति गुणक, चिनाई की सामर्थ्य, चिनाई सामर्थ्य पर मसाले की सामर्थ्य का प्रभाव ।

सीमेन्ट : विभिन्न प्रकार के मिश्रण, अवस्थापन काल, सामर्थ्य ।

सीमेन्ट मसाला : मसाले के अवयव, अनुपात, जल-मांग, पलस्तर तथा चिनाई का मसाला ।

। कंक्रीट : जल सीमेन्ट अनुपात का महत्व, सामर्थ्य, अभिमिश्रण सहित विभिन्न अवयव सुकार्यता, सामर्थ्य परीक्षण, प्रत्यास्थता, अविनाशक परीक्षण, मिश्र-अभिकल्पन विधि ।

2. ठोस यांत्रिकी

प्रत्यास्थता नियतांक, प्रतिबल, द्विविम प्रतिबल, प्रतिबल का मोर वृत्त, विकृति, द्विविम विकृति, विकृति का मोर वृत्त, संयुक्त प्रतिबल, भंगता संबंधी प्रत्यास्थता सिद्धान्त, साधारण बंधन, अपरुमण, तृतीय और आयताकार खण्ड की ऐंठन तथा साधारण अवयव ।

3. संरचनात्मक विश्लेषण अनिवार्य ढांचों का विश्लेषण—ग्राफीय विधियों सहित विभिन्न विधियां । अनिवार्य ढांचागत फ्रेमों का विश्लेषण-आघूर्ण वितरण, ढाल विक्षेप, दृढ़नम्यता तथा बल विधि, ऊर्जा विधियां, मूलर-ब्रूसलौ सिद्धान्त तथा अनुप्रयोग ।

अनिवार्य धरनों (बीम्स) तथा साधारण फ्रेमों का पराप्रत्यास्थ विश्लेषण—आकृति गुणक ।

4. इस्पात के ढांचों का अभिकल्पन :

कार्यशील प्रतिबल विधि के सिद्धान्त । संयोजनों का अभिकल्पन, साधारण अवयव, निर्मित खण्ड तथा ढांचे । औद्योगिक छतों का अभिकल्पन । चरम भार, अभिकल्पन के सिद्धान्त । साधारण अवयवों तथा ढांचों का अभिकल्पन ।

5. कंक्रीट तथा चिनाई ढांचों का अभिकल्पन :

बंकन, अपरूपण, अक्षीय संपीडन और संयुक्त बल के सीमांत अवस्था अभिकल्पन । स्लेबों, धरनों, दीवारों और नींवों के लिए कोडीय प्रावधान । प्रबलित सीमेन्ट अवयवों के अभिकल्पन की कार्यशील प्रतिबल विधि ।

पूर्व प्रतिबलित कंक्रीट अभिकल्पन के सिद्धान्त, सामग्री, पूर्व प्रतिबलन विधि, हानियां । साधारण अवयवों और निर्णय ढांचों की अभिकल्पना । अनिवार्य ढांचों के पूर्व प्रतिबलन का परिचय ।

आई. एस. कोडों के अनुसार ईंट चिनाई का अभिकल्पन ।

6. निर्माण पद्धति, आयोजना एवं प्रबंध

कंक्रीट उपस्कर :

भार वाले घान मापक, मिक्सर, वाइब्रेटर, घान संयंत्र कंक्रीट पम्प, क्रेनें, उच्चालक (हास्थट), उत्थापन (लिफ्टिंग) उपस्कर ।

मृदा-कार्य उपस्कर :

बिजली से चलने वाले बेलचे, फावड़े, डोजर, डम्पर, ट्रेलर्स तथा ट्रेक्टर, रोलर्स, शीप फुट रोलर्स, पम्प ।

निर्माण, आयोजना तथा प्रबन्ध :

बार चार्ट, संयोजित बार चार्ट, कार्यभंग संरचनाएं शरारेख क्रियाशीलता । क्रांतिक पथ, प्राथमिकता सक्रियता अवधि, घटना आधारित नेटवर्क, पी. ई. आर. टी, नेटवर्क, समय-लागत अध्ययन, ध्वंस (क्रेसिंग) संसाधन नियतन ।

प्रश्न-पत्र 2

1. (क) तरल यांत्रिकी, मुक्तपृष्ठ वाहिका प्रवाह, नलिका प्रवाह :

तरल की विशेषताएं, दाब, प्रणोद, उत्प्लावकता तरल गतिकी : प्रवाह समीकरणों का समाकलन; प्रवाह मापन; सापेक्ष गति; संवेग का आघूर्ण; विस्कासिता; सीमांत परत तथा नियंत्रण, विकर्ष, उत्थापक; त्रिविम । विश्लेषण, निदर्शन, कोटरन; प्रवाह दोलन; मुक्तपृष्ठ वाहिका प्रवाह में संवेग तथा ऊर्जा सिद्धान्त, प्रवाह नियंत्रण, जलोच्छाल, प्रवाह परिच्छेद और विशेषताएं; सामान्य प्रवाह, क्रमशः परिवर्ती प्रवाह; प्रोत्कर्ष; नलिका प्रवाह में प्रवाह विकास तथा हानियां मापन; साइफन, प्रोत्कर्ष तथा जलाघात; शक्ति प्रदाय; नलिका नेटवर्क ।

(ख) द्रवचलित मशीन और जलशक्ति :

अपकेन्द्री पंप, किस्में, निष्पादन प्राचल; अनुमापन, समांतर पंप, प्रत्यागामी पंप, वायु भांड, निष्पादन प्राचल; द्रवचालित रैम, द्रवचलित टरबाइन, किस्में, निष्पादन प्राचल, नियंत्रण, चयन विद्युत गृह, वर्गीकरण और अभिन्यास भण्डारण, जल-संचयन, आपूर्ति नियंत्रण ।

2. (क) जल-विज्ञान :

जल विज्ञानी चक्र, अवक्षेपण तथा सम्बन्धित आंकड़ों का विश्लेषण, पी. एम. पी., एकक तथा संश्लिष्ट जलालेख; वाष्पन और वाष्पोत्सर्जन; बाढ़ एवं उनका प्रबन्ध, पी. एम. एफ.; धाराएं एवं उनका प्रमापन; नदी आकारिकी; बाढ़ का मार्गाभिगमन; जलाशयों की क्षमता ।

(ख) जल संसाधन इंजीनियरी :

सर्वाधिक जल संसाधन : जल के बहुउद्देशीय उपयोग; मृदा-संयंत्र-जल सम्बन्ध, सिंचाई प्रणालियां, जल-भागों मूल्यांकन; भंडारण और उसके लाभ, भूमिजल लाभ और कूप जल इंजीनियरी; जल क्रसन, जल निकास अभिकल्पन, सिंचाई राजस्व; दृढ़ किनारों वाली नहरों का अभिकल्पन, नहर अभिकल्पन के बारे में लैसी तथा कर्षण बल की अवधारणाएं, नहरों की लाईनिंग; नहरों में तलछट परिवहन; भारावित बांधों के अनुप्रवाही तथा उत्प्लावी परिच्छेद और उनका अभिकल्पन, ऊर्जा क्षयकारक और पृष्ठजल निर्धारण; मुख्य कर्मान्त (हैडवर्क्स), वितरण कार्यों, प्रपातों, पागामी जल निकास निर्माण कार्यों, निर्गम मार्गों का अभिकल्पन, नदी नियन्त्रण ।

पर्यावरण इंजीनियरी

3(क) जल आपूर्ति इंजीनियरी :

आपूर्ति के स्रोत, प्राप्ति अंतर्गृहियों तथा चालकों के अभिकल्पन, मांग का आंकलन; जल गुणता मानक; जल से उत्पन्न होने वाले रोगों का नियंत्रण, प्रारम्भिक तथा परवर्ती उपचार, उपचार एककों का विस्तरण और रखरखाव; उपचारित जल के परिवहन तथा वितरण की प्रणालियां, क्षरण तथा नियंत्रण; ग्रामीण जल आपूर्ति; संस्थागत तथा औद्योगिक जल आपूर्ति ।

(ख) अपशिष्ट जल इंजीनियरी :

शहरों में बरसात के पानी की निकासी, मल जल (सीवेज) के एकत्रीकरण और उसके निपटान की प्रणालियां; सीवरों और मल जल व्यवस्था प्रणाली का अभिकल्पन; पंपिंग; मल जल की विशेषताएं और इसका उपचार; मल जल उपचार से प्राप्त उत्पादों का निपटान; धीस प्रवाह पुनर्नवीकरण; मल का संस्थागत और औद्योगिक प्रबन्ध; नलकोरी-प्रणालियाँ; ग्रामीण एवं उपनगरीय सफाई व्यवस्था ।

(ग) ठोस अपशिष्ट पदार्थ प्रबन्ध :

स्रोत, वर्गीकरण, एकत्रीकरण और निपटान, कल्चा स्थलों का अभिकल्पन और उनका प्रबन्ध ।

(घ) वायु तथा ध्वनि प्रदूषण और परिस्थिति विज्ञान :

वायु प्रदूषण के स्रोत एवं प्रभाव, वायु प्रदूषण पर निगरानी रखना, ध्वनि प्रदूषण एवं मानक पारिस्थितिक श्रृंखला और संतुलन, पर्यावरण का मूल्यांकन ।

4. (क) मृदा यांत्रिकी :

मृदाओं की विशेषताएं, वर्गीकरण एवं अंतः सम्बन्ध, संहनन व्यवहार, संहनन की विधियां और उनका चयन, विशिष्ट सुसंहननीयता और रिसन, प्रवाह जाल, प्रतिलोमित निस्यंदक (फिल्टर), संपीड्यता और संपीडन, अपरूपण प्रतिरोध, प्रतिबल और भंगता, प्रयोगशालाओं और स्वस्थानों पर मृदा परीक्षण, प्रतिबल पथ और अनुप्रयोग, मृदा दाब सिद्धांत, मृदा में प्रतिबल वितरण, मृदा अन्वेषण, प्रतिदर्श यंत्र, भार परीक्षण, अतर्वेशन परीक्षण ।

(ख) नींव इंजीनियरी :

नींव के प्रकार, चयन मानदण्ड, वहन क्षमता, निषदन, प्रयोगशाला तथा क्षेत्र परीक्षण, स्थूणों के प्रकार, उनके अभिकल्प मृदा और अभिविन्यास, प्रसरणशील मृदा पर नींव, प्रावरण और इसकी रोकथाम, प्रसरणशील मृदा पर नींव बनाना ।

5. (क) सर्वेक्षण :

सर्वेक्षणों का वर्गीकरण, पैमाने, परिशुद्धता, दूरियों का मापन-यंत्र एवं परोक्ष पद्धतियां, प्रकाशिक तथा इलेक्ट्रानिक युक्तियाँ, दिशाओं का मापन, समपार्श्वीय विकसूचक, स्थानीय आकर्षण, थियोडोलाइट—किस्में, ऊँचाई का मापन,—साधनी (स्पिरिट) तथा त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण, उभार निरूपण समोच्च—रेखाएं, अंकीय उदविक्षेप निदर्शन संकल्पना, त्रिकमेणन तथा चक्रमण द्वारा नियंत्रकों की स्थापना—प्रेक्षणों का मापन और समायोजन, निर्देशांकों का अभिकलन, क्षेत्र सम्बन्धी खगोल विज्ञान, सार्वभौमिक अवस्थितिक प्रणाली की संकल्पना, प्लेन टेबल और फोटोग्रामीटरी द्वारा नक्शे बनाना मानचित्र बनाना, दूरस्थ संवेदन संकल्पनाएं, नक्शों के विकल्प ।

(ख) परिवहन इंजीनियरी :

महामार्गों की आयोजना, संरक्षण तथा ज्यामितीय अभिकल्प, आड़े तथा तिरछे वक्र, ग्रेड पृथक्करण, विभिन्न पृष्ठों के लिए निर्माण सामग्री तथा निर्माण पद्धति और उनका रखरखाव, पेवमेंट डिजाइन के सिद्धांत, जलनिकासी ।

यातायात सर्वेक्षण : चौराहे, सिग्नल व्यवस्था, व्यापक पारगमन प्रणाली, अभिगम्यता, नेटवर्क तैयार करना, सुरंग बनाना, संरेखण, निर्माण विधियां, गन्दगी का निपटान, जल-निकास, प्रकाश व्यवस्था और संवातायन, यातायात नियन्त्रण, आपातकालीन प्रबन्ध ।

रेल प्रणाली का आयोजन, गेज, पटरी नियंत्रणों, पारगमन, रोलिंग स्टाक, कर्षण शक्ति तथा रेल मार्गों के आधुनिकीकरण से सम्बद्ध शब्दावली एवं अभिकल्प, रख-रखाव, अनुबद्ध कार्य, डिब्बों की व्यवस्था (कन्टेनराइजेशन) ।

बंदरगाह—अभिन्यास, नौपरिवहन मार्ग, लंगर डालना, स्थान निर्धारण, अपरदन और निक्षेपण सहित बेलांचली परिवहन, गहराईमापन विधि, शुष्क एवं जल गोदी, विभिन्न अंग और प्रचालन;ज्वारीय आंकड़े एवं उनका विश्लेषण ।

विमान पत्तन—विन्यास एवं अभिविन्यास, हवाई पट्टी तथा टैक्सी पथ अभिकल्प एवं जलनिकासी व्यवस्था, मंडलन नियम, दृष्टि सहायक उपकरण और हवाई यातायात नियंत्रण, हैलीपैड, हैंगर, सेवा (सर्विस) उपस्कार ।

यांत्रिकी इंजीनियरी

(वस्तुपरक तथा परम्परागत दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए)

प्रश्न पत्र-1

1. ऊष्मागतिकी, चक्र और आई. सी. इंजन, मूल संकल्पना, संवृत्त और विवृत्त तंत्र (ऊष्मा और कार्य) शून्य कोटि, प्रथम तथा द्वितीय नियम, अप्रवाही तथा प्रवाही प्रक्रमों में अनुप्रयोग । एन्ट्रापी, उपलब्धता, अनुत्क्रमणीयता और ऊष्मागतिक सम्बन्ध । क्लैपिरान और वास्तविक गैस समीकरण । आदर्श गैसों और वाष्पों के गुणधर्म । मानक वाष्प, गैस शक्ति तथा प्रशीतन चक्र । द्विपद संपीडित्र ।

सी.आई. और एस.आई. इंजन । पूर्व ज्वलन, अधिस्फोटन तथा डीजल अपस्फोटन, ईंधन अंतःक्षेपण और कार्बूरेशन, अधिभरण । टर्बो-प्रोप और राकेट इंजन, इंजन शीतलन, उत्सर्जन तथा नियंत्रण, फ्लू गैस विश्लेषण कैलोरी मानों का मापन । पारम्परिक तथा नाभिकीय ईंधन, नाभिकीय विद्युत शक्ति उत्पादन के अवयव ।

2. ऊष्मा अन्तरण तथा प्रशीतन और वातानुकूलन ऊष्मा अन्तरण की पद्धतियां । एकविमी अपरिवर्ती तथा परिवर्ती चालन, संयोजित पटिया (स्लैब) तथा तुल्य प्रतिरोध । विस्तारित पृष्ठों से ताप विसरण, ऊष्मा, विनिमयित्र, समांग ऊष्मा अन्तरण गुणांक, स्तरीय तथा विक्षुब्ध प्रवाहों में तथा मुक्त और प्रणोदित संवहन हेतु ऊष्मा अन्तरण के लिए आनुभविक सहसम्बन्ध, चपटी प्लेट के ऊपर तापीय सीमांत परत । विसरणी तथा संवहनी द्रव्यमान अन्तरण के मूल तत्व । कृष्णिका (ब्लैक बाडी) तथा विकिरण की मूल संकल्पनाएं । संघेष्ठन सिद्धांत, आकृति,

गुणक, नेटवर्क विश्लेषण । ऊष्मा पम्प और प्रशीतन चक्र तंत्र, प्रशीतक । संघनित्र, वाष्पित्र तथा युक्तियां, आर्द्रतामिति । चार्ट तथा वातानुकूल में अनुप्रयोग, संवेदी, उठमन तथा शीतलन, प्रभावी तापमान, सुखद सूचकांक, भार परिकलन और प्रशीतन नियंत्रण वाहिनी अभिकल्पन ।

3. तरल यांत्रिकी

तरलों के गुणधर्म और उनका वर्गीकरण दाबांतरमापनमिति, निमज्जित पृष्ठों पर बल, दाब का केन्द्र, उत्प्लावकता, प्लावित पिण्डों के स्थायित्व के घटक । शुद्धगतिकी और गतिकी । आघूर्णी तथा असंपीड्य अप्रयान, प्रवाह, वेग विभव, निमज्जित पिण्डों पर दाब क्षेत्र तथा बल । बरनूली समीकरण, पाइपों में से पूर्ण विकसित प्रवाह, दाब पात गणनाएं । प्रवाह दर तथा दाब पात मापन । सीमांत परत सिद्धांत के अवयव, समाकल उपागम, स्तरीय तथा विक्षुब्ध प्रवाह, पृथक्करण । विवर तथा खाचों से प्रवाह, विवृत वाहिका प्रवाह, जलोच्छाल । विमारहित संख्याएं, विमीय विश्लेषण, समरूपता तथा निदर्शन एक विमीय समएन्ट्रापी प्रवाह, अभिलंब प्रघात तरंग, अभिसारी अपसारी वाहिनियों से प्रवाह, तिर्यक प्रघात तरंग, रेले (Ray Light) तथा फैनो (Fanno) रेखाएं ।

4. तरल मशीनरी तथा भाप जनित्र

निष्पादन, द्रवचालित पम्प का प्रचालन तथा नियंत्रण और आवेग एवं प्रतिक्रिया टरबाइन, विशिष्ट चाल, वर्गीकरण । ऊर्जा अंतरण, युग्मन, शक्ति संचरण । भाप जनित्र, अग्निनलिका तथा जल-नलिका बायलर । तुंडों तथा विसारकों में से भाप प्रवाह, आर्द्रता एवं संघनन । भाप तथा गैस टरबाइनों के विभिन्न प्रकार, वेग आरेख । आंशिक प्रवेश । प्रत्यागामी, अपकेन्द्री तथा अक्षीय प्रवाह संपीडक, बहुपद संपीडन, मैक संख्या की भूमिका, पुनः-ताप, पुनर्जनन, अधिनियंत्रण ।

प्रश्न पत्र 2

5. मशीनों का सिद्धांत

समतलीय यांत्रिकत्व का शुद्धगतिकी, और गतिकी विश्लेषण कम, गियर तथा गियर मालाएं । गतिपालक चक्र, अधिनियंत्रक (गवर्नर्स) । दृढ़ घूर्णकों का संतुलन तथा क्षेत्र संतुलन । एकल तथा बहुसिलिंडर इंजनों का संतुलन । यांत्रिकी तंत्रों का रैखीय कम्पन विश्लेषण, शैफ्टों की क्रांतिक गति और क्रांतिक घूर्णी गति, स्वतः नियंत्रण ।

6. मशीन अभिकल्पन

जोड़ों का अभिकल्पन : काटर, कुंजियां, स्प्लाइनें, वेल्डिंग जोड़, चूड़ीदार बंधक, व्यतिकरण अन्वायोजन द्वारा निर्मित संधि घर्षण चालन का अभिकल्पन : युग्मक तथा ग्राम (क्लच), पट्टा-चालन तथा श्रृंखला चालन, पावर स्क्रू । शक्ति संचरण तंत्र का अभिकल्पन : गियर तथा गियर-चालन, शैफ्ट तथा धुरी, तार-रज्जु ।

बेयरिंग का अभिकल्पन : द्रवगतिक बेयरिंग तथा रोलिंग एलिमेंट बेयरिंग ।

7. द्रव्यों की सामर्थ्य

दो विमाओं में प्रतिबल और विकृति, मुख्य प्रतिबल और विकृति, मोहर निर्माण, रैखीय प्रत्यास्थ पदार्थ, समदैशिकता और विषम-दैशिकता, प्रतिबल-विकृति सम्बन्ध, एक अक्षीय भारण, तापीय प्रतिबल । धरन : बंकन आघूर्ण और अपरूपण बल आरेख, बंकन प्रतिबल और धरन विक्षेप अपरूपण प्रतिबल वितरण । शैफ्टों का ऐंठन, कुंडलिनी स्प्रिंग, संयुक्त प्रतिबल, मोटी व पतली दीवारों वाले दाब पात्र, संपीडांग और स्तंभ, विकृति ऊर्जा संकल्पना, सिद्धांत ।

8. इंजीनियरी पदार्थ :

ठोस पदार्थों की संरचना की मूल संकल्पनाएं, क्रिस्टलीय पदार्थ में दोष, मिश्रधातु और द्विअंगी कला आरेख, सामान्य इंजीनियरी पदार्थों की संरचना और गुणधर्म, इस्पात का ऊष्मा उपचार, प्लास्टिक, सेरेमिक और संयोजित पदार्थ, विभिन्न पदार्थों के सामान्य अनुप्रयोग ।

9. उत्पादन इंजीनियरी :

धातु प्ररूपण : फोर्जन, कर्षण और बहिर्वर्धन के मूल सिद्धांत; उच्च ऊर्जा दर प्ररूपण; चूर्ण धातुविज्ञान ।

धातु ढलाई : ठप्पा ढलाई, निवेश ढलाई, कवच ढलाई, उपकेन्द्री ढलाई, गेटिंग एवं आरोही अभिकल्प; गलन भट्टियां ।

संविरचन प्रक्रम : गैस, आर्क, परिरक्षित आर्क, वेल्डन के सिद्धांत; अग्रिम वेल्डन प्रक्रम, वेल्डनीयता; वेल्डन के धातुकर्म ।

धातु कर्तन : खरादन, पेंच उत्पादन की विधियां, करमाई, बेधन, मिलिंग, गियर विनिर्माण, सपाट सतहों का उत्पादन, पेषण और परिष्कृति प्रक्रम । कम्प्यूटर नियंत्रित विनिर्माण पद्धति-सी एन सी, डी एन सी, एफ एम सी, स्वचालन और रोबोटिक्स । कर्तन औजार पदार्थ, औजार ज्यामिति, औजार निघर्षण क्रियाविधि, औजार आयु और मशीनन सुकरता; कर्तन बलों का मापन । मशीनन का आर्थिक विवेचन । अपरंपरागत मशीनन प्रक्रम, जिग्स और अन्वायुक्तियां अन्वायोजन और सहिष्णुता, पृष्ठ गठन का मापन, तुलनित्र, मशीनी औजारों का संरेखण परीक्षण और पुनर्नवीयन ।

10. औद्योगिक इंजीनियरी :

उत्पादन योजना और नियंत्रण : पूर्वानुमान—गतिमान, माध्य, चरघातांकी मसृणीकरण, संक्रिया अनुसूचना; समन्वायोजन रेखा संतुलन, उत्पाद विकास, संतुलन स्तर विश्लेषण, धारिता योजना, पर्ट और सी पी एम ।

नियंत्रण संक्रिया : माल सूची नियंत्रण-ए बी सी विश्लेषण, ई ओ क्यू निदर्श, पदार्थ आवश्यकता योजना, कृत्यक अभिकल्पना, कृत्यक मानक, कार्य मापन, गुणवत्ता प्रबंध-गुणवत्ता विश्लेषण और नियंत्रण ।

संक्रिया अनुसंधान : रैखीय प्रोग्रामन-ग्राफीय और सिम्पलैक्स विधियां, परिवहन और समनुदेशन निदर्श, एक सर्वर पंक्ति निदर्श ।

मूल्य इंजीनियरी : लागत/मूल्य के लिए मूल्य विश्लेषण ।

11. अभिकलन के घटक :

अभिकलित्र (कम्प्यूटर) संगठन, प्रवाह संचित्रण, सामान्य कम्प्यूटर भाषाओं—फोर्ट्रान, डी-बेस 3, लोटस 1-2-3, सी के अभिलक्षण और प्रारम्भिक क्रमादेशन (प्रोग्रामन) ।

विद्युत इंजीनियरी

(वस्तुपरक और परम्परागत दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए)

प्रश्न-पत्र—1

1. विद्युत चुम्बकीय सिद्धांत

विद्युत तथा चुम्बकीय क्षेत्र । गाउस नियम और एम्पियर नियम । परावैद्युत चालक तथा चुम्बकीय पदार्थों में विद्युत क्षेत्र । मैक्सवेल समीकरण । समय परिवर्ती क्षेत्र, परावैद्युत तथा चालक माध्यम में समतल तरंग । संचरण लाइनें ।

2. विद्युत पदार्थ :

बैंड सिद्धांत । चालक, सामि-चालक और विद्युत रोधक । अतिचालकता । विद्युत तथा इलैक्ट्रानिक अनुप्रयोग के लिए विद्युतरोधक । चुम्बकीय पदार्थ । लौह और लघु-लौह चुम्बकत्व मृत्तिका, गुणधर्म और अनुप्रयोग । हाल प्रभाव और इसके अनुप्रयोग । विशेष सामिचालक ।

3. विद्युत परिपथ

परिपथ अवयव । किरचोफ-नियम । जाल और निस्पंद विश्लेषण । जाल (नेटवर्क) सिद्धांत और अनुप्रयोग । प्राकृतिक अनुक्रिया और बलकृत अनुक्रिया । यादृच्छिक निवेशों के लिए क्षणिक अनुक्रिया और स्थायी-दशा अनुक्रिया । ध्रुवों और शून्यों से संबंधित जाल के गुणधर्म । स्थानांतरित फलन । अनुनाद परिपथ । त्रिकला परिपथ । द्वि-द्वार जाल । द्वि-अवयव जाल संश्लेषण के अवयव ।

4. मापन और मापयंत्रण

मात्रक और मानक । त्रुटि विश्लेषण । धारा, वोल्टता, विद्युत-शक्ति, विद्युत-शक्ति गुणक और ऊर्जामापन । सूचक माप यंत्र । प्रतिरोध, प्रेरकत्व, धारिता और आवृत्ति मापन । सेतु मापन । इलैक्ट्रानिक माप यंत्र । अंकीय वोल्टमीटर और आवृत्ति गणित्र । पारांतरित्र और ताप, दाब, प्रवाह-दर विस्थापन, त्वरण, रव-स्तर आदि जैसी गैर-विद्युत राशियों के माप में उनका अनुप्रयोग । आंकड़े प्राप्त करने की पद्धति । अनुरूप-अंकीय और अंकीय-अनुरूप रूपांतरित्र ।

5. नियंत्रण तंत्र

भौतिक तंत्रों का गणितीय निदर्शन । खंड आरेख और संकेत प्रवाह आलेख और उनका समानयन । रैखीय गतिक तंत्र का समय ... आवृत्ति प्रक्षेत्र विश्लेषण । पुनः निवेश तंत्रों के लिए विभिन्न किस्म के निवेश और स्थायित्व निकर्ष के लिए त्रुटियां । राउथ-हरविट्ज आव्यूह, नाइक्विस्ट आलेख और बोडे आलेख का प्रयोग करते हुए स्थायित्व विश्लेषण । मूल बिन्दुपथ और निकोल चार्ट तथा लब्ध और कला उपांत का आकलन । प्रतिकारक अभिकल्प की मूल संकल्पना । अवस्था परिवर्ती आव्यूह तथा तंत्र निदर्शन और अभिकल्प में उसका प्रयोग । प्रतिचयित दत्त तंत्र और त्रुटि सरणी में प्रतिदर्श के साथ ऐसे तंत्र का निष्पादन । प्रतिचयित दत्त तंत्र का स्थायित्व । अरैखीय नियंत्रण विश्लेषण के अवयव । नियंत्रण तंत्र घटक, विद्युत यांत्रिक, द्रवचालित, वायुचालित घटक ।

प्रश्न-पत्र 2

1. विद्युत यंत्र तथा विद्युत परिणामित्र (पावर ट्रांसफार्मर्स)

चुम्बकीय परिपथ—विद्युत परिणामित्रों का विश्लेषण तथा अभिकल्पन । निर्माण तथा परीक्षण । तुल्य परिपथ । हानियां तथा दक्षता । नियंत्रण । स्वपरिणामित्र । त्रिकला परिणामित्र समांतर घूर्णी यंत्रों की मूल संकल्पनाएं । विद्युत वाहक बल (ई. एम. एफ) बल-आघूर्ण, यंत्रों की कल । किस्में । निर्माण तथा प्रचालन, क्षरण, हानियां तथा दक्षता ।

दि. धा. यंत्र । निर्माण । उत्तेजन की विधियां । परिपथ पवित्रण । आर्मेचर प्रतिक्रिया तथा दिक्परिवर्तन । अभिलक्षण तथा निष्पादन विश्लेषण । जनित्र तथा मोटरें । प्रवर्तन तथा चाल नियंत्रण । परीक्षण, हानियां तथा दक्षता । तुल्यकालिक यंत्र । निर्माण । परिपथ निदर्श । प्रचालन अभिलक्षण तथा निष्पादन विश्लेषण । तुल्यकालिक प्रतिघात । दक्षता । वोल्टता नियंत्रण । सम्मुखता भ्रंश यंत्र । समांतर प्रचालन । चाल दोलन । लघु परिपथ क्षणिकाएं । प्रेरण यंत्र । निर्माण । प्रचालन के सिद्धांत घूर्णी क्षेत्र । अभिलक्षण तथा निष्पादन विश्लेषण । परिपथ निदर्श का निर्धारण । वृत्त आरेख । प्रवर्तन तथा चाल नियंत्रण । भिन्नात्मक कि. वा. मोटरें । एकल प्रावस्था तुल्यकालिक तथा प्रेरण मोटरें ।

2. विद्युत तंत्र

विद्युत केन्द्रों की किस्में । जल, तापीय तथा नाभिकीय विद्युत केन्द्र । पंपित संचयन संयंत्र । आर्थिक और प्रचालन उपादान ।

विद्युत संचरण लाइनें । निदर्शन तथा निष्पादन अभिलक्षण । वोल्टता नियंत्रण । भार प्रवाह अध्ययन । इष्टतम विद्युत तंत्र प्रचालन । भार आवृत्ति नियंत्रक । सममित लघु परिपथ विश्लेषण । जेड-बस सूत्रीकरण । सममित घटक । प्रति इकाई निरूपण । दोष विश्लेषण । विद्युत तंत्रों का क्षणिक तथा स्थायी दशा स्थायित्व ।

विद्युत तंत्र क्षणिकाएं । विद्युत तंत्र सुरक्षा परिपथ वियोजक । रिले । उच्च वोल्टता दिष्ट धारा (एच वी डी सी) संचरण ।

3. अनुरूप और अंकीय इलैक्ट्रानिकी तथा परिपथ

सामि चालक युक्ति भौतिकी । पी एन संधि तथा ट्रांजिस्टर । परिपथ निदर्श तथा प्राचल । एफ ई टी, जीनर, टनल, शाटकी, फोटो डायोड तथा उनके अनुप्रयोग । दिष्टकारी परिपथ, वोल्टता नियंत्रक तथा वोल्टता परिवर्धक । डायोड तथा ट्रांजिस्टरों का स्विचन, आचरण । लघु संकेत प्रवर्धक । अभिनीत परिपथ । आवृत्ति अनुक्रिया तथा उसमें सुधार । बहुपद प्रवर्धक तथा पुनः निवेशन प्रवर्धक । संक्रियात्मक प्रवर्धक दि. धा. प्रवर्धक दोलित्र बहुत संकेत प्रवर्धक । युग्मन विधियां । दाब-कर्षण प्रवर्धक । संक्रियात्मक प्रवर्धक, तरंग रूपण परिपथ बहुकंपित्र तथा फ्लिप-फ्लाप और उनके अनुप्रयोग । अंकीय तर्कद्वार कल । सार्वत्रिक द्वार-अंकगणितीय तथा तर्क संक्रिया के लिए संयुक्त परिपथ । अनुक्रमिक तर्क परिपथ । गणित्र, पंजियां (रजिस्टर्स) यादृच्छिक अभिगम स्मृति (आर. ए. एम.) तथा केवल पठन, स्मृति (आर. ओ. एम.) ।

4. सूक्ष्म संसाधित्र (माइक्रोप्रोसेसर)

सूक्ष्म संसाधित्र वास्तुकला—अनुदेश समुच्चय तथा एकल कोडांतरण भाषा क्रमादेशन । स्मृति के लिए अन्तराष्ठीकरण तथा आवेशसूचक संक्रिया । विद्युत तंत्र में सूक्ष्म संसाधित्र के अनुप्रयोग ।

5. संचार तंत्र :

माडुलन के प्रकार, ए. एम., एफ. एम. तथा पी. एम. । विमाडुलक । रव तथा बैंड चौड़ाई का विवेचन । अंकीय संचार तंत्र । स्पंद कोड माडुलन तथा विमाडुलन । ध्वनि तथा दृश्य प्रसारण के घटक । आवृत्ति विभाजन और काल विभाजन बहुसंकेतन । विद्युत इंजीनियरी में दूरमिति प्रणाली ।

6. विद्युत-शक्ति (पावर) इलैक्ट्रानिकी :

विद्युत-शक्ति सामिचालक युक्तियां । थाइरिस्टर । विद्युत-शक्ति ट्रांजिस्टर, जी. टी. ओ. तथा एम. ओ. एस. एफ. ई. टी. । अभिलक्षण तथा प्रचालन । प्रत्यावर्ती धारा (ए. सी.) से दिष्ट धारा (डी. सी.) परिवर्तक, एक कला और त्रिकला दिष्ट धारा (डी. सी.) से दिष्ट धारा (डी. सी.) परिवर्तक । प्रत्यावर्ती धारा प (ए. सी.) नियंत्रक । थाइरिस्टर नियंत्रित प्रतिधातक । स्विच संचारित चाल ।

प्रतीपक, एकल कला तथा त्रिकला । स्पंद चौड़ाई माडुलन । समान परिवर्तन सहित ज्यावक्रीय माडुलन । स्विच विधा विद्युत प्रदाय ।

इलैक्ट्रानिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी

(वस्तुपरक तथा परम्परागत दोनों प्रकार के प्रश्न-पत्रों के लिए)

प्रश्न-पत्र 1

1. पदार्थ एवं घटक

विद्युत इंजीनियरी पदार्थों की संरचना एवं गुणधर्म, चालक सामिचालक और विद्युतरोधक, चुम्बकीय, लौह, विद्युत, दाब विद्युत, मृत्तिका, प्रकाशिक और अतिचालक पदार्थ । निष्क्रिय घटक और अभिलक्षण । प्रतिरोधक, संधारित्र और प्रेरक फेराइट क्वार्ट्ज क्रिस्टल, मृत्तिका अनुनादक, विद्युत चुम्बकीय और विद्युत यांत्रिक घटक ।

2. भौतिक इलैक्ट्रानिकी, इलैक्ट्रान युक्तियां और एकीकृत परिपथ (आई. सी.)

सामिचालकों में इलैक्ट्रान और होल, वाहक सांख्यिकी, सामिचालक में धारा प्रवाह की क्रियाविधि, हाल प्रभाव, संधि (जंक्शन) सिद्धांत, विभिन्न प्रकार के डायोड एवं उनके अभिलक्षण द्विध्रुवी (बायपोलर) संधि ट्रांजिस्टर, क्षेत्र प्रभाव ट्रांजिस्टर, एस. सी. आर., जी. टी. ओ. और पावर मॉसफेट जैसी पावर स्विचन युक्तियां, द्विध्रुवी, मॉस और सीमॉस किस्म के एकीकृत परिपथों का आधारभूत ज्ञान; प्रकाश-इलैक्ट्रानिकी का आधारभूत ज्ञान ।

3. संकेत एवं तंत्र

संकेतों एवं तंत्रों का वर्गीकरण, अवकल एवं अन्तर समीकरणों के आधार पर तंत्र निदर्शन, अवस्था पर निरूपण, फोरिए श्रेणी, फोरिए रूपांतर और तंत्र विश्लेषण में उनका अनुप्रयोग; लाप्लास रूपांतर और तंत्र विश्लेषण में उनका अनुप्रयोग, संवलन एवं अध्यारोपण समाकल और उनका अनुप्रयोग, Z—रूपांतर और विविक्त काल प्रणाली के विश्लेषण और अभिलक्षण में उनका अनुप्रयोग, यादृच्छिक संकेत तथा प्रायिकता, सहसंबंध फलन, स्पेक्ट्रमी घनत्व यादृच्छिक निवेशों के प्रति रैखिक तंत्र की अनुक्रिया ।

4. जाल (नेटवर्क) सिद्धांत

जाल विश्लेषण तकनीक, विभिन जाल सिद्धांत, क्षणिक अनुक्रिया, स्थायी अवस्था ज्यावक्रीय अनुक्रिया, विभिन्न जाल आलेख और जाल विश्लेषण में उनका अनुप्रयोग । टेलीजेन-सिद्धान्त । द्विद्वार जाल (Two Parts Net Work). Zyh और संचरण प्राचल द्विद्वि द्वारों का संयोजन सामान्य द्विव द्वारा का विश्लेषण । विभिन्न जाल फलन : व जाल फलनों के भाग किए गए भाग से जाल फलन प्राप्त करना । संचरण निष्कर्ष : विलंब और उन्नयन काल, एलमोर की ओर अन्य परिभाषाएं, सोपानी प्रभाव । जाल संश्लेषण के अवयव ।

5 विद्युत चुम्बकीय सिद्धान्त :

स्थिर विद्युत तथा चुम्बकीय स्थिर क्षेत्रों का विश्लेषण : लाप्लास प्वासों की समीकरणें, सीमित मूल्य समस्याएं और उनका समाधान । मैक्सवेल-समीकरण : परिबद्ध तथा अपरिबद्ध माध्यम

में तरंग संचरण के लिए अनुप्रयोग, संचरण लाइनें । मूल सिद्धांत, अग्रगामी तरंगें, प्रतिरूपी अनुप्रयोग, सूक्ष्मपट्टी लाइनें । तरंग पथकों और अनुवादकों का मूलभूत ज्ञान, एन्टेना सिद्धान्त के अवयव ।

6. इलैक्ट्रानिक मापन और मापयंत्रण

मूल संकल्पना, मानक और त्रुटि विश्लेषण, मूल वैद्युत राशियों और प्राचलों का मापन; इलैक्ट्रानिक माप यंत्र तथा उनकी कार्य प्रणाली के सिद्धान्त : अनुरूप और अंकीय तुलना अभिलक्षण और अनु प्रयोग । ट्रांसड्यूसर्स : ताप, दाब, आद्रता आदि जैसी गैर-विद्युत राशियों का इलैक्ट्रानिक मापन; औद्योगिक उपयोग के लिए दूरमिति का मूलभूत ज्ञान ।

प्रश्न-पत्र 2

1. अनुरूप इलैक्ट्रानिकी परिपथ

ट्रांसजिस्टर अभिनतिकरण और स्थायीकरण । लघु संकेत विश्लेषण । शक्ति प्रवर्धक । आवृत्ति अनुक्रिया । विस्तृत बैंड तकनीक । पुनर्भरण (फीडबैक) प्रवर्धक । समस्वरित प्रवर्धक । दोलित्र दिष्टकारी और विद्युत प्रदाय । ओ. पी. एम्प, पी. एल. एल. O. P. Amp PLL), अन्य रैखिक एकीकृत परिपथ और उनके अनुप्रयोग । स्पंद आकृति संसाधक परिपथ और तरंगरूप जनित्र ।

2. अंकीय इलैक्ट्रानिक परिपथ

स्विचन अवयव के रूप में ट्रांजिस्टर, बूलीय बीज गणित, बूलीय फलनों का सरलीकरण । कारनाफ प्रतिचित्र और अनुप्रयोग; विभिन्न एकीकृत परिपथ (आई सी) तर्क द्वारा और उनके अभिलक्षण; एकीकृत परिपथ तर्क परिवार : डी टी एल, टी टी एल, ई सी एल, एन मॉस (N MOS) पी मॉस (P MOS) और सी मॉस (CMOS) द्वार और उनकी तुलना; संयुक्त तर्क परिपथ; अर्धयोजक, पूर्ण योजक; अंकीय तुलनित्र, बहुसंकेतक (मल्टी प्लेक्सर), विबहुसंकेतक (डिमल्टी प्लेक्सर), केवल पठन स्मृति (आर ओ एम) और उनका अनुप्रयोग । विभिन्न फिलप फ्लाप RS, JRD और T-फिलप फ्लाप । विभिन्न प्रकार के गणित्र और पंजियां । तरंगरूप जनित्र । अनुरूप-अंकीय और अंक-अनुरूप परिवर्तक । सामिभालक स्मृतियां ।

3. नियंत्रण तंत्र :

नियंत्रक तंत्रों की क्षणिक और स्थायी अवस्था अनुक्रिया; स्थायित्व और संवेदनशीलता पर पुनर्भरण का प्रभाव, मूल बिन्दु-पथ तकनीक, आवृत्ति अनुक्रिया विश्लेषण विधि और प्रावस्था उपांत की संकल्पनाएं, अचर-एम और अचर-एन निकोल-चार्ट, अचर अचर-एन निकोल चार्ट के क्षणिक अनुक्रिया का सन्निकटन; संवृत पाश आवृत्ति अनुक्रिया से क्षणिक अनुक्रिया का सन्निकटन। नियंत्रण तंत्रों का अभिकल्पन, प्रतिकारित्र औद्योगिक नियंत्रक ।

4. संचार तंत्र :

आधारभूत सूचना सिद्धान्त अनुरूप और अंकीय तंत्रों में माडुलन और संसूचन प्रतिचयन और पुनर्निमाण । क्वांटमीकरण और कूटलेखन, काल विभाजन और आवृत्ति विभाजन बहुसंकेतक, समकरण, मुक्तआकाश और तंतु प्रकाशिकीय में प्रकाशिक संचार, उच्च आवृत्ति, अति उच्च आवृत्ति, परा उच्च आवृत्ति और सूक्ष्मतरंग आवृत्ति पर संकेतों का संचरण; उप ग्रह संचार ।

5. सूक्ष्मतरंग इंजीनियरी :

सूक्ष्मतरंग नलिकाएं और ठोस अवस्था युक्तियां, सूक्ष्मतरंग जनन और प्रवर्धक, तरंग पथक और अन्य सूक्ष्मतरंग घटक और परिपथ, सूक्ष्मपट्टी परिपथ, सूक्ष्मतरंग एन्टेना, सूक्ष्मतरंग मापन, मेजर (MAS RS) लेजर सूक्ष्मतरंग संचरण । पार्थिव और उपग्रह आधारित सूक्ष्मतरंग संचार तंत्र ।

6. कम्प्यूटर इंजीनियरी :

संख्या पद्धति, आंकड़ा—निरूपण, क्रमादेशन, उच्च स्तर क्रमादेश भाषा पास्कल/सी (PASCAL/C) के अवयव आधारभूत आंकड़ा संरचनाओं का प्रयोग । कम्प्यूटर वास्तुकला के मूल अवयव । संसाधित अभिकल्पन : नियंत्रण एकक अभिकल्पन, स्मृति संगठन, निवेश/निर्गम तंत्र संगठन, सूक्ष्मसंसाधित्र (माइक्रोप्रोसेसर), सूक्ष्मसंसाधित्र (माइक्रोप्रोसेसर) 8085 और 8086 की वास्तुकला और अनुदेश समुच्चय, कोडांतरण भाषा क्रमादेशन; सूक्ष्मसंसाधित्र (माइक्रोप्रोसेसर) आधारित तंत्र अभिकल्प : प्रतिरूपी उदाहरण । वैयक्तिक कम्प्यूटर और उनके प्रतिरूपी प्रयोग ।

परिशिष्ट-2

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम ।

ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि वे अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं । ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों (मेडिकल एग्जामिनर्स) का मार्ग-निर्देशन के लिए भी हैं तथा जो उम्मीदवार इन विनियमों में निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है तो उसे स्वास्थ्य परीक्षकों के द्वारा स्वस्थ घोषित नहीं किया जा सकता । किन्तु किसी उम्मीदवार को इन विनियमों में निर्धारित मानक के अनुसार स्वस्थ न मानते हुए भी स्वस्थ परीक्षा बोर्ड को इस बात की अनुमति होगी कि वह लिखित रूप से स्पष्ट कारण देते हुए भारत सरकार को यह अनुशंसा कर सके कि उक्त उम्मीदवार को सेवा में लिया जा सकता है और इसमें सरकार को कोई हानि नहीं होगी ।

2. किन्तु यह बात भी भली प्रकार समझ लेनी चाहिए कि भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

1. नियुक्ति के लिए स्वास्थ्य ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो

और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो ।

2. प्रत्येक उम्मीदवार की उनके व्यक्तित्व परीक्षण के दूसरे दिन या इस तथ्य को ध्यान में न रखते हुए कि उन्होंने पहले ऐसी डाक्टरी जांच करवाई थी और पहली जांच के आधार पर उन्हें स्वस्थ अथवा अस्वस्थ पाया गया था, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा यथानिर्णीत तारीख और स्थान की सेंट्रल हॉस्पिटल, बसंत लेन, नई दिल्ली पर डाक्टरी जांच करवाई जाएगी । यदि कोई उम्मीदवार व्यक्तित्व परीक्षण के लिए तो उपस्थित होता है किन्तु किसी भी कारणवश डाक्टरी जांच के लिए उपस्थित नहीं हो पाता है तो :

(क) उसे डाक्टरी जांच से अनुपस्थित रहने के लिए रेलवे बोर्ड (डी डी ई) (जी आर) से पूर्व अनुमति लेनी होगी ।

(ख) यदि किसी आवश्यक कारण से अनुमति नहीं ली जाती है तो उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वह व्यक्तित्व परीक्षण के 15 दिन के अंदर-अंदर रेल मंत्रालय के संबंधित प्राधिकारी को अनुपस्थित रहने के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण तथा पूर्व अनुमति न लेने का कारण बताए । उन्हें कोई यात्रा भत्ता, महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा ।

किसी भी परिस्थिति में व्यक्तित्व परीक्षण होने के 15 दिन बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

यह उम्मीदवार के हित में ही होगी कि वह संपूर्ण विवरण/प्रलेखों सहित तैयार होकर आए । उपर्युक्त जैसा कोई भी अपूर्ण निवेदन कोई अभिवेदन नहीं माना जाएगा तथा उम्मीदवार को इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 1999 के आधार पर कोई भी सेवा/पद आबंटित नहीं किया जाएगा । इस संबंध में रेल मंत्रालय का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवार इस निर्णय को मानने के लिए बाध्य होंगे । यह भी नोट कर लिया जाएगा कि यदि कोई उम्मीदवार चिकित्सा जांच पूरी होने से पहले ही अस्पताल से चला जाता है तो यह मान लिया जाएगा कि वह उपस्थित ही नहीं हुआ है तथा इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 1999 के आधार पर उसे कोई भी सेवा/पद आवंटित नहीं किया जाएगा ।

3. (क) भारतीय (एंग्लो इण्डियन सहित) जाति के उम्मीदवार की आयु, कद और छाती के घेर के परस्पर सम्बन्ध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों के परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर सम्बन्ध के आंकड़े सबसे अधिक उपयुक्त समझें, व्यवहार में लाए । यदि वजन, कद और छाती के घेरों में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और उसकी छाती का एक्सरे लेना चाहिए । ऐसा करने के बाद ही कोई उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा ।

(ख) किन्तु कुछ सेवाओं के लिए कद और छाती के घेरे के लिए कम से कम मानक निम्नलिखित हैं, जिस पर पूरा न उतरने पर उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया जा सकता :—

सेवा का नाम	कद	छाती का घेरा (पूरा फुला कर)	फैलाव
1	2	3	4
रेल इंजीनियर सेवा (सिविल वैद्युत यांत्रिक और सिगनल) और के०लो०नि०वि० में केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' तथा केन्द्रीय विद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'			
(क) पुरुष उम्मीदवारों के लिए	152 सें०मी०	84 सें०मी०	5 सें०मी०
(ख) महिला उम्मीदवारों के लिए	152 सें०मी०	79 सें०मी०	5 सें०मी०

अनुसूचित जनजातियों और उन जातियों जैसे गोरखा, गढ़वाली, असमिया, नागालैण्ड के आदिवासियों आदि जिनका औसत कद स्पष्टतः ही कम होता है, के मामले में भी निर्धारित न्यूनतम कद में छूट दी जा सकती है ।

(ग) सेना इंजीनियरी सेवाओं और भारतीय आयुध कारखाना सेवा ग्रुप 'क' के लिए छाती की नाप में कम से कम 5 सें.मी. के फैलाव की गुंजाइश रखनी होगी ।

4. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि से मापा जाएगा :—

वह अपने जूते उतार देगा और मापदण्ड (स्टैण्डर्ड) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाए एड़ियों के पावों के अंगूठों या किसी और हिस्से पर न पड़े । वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितम्ब और कन्धे मापदण्ड के साथ लगे होंगे । उसकी ठोड़ी नीचे रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (वरटैक्स आफदी हैडलेवल) हौरिजन्टल स्तर (आड़ी छड़) के नीचे आए । कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों में मापा जाएगा ।

5. उम्मीदवार के छाती मापने का तरीका इस प्रकार है :— उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों, फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि उसका ऊपरी किनारा असफलक (शौल्डर ब्लैड) के निम्न-कोणों (इन्फीरियर एंगल्स) के पीछे लगा रहे और यह फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़े समतल (हॉरिजंटल प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कन्धे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि फीता अपने स्थान से हट न पाए। तब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा तथा छाती के अधिक से अधिक फैलाव पर सावधानी से ध्यान दिया जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटर में रिकार्ड किया जाएगा जैसे 83—89, 86—93.5 आदि माप को रिकार्ड करते समय आधे सेंटीमीटर से कम भिन्न (फ्रेक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

विशेष ध्यान दें :—अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार मापी जानी चाहिए।

6. उम्मीदवार का वजन भी किया जाएगा और उसका वजन किलोग्राम में रिकार्ड किया जाएगा। आधा किलोग्राम से कम भिन्न (फ्रेक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

7. उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा :—

(1) सामान्य—किसी रोग या असामान्यता का पता लगाने के लिए उम्मीदवार की आंखों की सामान्य परीक्षा की जाएगी। यदि उम्मीदवार की आंखों, पलकों अथवा साथ लगी संरचनाओं (कोंटिगुअस स्ट्रक्चर्स) का कोई ऐसा रोग हो जो उसे अब या आगे किसी समय सेवा के लिए अयोग्य बना सकता हो तो उसको अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(2) दृष्टि-तीक्ष्णता (विजुअल एक्यूटी)—दृष्टि की तीक्ष्णता का निर्धारण करने के लिए दो तरह की जांच की जाएगी। एक दूर की नजर के लिए और दूसरी नजदीक की नजर के लिए। प्रत्येक आंख की अलग-अलग परीक्षा की जाएगी।

चश्मे के बिना आंख की नजर (नेकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी किन्तु प्रत्येक मामले में मेडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा। क्योंकि इसमें आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बेसिक इन्फारमेशन) मिल जाएगी।

चश्मे के साथ और चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर की मानक निम्नलिखित होगा :—

सेवाएं	दूर की दृष्टि		निकट की दृष्टि	
	अच्छी आंख सही दृष्टि	खराब आंख	अच्छी आंख सही दृष्टि	खराब आंख
1	2	3	4	5
क. तकनीकी				
1. रेल इंजीनियरी सेवाएं (सिविल विद्युत् यांत्रिकी और सिगनल)	6/6	6/12	जे/I	जे/II
	अथवा			
	6/9	6/9		
2. केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' केन्द्रीय विद्युत तथा यांत्रिक इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' भारतीय निरीक्षण सेवा ग्रुप 'क' केन्द्रीय जल इंजीनियरी	6/6	6/12	जे/I	जे/II
अथवा				
सेवा ग्रुप 'क' केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा सड़क ग्रुप 'क' तथा दूर संचार इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल तथा वैद्युत) डाक एवं तारभवन निर्माण (ग्रुप 'क') सेवा, आई० डब्ल्यू० पी० एण्ड सी० स्कन्ध अनुश्रवण संगठन संचार मंत्रालय में इंजीनियरी का पद भारतीय प्रसार (इंजीनियर) सेवा, भारतीय आयुद्ध शाला सेवा ग्रुप 'क' सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'	6/9	6/9		
3. सेना इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' सहायक कार्यपालक	6/6	6/18	जे/I	जे/II

1	2	3	4	5
अथवा				
सहायक प्रबन्धक (कारखाना) ग्रुप 'क' डाक तार दूरसंचार कारखाना संगठन	6/9	6/9		
ख. गैर तकनीकी				
4. भारतीय रेल भंडार सेवा भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण विभाग में बर्मा इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क' और यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क' तथा भारतीय आपूर्ति सेवा ग्रुप 'क'	6/9	6/12	जे/1	जे/

टिप्पणी (1)

(क) उपर्युक्त 'क' पर उल्लिखित तकनीकी सेवाओं के सम्बन्ध में मायोपिया (सिलैण्डर सहित) का कुल परिणाम 4.4 डी. से अधिक नहीं होगा। हाइपरमेट्रोपिया (सिलैण्डर सहित) का कुल परिणाम 4.00 डी. से अधिक नहीं होगा। किन्तु शर्त यह है कि "तकनीकी" रेल मंत्रालय (रेल विभाग के अधीन सेवाओं के अलावा) के रूप में वर्गीकृत सेवाओं का उम्मीदवार यदि हाई मायोपिया के कारण अयोग्य पाया जाए तो यह मामला तीन नेत्र विशेषज्ञों के विशेष बोर्ड को भेज दिया जाएगा जो यह घोषणा करेंगे कि यह मायोपिया रोगात्मक है या कि नहीं। यदि यह रोगात्मक नहीं है तो उम्मीदवार को योग्य घोषित कर दिया जाएगा बशर्ते कि वह अन्यथा दृष्टि संबंधी अपेक्षाएं पूरी कर दे।

(ख) मायोपिया फण्डस की प्रत्येक मामले में जांच करनी चाहिए और उसके नतीजे का रिकार्ड किया जाना चाहिए। यदि उम्मीदवार को रोगात्मक अवस्था हो जिसके बढ़ने और उससे उम्मीदवार की कार्यकुशलता पर असर पड़ने की संभावना हो तो उसे अयोग्य घोषित कर देना चाहिए।

टिप्पणी (2)

भारतीय दूर संचार सेवा ग्रुप 'क' के अलावा उपर्युक्त 'क' पर उल्लिखित तकनीकी सेवाओं के सम्बन्ध में वर्णदर्शन की जांच अनिवार्य होगी।

जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है वर्ण—अवगम उच्चतर तथा निम्नतर ग्रेडों में होना चाहिए जो लैन्टर्न में द्वारक (एपर्चर) के आकार पर निर्भर हो :—

ग्रेड	वर्ण अवगम का उच्चतर ग्रेड	वर्ण अवगम का निम्नतर ग्रेड
1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	16'	16'
2. द्वारक (एपर्चर) का आकार	1.3 मि० मीटर	13 मि० मीटर
3. दिखाने का समय	5 सैकेण्ड	5 सैकेण्ड

रेल इंजीनियरिंग सेवा (सिविल, वैद्युत, सिग्नल और यांत्रिक) और रेल सुरक्षा संबंधित अन्य सेवाओं के लिए ऊंचे ग्रेड के वर्ण दर्शन की जरूरत है किन्तु अन्यथा नीचे ग्रेड के वर्ण दर्शन को पर्याप्त माना जाना चाहिए :—

सेवाओं/पदों के वर्ग जिनके लिए उच्च या निम्न ग्रेड का वर्णदर्शन अपेक्षित है, नीचे दिए जा रहे हैं :—

तकनीकी सेवाएं या पद जिनके लिए उच्चतर ग्रेड का वर्ण-दर्शन अपेक्षित है :—

(1) रेल इंजीनियरी सेवा।

(2) सैन्य इंजीनियरी सेवा (आई. डी. एस. ई. तथा सर्वेक्षण संवर्ग)।

(3) भारतीय सर्वेक्षण ग्रुप 'क' सेवा।

(4) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क)।

(5) केन्द्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा।

(6) सहायक प्रबन्धक (कारखाना) ग्रुप 'क' (डाक तार) दूर संचार कारखाना संगठन।

(7) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

(8) भारतीय निरीक्षण सेवा।

तकनीकी सेवाएं या पद जिनके लिए निम्नतर ग्रुप का वर्ण-दर्शन अपेक्षित है :—

(1) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा।

(2) केन्द्रीय वैद्युत तथा यांत्रिक इंजीनियरी सेवा।

(3) भारतीय आयुध कारखाना सेवा।

(4) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा।

(5) सहायक कार्यकारी इन्जीनियर (सिविल तथा वैद्युत) डाक व तार भवन निर्माण (ग्रुप 'क') सेवा।

(6) भारतीय प्रसारण (इंजीनियरी) सेवा का कनिष्ठ वेतनमान।

(ग) इंजीनियर ग्रुप 'क' केन्द्रीय आयुध और समन्वय स्वास्थ्य/अनुरक्षण संगठन।

लाल, हरे और सफेद रंग के संकेतों को आसानी से और हिचकिचाहट के बिना पहचानना लेना संतोषजनक वर्ण दर्शन है।

वर्ण दर्शन की परीक्षा के लिए इशिहारा की प्लेटों तथा एडरिज की लैंटर्न—दोनों का प्रयोग किया जाएगा।

टिप्पणी (4)—रतौंधी (नाइट ब्लाइन्डनेस—केवल विशेष के लिए सम्मुखन विधि द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र को परिमापी (पेरामीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

टिप्पणी (4)—रतौंधी (नाइट ब्लाइन्डनेस)—केवल विशेष मामलों को छोड़कर रतौंधी की जांच नेमी के रूप में जरूरी नहीं है। रतौंधी या अंधेरे में दिखाई न देने की जांच करने के लिए कोई स्टैन्डर्ड निश्चित नहीं है। मैडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टैस्ट कर लेने चाहिए जैसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अन्दर कमरे में लाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विभिन्न चीजों की पहचान करवा कर दृष्टि तीक्ष्णता रिकार्ड करना। उम्मीदवारों के कहने पर ही हमेशा विश्वास नहीं करना चाहिए किन्तु उन पर उचित विचार किया जाना चाहिए।

टिप्पणी (5)—केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा हेतु उम्मीदवारों की चिकित्सा बोर्ड द्वारा जरूरी समझे जाने पर वर्ण दर्शन और रतौंधी संबंधी परीक्षण पास करना होगा। भारतीय सर्वेक्षण सेवा ग्रुप 'क' के लिए उम्मीदवारों को 'त्रिविम मण्डल' परीक्षण पास करना होगा।

टिप्पणी (6)—दृष्टि की तीक्ष्णता से भिन्न आंख को दर्शाए (आक्युलर कण्डीशन)।

(क) आंख की अंग सम्बन्धी बीमारी को बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (रिफ्रैक्टिव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्ष्णता के कम होने की सम्भावना हो, अयोग्यता का नहीं कारण समझना चाहिए।

(ख) भेंगापन—ऊपर 'क' पर उल्लिखित तकनीकी सेवाओं हेतु जहां दोनों आंखों की दृष्टि का होना जरूरी है, भेंगापन अयोग्यता माना जाएगा चाहे दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की ही क्यों न हो। यदि दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित मानक के अनुसार हो तो अन्य सेवाओं हेतु भेंगापन अयोग्यता माना जाएगा।

(ग) यदि कोई एक आंख वाला व्यक्ति है या उसकी एक आंख की दृष्टि सामान्य है तथा दूसरी आंख की दृष्टि कमजोर है तथा उसकी दृष्टि उपसामान्य है तो इसका सहज प्रभाव यह होता है कि गहनता अवबोध के लिए उनके पास त्रिविम दृष्टि की कमी है। कई सिविल पदों के लिए ऐसी दृष्टि जरूरी नहीं है। चिकित्सा बोर्ड ऐसे व्यक्तियों को स्वस्थ होने की अनुशंसा कर सकता है, बशर्ते कि उसकी सामान्य आंख :—

(1) को चश्मा लगाकर या चश्मे के बिना दूर दृष्टि 6/6 और निकट दृष्टि जे/1 हो बशर्ते कि किसी मेरिडियन में दूर दृष्टि सम्बन्धी दोष 4 डायोप्टर से अधिक न हो।

(2) का दृष्टि-क्षेत्र पूर्ण हो।

(3) आवश्यकतानुसार सामान्य वर्ण दर्शन।

किन्तु बोर्ड संतुष्ट हो कि उम्मीदवार संदर्भगत कार्य विशेष सम्बन्धित सभी कार्रवाई कर सकता है।

"तकनीकी" के रूप में वर्गीकृत पदों/सेवाओं के उम्मीदवारों के लिए दृष्टि की तीक्ष्णता का शिथिल किया हुआ उपर्युक्त मानक लागू नहीं होगा।

टिप्पणी (7)—कान्टैक्ट लैंस—चिकित्सा परीक्षा के दौरान उम्मीदवार को कान्टैक्ट लैंस प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

टिप्पणी (8)—यह आवश्यक है कि आंखों का परीक्षण करते समय दूर दृष्टि के लिए टाइप अक्षरों की प्रदीप्ति 15 फुट कैन्डल की प्रदीप्ति जैसी हो।

टिप्पणी (9)—सरकार किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में विशेष कारण से किसी भी शर्त में छूट दे सकती है।

8. रक्त दाब (ब्लड प्रेशर)

ब्लड प्रेशर के सम्बन्ध में बोर्ड अपने विवेक से काम लेगा। सामान्य मेक्जीमम सिस्टालिक प्रेशर के आकलन को काम चलाऊ विधि निम्न प्रकार है :—

(1) 15 से 25 वर्ष के युवा व्यक्तियों में औसत ब्लड प्रेशर लगभग 100 + आयु होता है।

(2) 25 वर्ष से ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर के आकलन में 110 + आधी आयु का सामान्य विनियम बिल्कुल संतोषजनक पड़ता है।

विशेष ध्यान : सामान्य नियम के रूप में 140 एम. एम. से ऊपर सिस्टालिक प्रेशर और 90 एम. एम. से ऊपर डायस्टालिक प्रेशर को संदिग्ध मान लेना चाहिए और उम्मीदवार को अयोग्य या योग्य ठहराने के सम्बन्ध में अपनी राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखने की रिपोर्ट से यह पता लगना चाहिए कि घबराहट (एक्साइटमेंट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर थोड़े समय रहने वाला है या इसका कारण कोई (आगंगिक) बीमारी है। ऐसे भी मामलों में हृदय का एक्सरे और इलैक्ट्रोकार्डियाग्राफी जांच और रक्त यूरिया निकास (क्लियरेंस) की जांच भी नेमी तौर पर की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने पर या न होने के बारे में अंतिम फैसला केवल मैडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रैशर (रक्त दाब) नापने का तरीका

नियमित पारे वाले दाबमापी (मरकरी मैनोमीटर) किस्म का उपकरण (इंस्ट्रूमैंट) इस्तेमाल करना चाहिए । किसी किस्म का व्यायाम या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं लेना चाहिए । रोगी बैठा या लेटा हो बशर्ते कि वह और विशेषकर उसकी बांह शिथिल और आराम से हो । बांह थोड़ी बहुत हारिजेन्टल स्थिति में रोगी के पार्श्व पर हो तथा उस के कन्धे तक कपड़ा उतार देना चाहिए । कफ में से पूरी तरह हवा निकाल कर बीच की रबड़ को भुजा के अन्दरूनी ओर रख कर और उसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके लगाना चाहिए । इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैलाकर समान रूप से लपेटना चाहिए ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर को ना निकले ।

कोहनी के मोड़ पर बांह धमनी (ब्रकियल आर्टरी) को दबादबा कर ढूंढा जाता है तब उसके ऊपर बीचों-बीच स्टेथस्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे । कफ में लगभग 200 एम. एम. एच. जी. हवा भरी जाती है । और इसके बाद इसमें से धीरे-धीरे हवा निकाली जाती है हल्की क्रमिक ध्वनियां सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है वह सिस्टालिक प्रेशर दर्शाता है । जब और हवा निकाली जाएगी तो और तेज ध्वनियां सुनाई पड़ेंगी । जिस स्तर पर साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की धीमी हुई सी लुप्त प्रायः हो जाए तो वह डायस्टालिक प्रैशर है । ब्लड प्रैशर काफी थोड़ी अवधि में ही लेना चाहिए क्योंकि कफ के लम्बे समय का दबाव रोगी के लिए क्षोभकारक होता है और इससे रीडिंग गलत होती है यदि दोबारा पड़ताल करनी जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकाल कर कुछ मिनट के बाद ही ऐसा किया जाए । कभी-कभी कफ में से हवा निकालने पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती है बाद गिरने पर ये गायब हो जाती हैं तथा निम्न स्तर पर पुनः प्रकट हो जाती है । इस "साइलेन्ट गैप" रीडिंग में गलती हो सकती है ।

9. परीक्षक की उपस्थिति में किए गए मूत्र की परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए । जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रसायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के द्योतक चिन्ह और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा । यदि उम्मीदवार को ग्लूकोज मेह (ग्लाइक्यूरिया) के सिवाय, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टेण्डर्ड के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है कि ग्लूकोज मोही (नानडायबेटिक) नहीं है और बोर्ड इस केस को मेडिकल के किसी ऐसे विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला सुविधाएं हों । मेडिकल विशेषज्ञ स्टेण्डर्ड ब्लड शूगर टालरेंस टेस्ट समेत जो भी क्लिनिकल या लेबोरेटरी परीक्षाएं जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट बोर्ड को भेज देगा । जिस पर मेडिकल बोर्ड की 'फिट' 'अनफिट' की अंतिम राय आधारित होगी । दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी होगा, औषधि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन तक अस्पताल में पूरी देख-रेख में रखा जाए ।

10. यदि जांच के परिणामस्वरूप कोई महिला उम्मीदवार 12 हफ्ते या उससे अधिक समय की गर्भवती पाई जाती है तो उसकी अस्थाई रूप से तब तक अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए जब तक कि उसका प्रसव पूरा न हो जाए । किसी रजिस्टर्ड चिकित्सा व्यवसायी का स्वस्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर, प्रसूति की तारीख से 6 हफ्ते बाद आरोग्य प्रमाण-पत्र के लिए उसकी फिर से स्वास्थ्य परीक्षा की जानी चाहिए ।

11. निम्नलिखित अतिरिक्त बातों का प्रेक्षण किया जाना चाहिए :—

(क) उम्मीदवार को दोनों कानों से अच्छा सुनाई पड़ना है और उसके कान में बीमारी का कोई चिह्न नहीं है । यदि कोई कान की खराबी हो तो उसकी परीक्षा कान विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए । यदि सुनने की खराबी का एलाज शल्य क्रिया (आपरेशन) या हियरिंग एड के इस्तेमाल से हो सके तो उम्मीदवार को इस आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता है बशर्ते कि कान की बीमारी बढ़ने वाली न हो । यह उपबंध भारतीय रेल भंडार सेवा के अलावा अन्य रेल सेवाओं, सेना इंजीनियरी सेवा, भारतीय दूरसंचार सेवा ग्रुप 'क', केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' और केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी की सेवा ग्रुप 'क' और सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' पर लागू नहीं है । चिकित्सा परीक्षा प्राधिकारी के मार्गदर्शन के लिए इस संबंध में निम्नलिखित मार्गदर्शन जानकारी दी जाती है :—

(1) एक कान में प्रकट अथवा पूर्ण बहरापन दूसरा कान सामान्य होगा ।	यदि हायर फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसीबल तक हो तो गैर तकनीकी कार्यों के लिए योग्य ।
(2) दोनों कानों में बहरेपन का प्रत्यक्ष बोध जिसमें श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) द्वारा कुछ सुधार संभव हो ।	यदि 1000 से 4000 तक की स्पीच फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसिबल तक हो तो तकनीकी तथा गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के कार्यों के लिए योग्य ।
(3) सेंट्रल अथवा मार्जिनल टाइप के टिमपेनिक मम्बरेन का छिद्र	(1) एक कान सामान्य, दूसरे कान में टिमपेनिक मैम्बरेन का छिद्र हो तो अस्थायी आकार पर अयोग्य 1 कान की शल्य चिकित्सा स्थिति सुधरने पर दोनों कानों में मार्जिनल या अन्य छिद्र वाले उम्मीदवारों को अस्थायी रूप में अयोग्य घोषित करके उस पर नीचे दिए गए नियम (ii) के अधीन विचार किया जा सकता है ।

	(2) दोनों कानों में मार्जिनल या एंट्रिक बेधन होने पर अयोग्य ।
	(3) दोनों कानों में सेंट्रल छिद्र होने पर अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(4) कान के एक ओर (दोनों ओर) से मस्टायड केविटी में सब नार्मल श्रवण	(1) किसी एक कान में सामान्य रूप से एक ओर से मस्टायड केविटी में सुनाई देता हो दूसरे कान में सबनार्मल श्रवण वाले कान से मस्टायड केविटी होने पर तकनीकी तथा गैर तकनीकी दोनों प्रकार के कानों के लिए योग्य ।
	(2) दोनों ओर से मस्टायड केविटी तकनीकी काम के लिए अयोग्य । किसी भी कान की श्रवणता श्रवण यंत्र लगाकर अथवा बिना लगाए सुधार कर 30 डेसिबल हो जाने पर गैर-तकनीकी कार्यों के लिए योग्य ।
(5) बहते रहने वाले कान आपरेशन किया गया बिना आपरेशन वाला ।	तकनीकी तथा गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के कामों के लिए अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(6) नासा पट्ट की हड्डी संबंधी विषमताओं (बोनी डिफार्मिटी) सहित अथवा इससे रहित नाक की जीर्ण प्रदाहक एलर्जिक दशा ।	(1) प्रत्येक मामले के परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिया जाएगा ।
	(2) लक्षणों सहित नासा पट्ट विचल विद्यमान होने पर अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(7) टौंसिल और या कण्ठ की जीर्ण प्रदाहक दशाएं ।	(1) टौंसिल और या कण्ठ जीर्ण प्रदाहक दशा—योग्य ।
	(2) यदि आवाज मे अत्याधिक कर्कशता विद्यमान हो तो अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(8) कान, नाक गले (ई०एन०टी०) के हल्के अथवा अपने स्थान पर मैलिगनेंट ट्यूमर ।	(1) हल्का ट्यूमर अस्थायी रूप से अयोग्य ।
	(2) मैलिगनेंट ट्यूमर अयोग्य ।
(9) आटोसर्किलेरिमिस	(1) आटीसा किकरीसिसआपरेशन के बाद या श्रवण यंत्र की सहायता से अथवा 30 डेसीबल के अन्दर होने पर योग्य ।
(10) कान, नाक अथवा गले के जन्मजात दोष ।	(1) यदि काम-काज में बाधक न हों—योग्य ।
	(2) यदि भारी मात्रा में हकलाहट हो—अयोग्य ।
(11) नेसलपोली	अस्थायी रूप से अयोग्य ।

(ख) वह बिना हकलाहट वाले लेता/तोती है ।

(ग) उसके दांत अच्छी हालत में हैं या नहीं और अच्छी तरह चबाने के लिए जरूरी होने पर नकली दांत लगे हैं या नहीं (अच्छी तरह भरे हुए दांतों को ठीक समझा जाएगा) ।

(घ) उसकी छाती की बनावट अच्छी है और छाती का फुलाव पर्याप्त है तथा उसका दिल व फेफड़े ठीक हैं ।

(ङ) उसे पेट की कोई बीमारी है या नहीं ।

(च) उसे रप्चर नहीं है ।

(छ) उसे हार्सड्रोसिल, स्फीत शिरा या बवासीर तो नहीं है ।

(ज) उसके अंगों, हाथों और पैरों की बनावट और विकास अच्छा है और उसकी ग्रन्थियां भली-भांति स्वतन्त्ररूप से हिलती हैं ।

(झ) उसको कोई चिरस्थायी त्वचा की बीमारी नहीं है ।

(ञ) कोई जन्मजात कुरचना या दोष नहीं है ।

(ट) उसके किसी उग्र या जीर्ण बीमारी के निशान नहीं हैं जिनसे कमजोर गठन का पता लगे ।

(ठ) उसके शरीर पर टीके के निशान हैं ।

(ड) कोई संचारी (कम्यूनिकेबल) रोग नहीं है ।

12. दिल और फेफड़ों की किसी अपसामान्यता का पता लगाने के लिए जो साधारण शारीरिक परीक्षा में ज्ञात न हो सभी मामले में नेमी रूप से छाती की एक्स-रे परीक्षण की जानी चाहिए ।

"यह भी उल्लेखनीय है कि साक्षात्कारों के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों की स्वास्थ्य परीक्षा आयोजित करते समय जिन अभ्यर्थियों ने किसी सरकारी अस्पताल अथवा ऐसे परीक्षणों के लिए अधिकृत

किसी अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षा की तारीख से बारह महीने पहले ही एक्स-रे परीक्षण करा लिया है, उन्हें एक्स-रे परीक्षण से छूट दी जाएगी ।

यह इस शर्त पर भी निर्भर होगा कि पहले कराई गई स्वास्थ्य परीक्षा से इस प्रकार का प्रयोजन पूर्णतया सिद्ध हो रहा है और उस व्यक्ति की पहचान संदेह से परे है अर्थात् यह प्रमाणित किया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत एक्स-रे रिपोर्ट उसी व्यक्ति की, की गई एक्स-रे जांच की रिपोर्ट है ।

यह साबित करने का दायित्व स्वतः अभ्यर्थी पर है कि उसकी एक्स-रे जांच 12 महीने पूर्व की गई तथा वह ऊपर दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार इस जांच में स्वस्थ ठहराया गया ।

अभ्यर्थी के स्वास्थ्य के बारे में केन्द्रीय स्थायी चिकित्सा मंडल (संबंधित अभ्यर्थी की चिकित्सा परीक्षा का संचालन करने वाला) के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा ।''

उम्मीदवार के स्वास्थ्य के बारे में संदेह की स्थिति में मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष सरकारी नौकरी करने के लिए उम्मीदवार के योग्य स्वास्थ्यता या अयोग्यता का निर्णय करने के लिए अस्पताल के किसी उपयुक्त विशेषज्ञ की सलाह ले सकते हैं जैसे यदि संदेह हो कि उम्मीदवार किसी मानसिक रोग या विकार से पीड़ित है, तब बोर्ड के अध्यक्ष किसी अस्पताल के मनोविकार विज्ञानी/मनोविज्ञानी आदि की सलाह ले सकते हैं ।

जब कोई दोष मिले तो उसे प्रमाण-पत्र में अवश्य नोट किया जाए । मेडिकल परीक्षक को अपनी राय देनी चाहिए कि उम्मीदवार द्वारा ड्यूटी के अपेक्षित दक्षतापूर्वक निष्पादन में इससे बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं ।

13. उन उम्मीदवारों को जो मेडिकल बोर्ड के किसी निर्णय के खिलाफ अपील करना चाहते हैं तो उन्हें भारत सरकार, रेल मंत्रालय (रेल विभाग) द्वारा निर्धारित रीति से 50 रुपए का अपील शुल्क जमा करना होगा । यह शुल्क उन उम्मीदवारों को वापस कर दिया जाएगा जिन्हें अपीलीय मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वस्थ घोषित किया जाएगा । जबकि अन्य मामलों में यह शुल्क जब्त कर लिया जाएगा उम्मीदवार को अपनी अपील के साथ किसी रजिस्टर्ड डाक्टर का स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जिसमें विशेष तौर पर यह उल्लेख करना चाहिए कि उम्मीदवार को चिकित्सा बोर्ड द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने की उसे जानकारी है प्रस्तुत करना होगा । जब उम्मीदवार चिकित्सा बोर्ड के सामने उपस्थित हो तो उसके पास इस प्रमाण-पत्र की प्रति अवश्य होनी चाहिए ।

उम्मीदवार को पहले मेडिकल बोर्ड के निर्णय की सूचना प्राप्त होने के 21 दिन के भीतर अपनी अपील प्रस्तुत कर देनी चाहिए अन्यथा अपीलीय मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षा के लिए किए गए अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा । चिकित्सा परीक्षा के लिए अपीलीय मेडिकल बोर्ड की व्यवस्था उम्मीदवार के खर्च पर ही की जाएगी । अपीलीय मेडिकल बोर्ड के द्वारा की जाने वाली चिकित्सा परीक्षा के संबंध में किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा । रेल मंत्रालय (रेल विभाग) द्वारा अपीलीय मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षा के लिए आवश्यक कार्यवाही तभी की जाएगी जब निर्धारित शुल्क के साथ निश्चित समय के भीतर सभी अपीलें प्राप्त होंगी ।

14. अपीलीय चिकित्सा बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इसके विरुद्ध कोई अपील नहीं की जाएगी ।

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट

मेडिकल परीक्षक के मार्गदर्शन के लिए निम्नलिखित सूचना दी जाती है :—

1. शारीरिक योग्यता (फिटनेस) के लिए अपनाए जाने वाले स्टैण्डर्ड में संबंधित उम्मीदवार की आयु और सेवा अवधि (यदि कोई हो) के लिए उचित गुंजाइश रखनी चाहिए ।

किसी ऐसे व्यक्ति को पब्लिक सर्विस में भर्ती के लिए योग्यता प्राप्त नहीं समझा जाएगा जिसके बारे में यथास्थिति सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी (अपाएन्टिंग अथारिटी) को यह तसल्ली नहीं हो जाती कि उसे ऐसी कोई बीमारी, रचना संबंधी दोष या शारीरिक दुर्बलता (बाडिली इन्फर्मिटी) नहीं है जिससे वह उस सेवा के लिए अयोग्य हो गया हो उसके अयोग्य होने की संभावना हो ।

यह बात समझ लेनी चाहिए कि स्वस्थता का प्रश्न भविष्य से भी उतना ही सम्बद्ध है जितना वर्तमान से है और मेडिकल परीक्षा का एक मुख्य उद्देश्य निरन्तर कारगर सेवा प्राप्त करना और स्थायी नियुक्ति के उम्मीदवारों के मामले में अकाल मृत्यु होने पर भी समय पूर्व पेंशन या अदायगियों को रोकना है । साथ ही यह नोट कर लिया जाए कि यह प्रश्न केवल निरन्तर कारगर सेवा की सम्भावना का है और उम्मीदवार को अस्वीकृत करने की सलाह इस हाल में नहीं दी जानी चाहिए जबकि उसमें कोई ऐसा दोष हो जो केवल बहुत कम परिस्थिति में निरन्तर कारगर सेवा में बाधक माना गया है ।

महिला उम्मीदवार की परीक्षा के लिए किसी लेडी डाक्टर को मेडिकल बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित किया जाएगा ।

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट को गोपनीय रखा जाएगा ।

ऐसे मामलों में जब कोई उम्मीदवार सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए अयोग्य करार दिया जाता है तो मोटे तौर पर उसके अस्वीकार किए जाने के आधार उम्मीदवार को बताए जा सकते हैं किन्तु मेडिकल बोर्ड में जो खराबी बताई हो उसका विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जा सकता है ।

ऐसे मामले में जहां मेडिकल बोर्ड का यह विचार हो कि सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार को अयोग्य बनाने में छोटी-मोटी खराबी चिकित्सा (मेडिकल या सर्जिकल) द्वारा दूर हो सकती है वहां मेडिकल बोर्ड द्वारा इस आशय का कथन रिकार्ड किया जाना चाहिए । नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस बारे में उम्मीदवार को बोर्ड की राय सूचित किए जाने में कोई आपत्ति नहीं है और जबकि यह खराबी दूर हो जाए तो संबद्ध प्राधिकारी एक दूसरे मेडिकल बोर्ड के सामने उस व्यक्ति को उपस्थित होने के लिए कह सकता है ।

यदि कोई उम्मीदवार अस्थायी तौर पर अयोग्य करार दिया जाए तो दुबारा परीक्षा की अवधि साधारणतया छः महीने से कम नहीं होनी चाहिए । निश्चित अवधि के बाद जब दुबारा परीक्षा हो तो ऐसे उम्मीदवार को और आगे की अवधि के लिए अस्थायी तौर पर अयोग्य घोषित न कर, नियुक्ति के लिए अयोग्य है ऐसा निर्णय अन्तिम रूप से दिया जाना चाहिए ।

पुनः चिकित्सा परीक्षा को प्रथम चिकित्सा का भाग माना जाएगा और उम्मीदवार यदि चाहे तो ऐसे निर्णय के विरुद्ध अपील कर सकता है ।

(क) उम्मीदवार का कथन और घोषणा :

अपनी मैडिकल परीक्षा से पूर्व उम्मीदवार को निम्नलिखित अपेक्षित विवरण देना चाहिए और उनके साथ लगी हुई घोषणा (डिक्लेरेशन पर) हस्ताक्षर करने चाहिए । नीचे दिए नोट में उल्लिखित चेतावनी की ओर उस उम्मीदवार का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है :—

1. अपना पूरा नाम लिखें ।
   (साफ अक्षरों में)

2. अपनी आयु और जन्म स्थान लिखें ।

2. (क) क्या आप ऐसी जाति से गोरखा, गढ़वाली, असमी, नागालैण्ड आदिवासी आदि में से किसी से संबंधित हैं :—

   जिनका औसत कद स्पष्टतः दूसरों से कम होता है ? 'हां' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए ।

   यदि उत्तर 'हां' में हो तो उस जाति का नाम बताइए ।

3. (क) क्या आपको कभी चेचक, रुक-रुक कर होने वाला या कोई दूसरा बुखार, ग्रंथियां (ग्लैण्डस) का बढ़ना या इनमें पीप पड़ना, थूक में खून आना, दमा, दिल की बीमारी, फेफड़े की बीमारी, मूर्छा के दौरान रिह्यूमेटिज्म, एपेंडिसाइट्स हुआ है ?

   (ख) दूसरी कोई ऐसी बीमारी या दुर्घटना जिसके कारण शैया पर लेटे रहना पड़ा हो और जिसका मैडिकल या सर्जिकल इलाज किया गया हो ।

   . . . . . .

   . . . . . .

   . . . . . .

4. क्या आपको अधिक काम या किसी दूसरे कारण से किसी किस्म की अधीरता (नर्वसनेस) हुई ?

   . . . .

   . . . .

   . . . .

5. अपने परिवार के सम्बन्ध में निम्नलिखित ब्यौरे दें :—

यदि पिता जीवित हों तो उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय पिता की आयु का और मृत्यु का कारण	आपके कितने भाई जीवित हैं, उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपके कितने भाइयों की मृत्यु हो चुकी है, मृत्यु के समय उनकी आयु और मृत्यु का कारण	यदि माता जीवित हों तो उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय माता की आयु और मृत्यु का कारण	आपकी कितनी बहनें जीवित हैं उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपकी कितनी बहिनों की मृत्यु हो चुकी है, मृत्यु के समय उनकी आयु और मृत्यु का कारण
1	2	3	4	5	6	7	8

6. क्या इससे पहले किसी मेडिकल बोर्ड ने आपकी परीक्षा की ?

7. यदि ऊपर के प्रश्न के उत्तर 'हां' में हो तो बतलाइए किसी सेवा/किन सेवाओं में पद (पदों) के लिए आपकी परीक्षा की गई थी ?

8. परीक्षा लेने वाला प्राधिकारी कौन था ?

9. मेडिकल बोर्ड कब और कहां था ?

(क) . . . . . .

(ख) . . . . . .

(ग) . . . . . .

10. मेडिकल बोर्ड की परीक्षा का परिणाम यदि आपको बताया गया हो अथवा आपको मालूम हो ?

(क) . . . . . .

(ख) . . . . . .

(ग) . . . . . .

मैं घोषित करता हूं कि जहां तक मेरा विश्वास है ऊपर दिए गए सभी जवाब सही और ठीक हैं ।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर . . .

मेरे सामने हस्ताक्षर किए
बोर्ड के अध्यक्ष के हस्ताक्षर

नोट :—उपर्युक्त कथन की यथार्थता के लिए उम्मीदवार जिम्मेवार होगा ।

जान-बूझकर किसी सूचना को छिपाने से वह नियुक्ति खो बैठने का जोखिम लेगा और यदि वह नियुक्ति हो जाए तो तात्कालिक नियुक्ति भत्ता (सुपरएनुएशन अलाउन्स) का आनुतोषिक (ग्रेच्युटी) के सभी दावों से हाथ धो बैठेगा ।

(ख) उम्मीदवार की शारीरिक परीक्षा से सम्बद्ध मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट :

(उम्मीदवार का नाम)

1. सामान्य विकास : अच्छा साधारण कम
पोषण : पतला औसत मोटा
फद (जूते उतार कर) वजन
अत्युत्तम वजन कब था
वजन में कोई हाल ही में हुआ परिवर्तन
तापमान
छाती का घेर
(1) पूरा सांस खींचने पर
(2) पूरा सांस निकालने पर

2. त्वचा कोई प्रत्यक्ष बीमारी

3. नेत्र
(1) कोई बीमारी
(2) रतौंधी
(3) वर्ण दर्शन संबंधी दोष
(4) दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन)
(5) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुएल एक्विटी)
(6) फण्डस की जांच

चश्में की प्रबलता

दृष्टि तीक्ष्णता	चश्में के बिना	चश्में के साथ	स्फे०	सिल०	एक्सिस
दूर की नजर		दा० ने० बा० ने०			
पास की नजर		दा० ने० बा० ने०			
हाईपरमेट्रोपिया (प्रकट)		दा० ने० बा० ने०			

4. कान निरीक्षण . . . . . सुनना
दायां कान . . . बायां कान . .

5. ग्रंथियां . . . थायराइड . . .

6. दांतों की हालत . . . . . .

7. श्वसन तंत्र (रेसपिरेटरी सिस्टम) :—क्या शारीरिक परीक्षण करने पर सांस के अंगों में किसी असमान्यता का पता चलता है।

. . . .

. . . .

यदि हां तो उसका पूरा ब्यौरा दें।

. . . .

. . . .

6. परिसंचरण तंत्र (सर्क्यूलेटेरी सिस्टम)

(क) हृदय : कोई आंगिक विक्षत (आर्गेनिक लीजन)
(वेग) (रेट)
खड़े होने पर
25 बार फुदकने के बाद
फुदकने के दो मिनट बाद

(ख) ब्लड प्रेशर सिस्टालिक
डायस्टालिक

9. उदर (पेट) घेर स्पर्शसह्यता
(टेण्डरनेस)
हार्निया

(क) स्पर्शयकृत
तिल्ली
गुर्दा
ट्यूमर्स

(ख) रक्तार्श
भगन्दर

10. तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) : तंत्रिका या मानसिक अशक्तता का संकेत।

11. चलन तंत्र (लोकोमोटर सिस्टम) : कोई असामान्यता।

12. जनन मूत्र तंत्र (जेनिटो यूरीनरी सिस्टम) : हाइड्रो-सील, वरिकासील आदि का कोई संकेत। मूत्र विश्लेषण।

(क) कैसा दिखाई पड़ता है ?

(ख) विशिष्ट घनत्व (स्पेसिफिक ग्रेविटी)

(ग) एल्ब्यूमेन

(घ) शक्कर

(ङ) कास्ट

(च) कोशिकाएं (सेल्स)

13. छाती की एक्सरे परीक्षा की रिपोर्ट।

14. क्या उम्मीदवार के स्वास्थ्य में कोई ऐसी बात है जिससे वह उस सेवा से सम्बन्ध जिसका वह उम्मीदवार है, ड्यूटी को दक्षतापूर्वक निभाने के लिए अयोग्य हो सकता है।

नोट : यदि उम्मीदवार कोई महिला है और वह 12 सप्ताह या उससे अधिक समय से गर्भवती है तो उस विनियम 9 के अनुसार अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

15. निम्नलिखित 7 श्रेणियों में से उम्मीदवार का किस सेवा के लिए परीक्षण किया गया है तथा अपने कर्त्तव्यों को बिना बाधा के भली-भांती निभाने के लिए उन्हें किस सेवा के लिए पूरी तरह से सक्षम पाया गया है तथा उनमें से किन सेवाओं के लिए सक्षम नहीं पाया गया है :—

(1) रेल इन्जीनियरी सेवा ग्रेड 'क' (सिविल, वैद्युत, यांत्रिक तथा सिगनल) सी. इ. एस. ग्रेड 'क', सी. ई. एवं एम. ई. एस. ग्रेड 'क'।

(2) आई. आई. एस. ग्रेड 'क', सी. डब्ल्यू. ई. एस. ग्रेड 'क', सी. पी. ई. एस. ग्रेड 'क' सी. ई. एस. सड़क ग्रेड 'क'।

सहायक कार्यकारी इन्जीनियर, (पी. एण्ड टी. बोर्ड) सिविल इंजीनियरी स्कन्ध इंजीनियरी के पद पर ग्रेड 'क' (डब्ल्यू. पी. तथा सी. स्कन्ध मानीटर संगठन), आई. बी. ई. एस. ग्रेड 'क' बी. आर. ई. एस. ग्रेड 'क'।

(3) सैन्य इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' एवं भारतीय सर्वेक्षण। ग्रेड 'क' तथा कार्यशाला अधिकारी ग्रेड 'क' तथा ग्रेड 'ख'।

(4) आई. ओ एफ. .एस. (ग्रेड क)।

(5) डाक एवं तार विभाग में सहायक प्रबंधक (कार-खाना), ग्रेड 'क'।

(6) आई. टी. एस. ग्रेड 'क'।

(7) आई. आर. एस. एस. ग्रेड 'क' आई. एस. एस. ग्रेड क भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण विभाग में वर्मा इन्जीनियरी (कनिष्ठ) ग्रुप 'क' और यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क'।

क्या उम्मीदवार क्षेत्रीय (फिल्ड) सेवा के लिए योग्य है ?

नोट :—बोर्ड को अपना निष्कर्ष निम्नलिखित वर्गों में से किसी में रिकार्ड करना चाहिए।

(1) योग्य (फिट)

(2) के कारण अयोग्य (अनफिट)

अध्यक्ष

सदस्य

स्थान :

तारीख :

परिशिष्ट—3

उन सेवाओं/पदों का संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भर्ती की जा रही है।

1. भारतीय रेल इंजीनियर सेवा, भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरी सेवा, भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियरी सेवा, भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरी सेवा और भारतीय रेल भंडार सेवा ।

(क) परिवीक्षा :—इन सेवाओं के लिए किए गए भर्ती उम्मीदवार तीन वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे जिसमें उन्हें दो वर्ष का प्रशिक्षण लेना होगा तथा किसी कार्यकारी पद पर न्यूनतम एक वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहना होगा । यदि उक्त प्रशिक्षण को संतोषजनक रूप से पूरा न करने के कारण किसी स्थिति में प्रशिक्षण अवधि को बढ़ाना पड़ा तो तदनुसार परिवीक्षा की कुल अवधि भी बढ़ा दी जाएगी परिवीक्षा की अवधि के दौरान भी यदि कार्यकारी पद का काम संतोषजनक नहीं पाया गया तो सरकार द्वारा परिवीक्षा की कुल अवधि को आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है ।

(ख) प्रशिक्षण :—समस्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों के सेवा/पद विशेष के लिए निर्धारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अनुसार दो वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण लेना होगा । उन्हें इस अवधि के लिए उक्त प्रशिक्षण ऐसे स्थानों पर तथा इस प्रकार से लेना होगा और ऐसी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी जिन्हें समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित किया जाए :—

(ग) नियुक्ति की समाप्ति :—

परिवीक्षा की अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष की ओर से तीन महीने का सिविल नोटिस देकर परिवीक्षाधीन अधिकारियों की नियुक्ति समाप्त की जा सकती है । किन्तु संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के उपबंधों के अनुसार की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के फलस्वरूप सेवा से बर्खास्तगी और सेवा से हटाने के तथा मानसिक एवं शारीरिक अक्षमता के फलस्वरूप अनिवार्य सेवा निवृत्ति के मामलों में ऐसा नोटिस देना आवश्यक नहीं होगा किन्तु सरकार को तत्काल सेवाएं समाप्त करने का अधिकार है ।

(1) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण असंतोषजनक रहे या उसके कार्यकुशल बनाने की संभावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है ।

(2) विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण न करने पर सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं । परिवीक्षा की अवधि के दौरान अनुमोदित स्तर की हिन्दी में परीक्षा उत्तीर्ण न करने पर सेवाओं को समाप्त किया जा सकता है ।

(घ) स्थायीकरण :—परिवीक्षा की अवधि को संतोषजनक रूप से पूरा करने तथा सभी निर्धारित विभागीय और हिन्दी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के फलस्वरूप तथा नियुक्ति के लिए सभी दृष्टियों से योग्य समझे जाने पर परिवीक्षाधीन अधिकारियों को उक्त सेवा के कनिष्ठ वेतनमान में स्थायी कर दिया जाएगा ।

(ङ) वेतनमान :—

(1) कनिष्ठ वेतनमान :—रुपए 8000-275-13500

(2) वरिष्ठ वेतनमान :—10000-325-15200

(3) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड-2—रुपए 12000-375-16500

(4) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड-2 :—रु. 18400-500-22400

इसके अतिरिक्त रुपए 18400 तथा 26000 के वेतन के बीच के सुपरटाइम वेतनमान वाले पद भी जिनके लिए उपयुक्त सेवाओं के अधिकारी पात्र हैं ।

परिवीक्षाधीन अधिकारी कनिष्ठ वेतनमान के न्यूनतम वेतन से प्रारम्भ करेगा तथा उस समय वेतनमान में अवकाश पेंशन तथा वेतन वृद्धियों के लिए परिवीक्षा पर बिताई गई अवधि को गिनने की अनुमति होगी ।

मंहगाई तथा अन्य भत्ते सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार प्राप्त होंगे ।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान विभागीय तथा अन्य परीक्षाओं को उत्तीर्ण न करने पर वेतन वृद्धियों को रोका या स्थगित किया जा सकता है ।

(च) प्रशिक्षण व्यय लौटाना :—यदि किसी कारणवश जो सरकार की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी के नियंत्रण से बाहर नहीं है, कोई परिवीक्षाधीन अधिकारी प्रशिक्षण अथवा परिवीक्षा से अपना नाम वापस लेना चाहता है तो उस परिवीक्षा की अवधि के दौरान दिए गए प्रशिक्षण का पूरा व्यय और अन्य धनराशियों को वापस करना होगा । इस प्रयोजन के लिए परिवीक्षकों से एक बंध-पत्र की अपेक्षा की जाएगी जिसकी एक प्रति उनके नियुक्ति प्रस्ताव के साथ संलग्न की जाएगी । किन्तु जिन परिवीक्षा अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा आदि में नियुक्ति हेतु परीक्षा के लिए आवेदन करने हेतु अनुमति दी जाती है उन्हें प्रशिक्षण के व्यय को वापस नहीं करना होगा ।

(छ) छुट्टी :—उक्त सेवा के अधिकारी समय-समय पर लागू छुट्टी नियमावली के अनुसार छुट्टी के पात्र हैं ।

(ज) चिकित्सा सुविधा :—अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार चिकित्सा सुविधा एवं उपचार कराने के पात्र होंगे ।

(झ) पास तथा विशेषाधिकार टिकट :—अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार निःशुल्क रेलवे पास तथा विशेषाधिकार टिकटों के पात्र होंगे ।

(ञ) भविष्य निधि तथा पेंशन :—उक्त सेवा के लिए भर्ती किए गए उम्मीदवार रेलवे पेंशन नियमावली द्वारा शासित होंगे और समय-समय पर लागू उस निधि नियमों के अन्तर्गत राज्य रेलवे भविष्य निधि (गैर-अंशदायी) में अंशदान करेंगे ।

(ट) उक्त सेवाओं/पदों के लिए भर्ती किए गए उम्मीदवारों को भारत या भारत से बाहर किसी भी रेलवे या परियोजना पर कार्य करना पड़ सकता है ।

(ठ) रक्षा सेवाओं में सेवा करने का दायित्व :—यदि आवश्यकता हुई तो नियुक्त किए गए परिवीक्षाधीन अधिकारियों को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी रक्षा सेवा या पद पर कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए कार्य करना होगा जिसमें प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) भी शामिल है ।

किन्तु उस व्यक्ति को :—

(क) नियुक्ति की तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(ख) सामान्य : 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा ।

2. केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क
और
केन्द्रीय विद्युत तथा यांत्रिकी इंजीनियरी सेवा ग्रुप क

(क) चुने हुए उम्मीदवारों को दो वर्ष के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा । परिवीक्षा की अवधि के दौरान उन्हें निर्धारित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी । परिवीक्षा संतोषजनक रूप से पूरी कर लेने पर उनके स्थायी करने/कार्य करते रहने पर विचार किया जाएगा । परिवीक्षा की दो वर्ष की अवधि सरकार द्वारा बढ़ाई जा सकती है ।

परिवीक्षा की अवधि या परिवीक्षा की कोई बढ़ी हुई अवधि समाप्त हो जाने पर यदि सरकार की यह राय है कि अधिकारी स्थायी/नियोजन/बरकरारी के उपयुक्त नहीं है, या परिवीक्षा की इस अवधि या परिवीक्षा की बढ़ी हुई अवधि के दौरान किसी समय सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाए कि अधिकारी स्थायी नियुक्ति बरकरारी के लिए उपयुक्त नहीं रहेगा तो इस अवधि या बढ़ी हुई अवधि के समाप्त हो जाने पर सरकार उक्त अधिकारी को कार्य मुक्त कर सकती है या जो ठीक समझे वह आदेश पारित कर सकती है ।

(ख) जैसी कि इस समय स्थिति है, केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क में नियुक्त सभी अधिकारी, सहायक कार्यपालक इंजीनियर के उच्चतर ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के बाद अगले ऊंचे ग्रेड अर्थात् कार्यपालक इंजीनियर के रूप में पदोन्नति के पात्र होंगे बशर्ते कि रिक्तियां उपलब्ध हों और वे ऐसी पदोन्नति के अन्यथा योग्य पाए जाएं ।

(ग) इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई है) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को :—

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा, और

(2) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(घ) वेतन की प्राप्ति दरें निम्न प्रकार से हैं :—

पद	वेतनमान
(1) कनिष्ठ समय वेतनमान (सहायक कार्यपालक इंजीनियर)	रु० 8000-275-13500
(2) वरिष्ठ समय वेतनमान (कार्यपालक इंजीनियर)	रु० 10000-325-15200
(3) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (अधीक्षक इंजीनियर)	
क. सामान्य ग्रेड	रु० 12000-375-16500
ख. चयन ग्रेड	रु० 14300-400-18300
(4) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (चीफ इंजीनियर)	रु० 1840-500-22400
(5) सुपर टाइम स्केल अपर महानिदेशक	रु० 22400-525-24500
महानिदेशक (डब्ल्यू०)	रु० 26000 नियत

ये पद सभी तीन विषयों अर्थात् सिविल, इलैक्ट्रीकल और यांत्रिक तथा वास्तु इंजीनियरों के लिये समान हैं ।

नोट :—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले आवधिक पद के अथवा किसी स्थाई पद पर मूल रूप से कार्य कर चुका हो उसका वेतन एफ० आर० 22 (बी) (1) के अनुसार विनियमित किया जायगा ।

(ङ) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप (क) और केन्द्रीय विद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा ग्रुप (क) के पदों से सम्बन्धित कर्त्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का स्वरूप :—

1. केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (ग्रुप क)

इंजीनियरी सेवा परीक्षा के माध्यम से सेवा में भर्ती हुए उम्मीदवार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में विभिन्न प्रकार की सिविल निर्माण (केन्द्रीय सरकार) के जिसमें आवासीय भवन, कार्यालय, भवन सदन संस्था तथा अनुसंधान केन्द्र, औद्योगिक भवन, अस्पताल की भूमि की विकास योजना, हवाई अड्डे, महामार्ग तथा पुल आदि सम्मिलित है, आयोजन अभिकल्पन निर्माण और रख रखाव के कार्य पर लगाये जाते हैं । इस विभाग में उम्मीदवार अपनी सेवा सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल) के रूप में शुरू करते हैं, और अपनी सेवा करते करते पदोन्नत होकर विभाग के विभिन्न वरिष्ठ ओहदों पर पहुंच जाते हैं ।

2. केन्द्रीय विद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (ग्रुप क)

इंजीनियरी सेवा परीक्षा के माध्यम से इस सेवा में भर्ती हुए उम्मीदवार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में विभिन्न

प्रकार के सिविल निर्माण (केन्द्रीय सरकार) के विद्युत घटकों के जिसमें विद्युत संस्थान इलेक्ट्रीकल सब-स्टेशन तथा पावर-हाउस, वातानुकूलन तथा प्रशीतन, हवाई अड्डों की रनवेलाइटिंग, यांत्रिक कर्मशाला का परिचालन, निर्माण मशीनरी की प्राप्ति तथा रख-रखाव आदि सम्मिलित हैं । आयोजन, अभिकल्पन निर्माण और रख-रखाव में कार्य लगाए जाते हैं । इस विभाग में उम्मीदवार अपनी सेवा सहायक कार्यपालक इंजीनियरी के रूप में शुरू करते हैं और अपनी सेवा करते-करते पदोन्नत होकर विभाग में विभिन्न वरिष्ठ ओहदों पर पहुंच जाते हैं ।

3. सेना इंजीनियरी सेवा (ग्रुप क)

(क) चुने हुए उम्मीदवारों को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा । परिवीक्षाधीन अधिकारी को अपनी परिवीक्षा की अवधि के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित तथा भाषा सम्बन्धी परीक्षा उत्तीर्ण करनी पड़ सकती है । यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य तथा आचरण असंतोषजनक रहा है या ऐसा आभास होता है कि उसके कुशलता प्राप्त करने की सम्भावना नहीं है अथवा यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी उक्त अवधि के दौरान निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो सरकार उसे कार्यमुक्त कर सकती है । परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार उसे नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य तथा आचरण असंतोषजनक रहा है तो सरकार उसे कार्यमुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा की अवधि इतनी बढ़ा सकती है जितनी वह ठीक समझे ।

उम्मीदवार को अपनी परिवीक्षा की अवधि के दौरान एम. ई. एस. प्रोसीजर सुपरिन्टेन्डेन्टस बी. आर. एण्ड ई. एम., ग्रेड-1, एग्जामिनेशन तथा हिन्दी परीक्षा उत्तीर्ण करने होंगे । हिन्दी परीक्षा का स्तर प्राज्ञ (मैट्रिकुलेशन स्तर के समकक्ष) का होगा ।

(ख) (1) चुने हुए उम्मीदवारों को यदि आवश्यकता पड़ी तो सशस्त्र सेना में कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप में किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि यदि कोई है, सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए कार्य करना होगा किन्तु ऐसे उम्मीदवारों को :—

(1) नियुक्ति की तारीख से बस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य करना होगा ।

(2) साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

2. उम्मीदवारों पर एस. आर. अ. सं. 92 दिनांक 9 मार्च, 1957 के अन्तर्गत प्रकाशित 1957 के सिविलियन्स इन डिफेंस सर्विस (फील्ड लाईबैलिटी) रूल्स के अनुसार उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी ।

(ग) ग्राह्य वेतन की दरें निम्नलिखित हैं

(क) सहायक कार्यकारी इंजीनियर/
सहायक निर्माण सर्वेक्षक
रु. 8000-275-13500

(ख) कार्यकारी इंजीनियर/
निर्माण सर्वेक्षक
रु. 10000-325-15200

(ग) अधीक्षक इंजीनियर
(साधारण ग्रेड)
अधीक्षक निर्माण
सर्वेक्षक (साधारण ग्रेड)
रु. 12000-375-16500

(घ) अधीक्षक इंजीनियर
(चयन ग्रेड)
अधीक्षक निर्माण सर्वेक्षक
(चयन ग्रेड)
रु. 14300-400-18300

(ङ) अपर मुख्य अभियंता—
रु. 14300-400-18300
प्रोतमास का विशेष वेतन

(च) मुख्य अभियंता/
मुख्य निर्माण सर्वेक्षक
रु. 18400-500-22400

(छ) अपर महानिदेशक (निर्माण)
रु. 22400-525-24500

4. भारतीय आयुद्ध कारखाना सेवा (ग्रुप क)

(क) चुने हुए उम्मीदवार दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किए जाएंगे । सरकार महानिदेशक, आयुध कारखाना अध्यक्ष आयुध कारखाना बोर्ड की सिफारिश पर परिवीक्षा अवधि घटा या बढ़ा सकती है । परिवीक्षाधीन व्यक्ति को सरकार द्वारा यथाविहित विभागीय तथा भाषा परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी । भाषा का परीक्षण हिन्दी में लिया जाएगा ।

सरकार द्वारा परिवीक्षा की अवधि पूरी हो जाने पर अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर दिया जायेगा । किन्तु परिवीक्षा की अवधि के दौरान या अवधि की समाप्ति पर यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण असन्तोषजनक रहा है तो सरकार उसको कार्यमुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि जितनी ठीक समझे और बढ़ा सकती है ।

(ख) (1) चुने हुए उम्मीदवारों को यदि आवश्यकता पड़ी तो सशस्त्र सेना में कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप में किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि, यदि कोई है, सहित कम से कम चार वर्ष की अवधि के लिए कार्य करना होगा । किन्तु उस व्यक्ति को (1) नियुक्ति की तारीख से बस वर्ष की समाप्ति के बाद

पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा और (2) साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(2) उम्मीदवार एस. आर. ओ. नं. 92 दिनांक 9 मार्च, 1957 के अन्तर्गत प्रकाशित 1957 सिविलियन इन डिफेंस सर्विस (फील्ड लायबिलिटी) रूल्स भी लागू होंगे । उनमें निर्धारित चिकित्सा स्तर के अनुसार उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी ।

(ग) निम्नलिखित वेतनमान देय हैं :—

कनिष्ठ समय वेतनमान—रु. 8000-275-13500

वरिष्ठ समय वेतनमान—रु. 10000-325-15200

कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (सामान्य ग्रेड)—रु. 12000-375-16500

कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (चयन ग्रेड)—रु. 14300-400-18300

वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—रु. 18400-500-22400

वरिष्ठ जनरल मैनेजर—रु. 22400-525-24500

अतिरिक्त महानिदेशक, आयुध कारखाना/सदस्य, आयुध, कारखाना बोर्ड—रु. 22400-600-26000

महानिदेशक आयुध कारखाना/अध्यक्ष आयुध कारखाना, बोर्ड—रु. 26000

टिप्पणी :—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले प्राथमिक पद के अलावा किसी स्थायी पद पर मूल रूप से कार्य कर चुका है उसका वेतन रक्षा मंत्रालय के समय-समय पर संशोधित का. ज्ञा. सं. 15(6)/64/डी (एप्वाइंटमेंट्स)/1051/डी (सी. 41) दिनांक 25 नवम्बर 1965 के उपबंधों के अधीन विनियमित किया जाएगा ।

(घ) परिवीक्षाधीन अधिकारियों को मंसूरी/नागपुर फाउण्डेशन कोर्स करना होगा ।

(ङ) इस प्रकार भर्ती हुए परिवीक्षाधीन अधिकारी को सेवा प्रारम्भ करने से पहले एक बंधपत्र भरना होगा ।

5. भारतीय दूर संचार (ग्रुप क)

(क) दो वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति परिवीक्षा पर की जाएगी । सरकार की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य तथा आचरण आदि असंतोषजनक है या उसे यह आभास होता है कि उसके कार्यक्षमता प्राप्त करने की संभावना नहीं है तो सरकार उसे तत्काल कार्यमुक्त कर सकती है । परिवीक्षा अवधि पूरी हो जाने पर सरकार उस वक्त नियुक्ति पर स्थाई बना सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य अथवा आचरण असंतोषजनक रहा है तो सरकार उसे सेवामुक्त कर सकती है या जितनी ठीक समझे उतनी अवधि के लिए उसकी परिवीक्षा की अवधि बढ़ा सकती है ।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान जो भी विभागीय परीक्षा या परीक्षाएं निर्धारित की जाएं, अधिकारियों को उत्तीर्ण करनी होंगी । उनको स्थायी किए जाने से पहले हिन्दी के परीक्षण भी उत्तीर्ण करने होंगे ।

(ख) अधिकारियों को व्यवसाय तथा भाषा संबंधी परीक्षण भी उत्तीर्ण करने होंगे ।

(ग) इस परीक्षण के परिणाम के आधार पर नियुक्त किसी भी व्यक्ति को यदि आवश्यकता पड़ी तो भारत की रक्षा से संबद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि, यदि कोई हो, सहित कम से कम चार वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को :—

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य करना होगा ।

(2) साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा ।

(घ) निम्नलिखित वेतनमान ग्राह्य हैं :—

(1) कनिष्ठ समय वेतनमान—रु. 8000-275-13500/-

(2) वरिष्ठ समय वेतनमान—रु. 10000-325-15200/-

(3) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—रु. 12000-375-16500/-

(4) चयन ग्रेड कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—रु. 14300-400-18300/-

(5) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—रु. 18400-500-22400/-

(6) सी. जी. एम. ग्रेड—रु. 22400-525-24500/-

(7) सलाहकार ग्रेड—रु. 22400-600-26000/-

(8) अधिकारीगण दूर संचार आयोग के सदस्यों के पदों के लिए विचार किए जाने के लिए भी पात्र होंगे तथा यह भारत सरकार के सचिव के समकक्ष होगा—रु. 26000/-

नोट :—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले आवधिक पद के अलावा किसी स्थायी पद पर मूल रूप से कार्य कर चुका हो उनका वेतन एफ. आर. 22 बी (1) के उपबंध के अधीन विनियमित किया जाएगा ।

भारतीय दूर संचार सेवा ग्रुप "क" के अधीन कनिष्ठ वेतनमान में यदि किसी अधिकारी का स्थानापन्न वेतन रु. 8550/- या इससे अधिक है तो वह तब तक वेतनवृद्धि प्राप्त नहीं करेगा जब तक विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण न कर सके ।

(ङ) भारतीय दूर संचार सेवा ग्रुप के पदों से सम्बद्ध कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व ।

सहायक डिवीजनल इंजीनियर

सहायक डिवीजनल इंजीनियर टेलीग्राफ/टेलीफोन इंजीनियरी सब डिवीजन, कैरियर, वी. एफ. टी. को एक्सीअल माइक्रोवेव, लांग डिस्टैंस इलैक्ट्रिक तथा वायरलैस स्टेशन के इन्चार्ज होंगे और सामान्यतः डिवीजनल इंजीनियर के अधीन कार्य करेंगे । वे विभिन्न दूर संचार निर्माण के संस्थापन परियोजना संगठन से भी जुड़े रहेंगे ।

डिवीजनल इंजीनियर

डिवीजनल इंजीनियर को टेलीग्राफ/टेलीफोन इंजीनियरी डिवीजनल जिनमें लांग डिस्टैंस, कोएक्सीयल माइक्रोवेव, ऑप्टिकैल्स डिवीजन तथा वायरलैस डिवीजन शामिल हैं, का प्रभारी बनाया जाता है । वे अपने प्रभार में रहने वाले टेलीग्राफों तथा टेलीफोनों के उपस्करों के रख-रखाव के पूरे जिम्मेदार होंगे तथा अपने डिवीजन में रह करके कार्य करेंगे । जब डिवीजन अधिकारी इंजीनियरी/परियोजना संगठन पर लगाए जाते हैं तो उन्हें यूनिट में निर्माण/संस्थापन कार्य करना होगा ।

कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड

दूर संचार सर्किल और टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट में दूर संचार सम्बन्धी परिसंपत्तियों के प्रशासन और दूर संचार संस्थानों के प्रशासन तथा आयोजन के लिए दूर संचार प्रणालियों आदि में अनुसंधान और विकास के लिए जिम्मेदार हैं । वे माइनर टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट दूर संचार सर्किल, आदि के लिए भी पूरी तरह जिम्मेदार हैं ।

वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड एवं सी. जी. एम. ग्रेड

दूर संचार सर्किल/टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट सर्किल दूर संचार अनुरक्षण क्षेत्र का प्रधान, जो कारभार में उसकी पूरी तरह से प्रभावी प्रशासन करने के लिए जिम्मेदार होगा उप-महानिदेशक दूर संचार आयोग, दूर संचार आयोग की नीति निर्धारित करने तथा समग्र प्रशासन करने में उच्चस्तरीय सहायता प्रदान करता है । वरिष्ठ उप-महानिदेशक दूर संचार इंजीनियरी केन्द्र तथा उप-महानिदेशक, दूर संचार इंजीनियरी केन्द्र के अनुसंधान संबंधी समग्र कार्यकलापों के लिए जिम्मेदार हैं ।

परामर्शदाता ग्रेड

भारत सरकार के अपर सचिव के रैंक में मुख्यतः कार्मिक सम्बन्धी नीतियां तैयार करने के लिए उत्तरदायी । स्थानीय तथा दूरदर्शी दोनों प्रकार के दूर संचार नैटवर्क का संचालन और रख-रखाव, फिल्ड यूनिटों को आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति/परियोजनाओं और उत्पादन का समय पर अनुमोदन सुनिश्चित करके फिल्ड यूनिटों द्वारा वार्षिक योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा दूरसंचार के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन और उनका समावेश करना ।

6. केन्द्रीय जल इंजीनियरी (ग्रुप 'क') सेवा

(1) केन्द्रीय जल इंजीनियरी ग्रुप 'क' सेवा में सहायक निदेशक/सहायक कार्य पालक इंजीनियर के पदों पर भर्ती हुए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे ।

किन्तु सरकार, आवश्यक होने पर, दो वर्ष की उक्त अवधि अधिक से अधिक एक वर्ष तक और बढ़ा सकती है ।

यदि परिवीक्षा की उपर्युक्त या बढ़ी हुई अवधि, जैसी भी स्थिति हो, समाप्त होने पर सरकार की यह राय हो कि उम्मीदवार स्थाई नियोजन हेतु उपयुक्त नहीं है या परिवीक्षा की इस अवधि या बढ़ी हुई अवधि के दौरान सरकार संतुष्ट हो जाए कि वह स्थाई नियुक्ति हेतु उपयुक्त नहीं रहेगा तो इस अवधि या बढ़ी हुई अवधि के समाप्त हो जाने पर सरकार उक्त अधिकारी को कार्यमुक्त कर सकती है या उसको उसके मूल पद पर प्रत्यावर्तित कर सकती है या जो ठीक समझे वह आदेश पारित कर सकती है ।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान सरकार उम्मीदवारों से प्रशिक्षण का ऐसा कोई कोर्स करने और ऐसी परीक्षा तथा परीक्षण उत्तीर्ण करने को कह सकती है जिसे वह परिवीक्षा की सफल पूर्ति की एक शर्त रूप में ठीक समझे ।

(2) इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त किसी भी व्यक्ति को यदि आवश्यकता पड़ी तो भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि यदि कोई है, सहित कम से कम चार वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को :—

(क) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की अवधि के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(ख) साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(3) सहायक निदेशक/सहायक कार्यपालक इंजीनियर के पद पर नियुक्त अधिकारी निर्धारित शर्तें पूरी करने के बाद उप-निदेशक/कार्यपालक इंजीनियर अधीक्षक इंजीनियर/निदेशक (साधारण ग्रेड) निदेशक/अधीक्षक इंजीनियर (चयन ग्रेड) मुख्य इंजीनियर (स्तर 2) म. ई. (स्तर-1) में सदस्य अध्यक्ष सी. डब्ल्यू सी. के उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की उम्मीद कर सकते हैं ।

(4) केन्द्रीय जल इंजीनियरी ग्रुप 'क' सेवा में इंजीनियरी पदों के ग्रुप 'क' के लिए वेतनमान निम्न प्रकार है :—

केन्द्रीय जल इंजीनियरी ग्रुप 'क' सेवा में सिविल और यांत्रिक पद

1. सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर—रु. 8000—275—13500 ।
2. उपनिदेशक/कार्यकारी इंजीनियर—रु. 10000—325—15200 ।
3. अधीक्षक/निदेशक इंजीनियर (साधारण ग्रेड)—रु. 12000—375—16500 ।
4. निदेशक/अधीक्षक इंजीनियर (चयन ग्रेड)—रु. 14300—400—18300 ।
5. मुख्य इंजीनियर—रु. 18400—500—22400 ।
6. सदस्य सी. डब्ल्यू. सी/अध्यक्ष, जी. एफ. सी. सी.—रु. 22400—525—24500 ।
7. अध्यक्ष सी. डब्ल्यू. सी.—रु. 26000 (नियत) ।

(5) केंद्रीय जल इंजीनियरी (ग्रुप 'क') सेवा में पदों से संबद्ध कार्यों और दायित्वों का स्वरूप ।

सहायक निदेशक (सिविल और यांत्रिक)

सिंचाई, नौचालन, विद्युत, घरेलू जल आपूर्ति, बाढ़ नियंत्रण और अन्य प्रयोजनों के विकास हेतु जल साधनों के संरक्षण तथा विनियमन के लिए आकलन, रिपोर्ट आदि तैयार करने सहित परियोजनाओं की योजना सर्वेक्षण अन्वेषण तथा अभिकल्पना ।

सहायक कार्यकारी इंजीनियरी (सिविल तथा यांत्रिक)

उनको आवंटित उपमण्डल या अन्य एककों के निर्माण कार्य के लिए वे जिम्मेदार होंगे । उन्हें अपने प्रभार के अधीन स्टाफ तथा भंडारों का लेखा-जोखा रखना होगा तथा परोक्ष रूप में उपमंडल में प्रत्यक्ष कार्य की प्रगति के लिए कुछ आनुषंगिक कार्यों को भी देखना होगा । विहित निगमों आदि के अनुसार वे अपने प्रभार के अधीन माप बहियों, मस्टर रोल तथा अन्य अभिलेखों के सही रख-रखाव के लिए जिम्मेदार होंगे ।

7. केन्द्रीय विद्युत इंजीनियर (ग्रुप क) सेवा

(1) संगठन का विवरण

विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 की धारा (3) (1) के अधीन केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण संगठित किया गया था और इसका दायित्व राष्ट्रीय विद्युत साधनों के नियंत्रण तथा उपयोग के संबंध में योजना अभिकरणों के कार्यकलापों में समन्वय करने के लिए एक सुदृढ़, पर्याप्त और एकरूप विद्युत नीति का विकास करना है । देश की सभी विद्युत योजनाओं (उत्पादन संरक्षण, वितरण और विशुद्ध आपूर्ति का उपयोग) की संभावना तकनीकी विश्लेषण, आर्थिक व्यवहार्यता आदि के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में संवीक्षा की जाती है कि ये योजनाएं राज्यों तथा क्षेत्रों के समस्त विकास के लिए उपयुक्त होंगी और सब प्रकार से राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था के अनुरूपी होंगी । इस संगठन का राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था के विकास और विद्युत की इसकी मूल्य गतिदायी शक्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण स्थान है ।

(2) उस ग्रेड का विवरण जिसके लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इंजीनियरी सेवा परीक्षाओं के माध्यम से भर्ती की जाती है । रु. 8000—13500 के वेतनमान के सहायक निदेशक, (ग्रेड-1) सहायक प्राधिकारी इंजीनियर के ग्रेड में पचास प्रतिशत रिक्तियां संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वार्षिक आधार पर ली गई इंजीनियरी सेवा परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरे जाते हैं ।

केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी (ग्रुप क) में सहायक निदेशक (ग्रेड-1) सहायक कार्यकारी इंजीनियर के पद पर नियुक्त किए गए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेंगे किन्तु जहां आवश्यक हो वहां सरकार उक्त दो वर्षों की अवधि के अतिरिक्त अवधि बढ़ा सकती है जो कि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

यदि उपर्युक्त परिवीक्षा अवधि या उसकी बढ़ाई गई अवधि, जैसी भी स्थिति हो, के समाप्त होने के बाद सरकार यह समझे कि कोई उम्मीदवार स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं है अथवा ऐसी परिवीक्षा की अवधि या बढ़ाई गई अवधि के दौरान किसी भी समय वह इस बात से संतुष्ट हो कि उक्त उम्मीदवार ऐसी परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गई अवधि की समाप्ति के बाद स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं होगा तो वह उसे सेवा मुक्त कर सकती है या उसके स्थायी पद पर प्रत्यावर्तित कर सकती है या ऐसे आदेश पारित कर सकती है जैसा वह उचित समझे ।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान उम्मीदवारों को ऐसा प्रशिक्षण लेना होगा तथा अनुदेश का पालन करना होगा तथा ऐसी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी जो सरकार द्वारा परिवीक्षा की अवधि को संतोषजनक रूप से पूरा करने की शर्त के रूप में निर्धारित की जाए ।

यदि आवश्यकता हुई तो इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त किए गए किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस अवधि में व्यक्ति को—

(क) नियुक्ति की तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा, और

(ख) सामान्यतः (40 वर्ष) की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा ।

(3) उच्चतर ग्रेडों के लिए पदोन्नति

सहायक निदेशक (ग्रेड-1) सहायक कार्यपालक इंजीनियर के पदों पर नियुक्त अधिकारी समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी (ग्रुप 'क' सेवा नियमावली, 1956 में निर्धारित शर्तें पूरी करने के बाद ऊंचे ग्रेडों अर्थात् उप-निदेशक कार्यपालक इंजीनियर निदेशक अधीक्षक इंजीनियर (साधारण ग्रेड) निदेशक अधीक्षक इंजीनियर (चयन ग्रेड), उप मुख्य इंजीनियर, मुख्य इंजीनियर के रूप में नियुक्ति के पात्र हैं बशर्ते कि सम्बद्ध ग्रेड में नियुक्तियां उपलब्ध हों।

(4) वेतनमान

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में केन्द्रीय विद्युत इंजीनियर (ग्रुप 'क') के सेवा के पदों पर वेतनमान निम्नलिखित हैं :—

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में विद्युत यांत्रिक और दूर-संचार से सम्बद्ध पद :—

क्रं० सं०	पद का नाम	वेतनमान
1	2	3
1.	सहायक निदेशक (ग्रेड-1) सहायक कार्यकारी इंजीनियर	रु० 8000–275–13500
2.	उप निदेशक/कार्यकारी इंजीनियर	रु० 10000–325–15200
3.	गैर-कार्यकारी कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	रु० 12000–375–16500
4.	निदेशक/अधीक्षक इंजीनियर	रु० 14300–400–18300
5.	मुख्य इंजीनियर सदस्य-सचिव	रु० 18400–500–22400

(5) कर्तव्य और दायित्व

सहायक निदेशक (ग्रेड-1) सहायक कार्यकारी इंजीनियर के पदों पर सम्बद्ध कर्तव्यों और दायित्वों के स्वरूप इस प्रकार हैं :—

विद्युत विकास के क्षेत्रों का विभिन्न प्रकार की समस्याओं से सम्बद्ध अपेक्षित तकनीकी तथ्यों का संग्रह, संकलन और परस्पर संबंध उन्हें इससे सम्बद्ध मामलों को भी निपटाना है जिसमें हाईड्रो तथा थर्मल पावर परियोजनाओं की स्थापना संचालन, अनुरक्षण तथा विद्युत योजनाओं, परियोजनाओं, अभिकल्पों आदि के तैयार करने में सहायता देते हुए उनकी संरचना तथा वितरण, विद्युत प्रणालियों की परियोजना रिपोर्टों का अध्ययन करना सम्मिलित है। क्षेत्र एककों में कार्य करते हुए वे उप-मंडल में उनको आबंटित अन्य कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे।

8. भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण के पद

भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ) और यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) (ग्रुप क पद) पदों पर अस्थायी आधार पर भर्ती किए गए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। दो वर्ष से अधिक अतिरिक्त अवधि के लिए सेवा में उनका रखना परिवीक्षा अवधि के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्य के मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। सरकार की विवेक्षा पर यह अवधि बढ़ाई जा सकती है। उन्हें क्रमशः रुपए 8000-275-13,500 के समय वेतनमान में वेतन मिलेगा। संतोषजनक रूप से उनकी परिवीक्षा की अवधि पूरी कर लेने पर यदि वे स्थायी नियुक्ति के योग्य समझे जाते है तो मूल रिक्तियों के उपलब्ध होने पर नियमानुसार उनके स्थायीकरण पर विचार किया जाएगा।

यदि आवश्यकता हुई तो भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ) और यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) के पद पर नियुक्त किए गए व्यक्तियों को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा।

किन्तु उस व्यक्ति को :—

(1) भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ) या यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) के पद पर नियुक्ति की तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य करना होगा, और

(2) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा।

इस विषय पर नियमों और अनुदेशों के अनुसार जो उम्मीदवार योग्य पाये जाते हैं उनके लिए पदोन्नति का क्षेत्र निम्नलिखित है :—

(क) बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ) के लिए	रु० 8,000–275–13,500
(1) बरमा इंजीनियर (वरिष्ठ)	रु० 10,000–325–15,200
(2) निदेशक (बरमा)	रु० 12,000–375–16,500
(3) उप-महानिदेशक (इंजीनियरी सेवा)	रु 18400–500–22,400
(4) वरिष्ठ उप-महानिदेशक	रु० 22,400–600–26,000
(ख) यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप 'क'	रु० 8,000–275–13,500
(1) यांत्रिक इंजीनियर (वरिष्ठ)	10,000–375–15,200

(2) निदेशक (यांत्रिक इंजीनियर) रु० 12,000–375–16,500

(3) उप-महानिदेशक (इंजीनियरी सेवा) रु० 18,400–500–22,400

(4) वरिष्ठ उप-महानिदेशक रु० 22,400–600–26,000

भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में भर्ती किए गए अधिकारियों को भारत में या विदेश में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है।

नोट :—उन सरकारी कर्मचारियों का वेतन जो परिवीक्षाधीन नियुक्ति से पहले स्थायीवत हैसियत से किसी अन्य स्थायी पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर है, एफ० आर० 22–ख (1) के उपबंधों के अधीन विनियमित किया जाएगा।

भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) में पदों से सम्बद्ध कर्तव्यों और दायित्व का स्वरूप

बरमा वाहनों और उत्खनकों अनुसरण तथा मरम्मत, विविध क्षेत्र के कर्तव्यों तथा कार्यों के लिए ड्राइवरों तथा वाहनों का आवंटन पी० ओ० एल० अंकों तथा (अभिलेखों, लाग बुक, दैनिक वृत्तियों की संवीक्षा तथा अनुरक्षण) ड्रिलिंग और विज्ञान अनुप्रयोगों का अभिकल्पना तथा विनिर्माण।
बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ)

कोर रिकवरी का दृष्टतम प्रतिशत निश्चित करते हुए एक या अधिक ड्रिलिंग रिगों से खनिज अन्वेषण के सम्बद्ध में छेदन कार्य करना। सरकारी भंडारों और उसको सौंपे गए हस्तेष्ट को ठीक प्रकार से सुरक्षा के लिए लगाई गई मशीनरी और वाहनों का सनारक्षण। भंडारों तथा रोकड़ लेखों का रखना और अधीन नियोजित कर्मचारी वर्ग को देखना।

9. इंजीनियर ग्रुप-क वायरलैस योजना और समन्वय स्कन्ध/अनुश्रवण संगठन, संचार-मंत्रालय (दूर संचार विभाग)।

(क) वेतनमान रुपये 8000–275–13500/–

(ख) ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा करने के बाद इंजीनियरी के पदधारी सहायक वायरलैस सलाहकार, वायरलैस योजना और समन्वय। स्कन्धों इंजीनियर प्रभारी अनुश्रवण संगठन (वेतनमान रुपये 10000–325–15200/– तथा सहायक वायरलैस सलाहकार के पद के लिए रु० 400/– प्रतिमास विशेष वेतन) के ग्रेड में रिक्तियों पर 100 प्रतिशत पदोन्नति के पात्र हैं। सहायक वायरलैस सलाहकार इंजीनियर प्रभार के ग्रेड में उनका पदोन्नति ग्रुप के पदों के लिए संगठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर उनके चयन के आधार पर की जाएगी।

सहायक वायरलैस सलाहकार इंजीनियर प्रभारी ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा रखने वाले सभी सहायक वायरलैस सलाहकार और इंजीनियर प्रभारी उप वायरलैस सलाहकार उप निदेशक (वेतनमान रु० 12000–375–16500) के पद पर पदोन्नति के लिए विचार किए जाने के पात्र हैं। उप वायरलैस सलाहकार उप निदेशक के ग्रेड में रिक्तियां ग्रुप के पदों के लिए गठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चयन करने के आधार पर 100 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा भरी जाती है।

संयुक्त वायरलैस सलाहकार/निदेशक (डब्ल्यू० एम०) (वेतनमान रु० 14300–400–18300 प्रतिमाह) और भारत सरकार के वायरलैस सलाहकार (वेतनमान रु० 18400–500–22400 प्रति माह) के अगले ग्रेडों में रिक्तियां ग्रुप 'क' के पदों के लिए गठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चयन करने के आधार पर 100 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा भरी जाती हैं।

अगले ऊंचे ग्रेड में पदोन्नति हेतु तथा पूर्वोक्त अपेक्षाएं न्यूनतम पात्रता की है और सम्बद्ध ग्रेड में पदोन्नति केवल रिक्तियों की उपलब्धता पर होगी।

(ग) इंजीनियर के पद पर नियुक्त किए गए व्यक्ति को भारत में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है।

(घ) यदि आवश्यकता हुई तो इंजीनियर के पद पर नियुक्त किए गए किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति—

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य न करना होगा, और

(2) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा।

(ङ) पदों से सम्बद्ध कर्त्तव्यों तथा दायित्वों का स्वरूप—

(1) डब्ल्यू० पी० सी० स्कन्ध वायरलैस मानिटरिंग संगठन के विभिन्न एककों के कर्मचारियों का पर्यवेक्षण, निर्देशन तथा प्रशिक्षण।

(2) सम्बद्ध रेडियो आवृत्ति वर्णक्रमों तथा विभिन्न प्रकार के उत्सर्जन को आवृत करने वाली रेडियो आवृत्ति मानीटरन में प्रयुक्त इलैक्ट्रानिकीकरण के विभिन्न वर्गों एंटिना तथा सहायक उपकरणों का प्रतिष्ठापन, अंशशोधन, परीक्षण तथा अनुरक्षण।

(3) भिन्न-भिन्न प्रकार की रेडियो संचार सेवाओं के लिए विभिन्न प्रयोक्ता विभागों/संगठनों के वायरलैस प्रतिष्ठानों का अनुज्ञापन एवं निरीक्षण।

(4) रेडियो आवृत्ति वर्णक्रम तथा तुल्यकाली उपग्रह कक्षा के उपयोग के राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय

समन्वय से सम्बद्ध सभी पहलू जिसमें नियतन योजना का निर्माण, संगत तकनीकी मानकों की स्थापना-उपस्कर का प्रकार—अनुमोदन संयुक्त चुम्बकीय व्यवधान/ससंगति आदि का प्रतिपादन सम्मिलित हो।

(5) सम्बद्ध राष्ट्रीय नियमों तथा विनियमों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन सहित अन्तर्राष्ट्रीय रेडियो विनियमों का प्रवर्तन।

(6) प्रवीणता/रेडियो अव्यवसायी—प्रमाण-पत्र आदि के लिए परीक्षाओं का आयोजन करना तथा उनके लिए लाइसेंस जारी करना।

(7) रेडियो आवृत्ति प्रबन्ध तथा मानीटरन से सम्बद्ध अनुसंधान तथा विकास कार्य करना।

(8) अंतर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ दूर संचार से संबंधित अन्य यथोचित अंतर्राष्ट्रीय/क्षेत्रीय संगठनों की बैठकों तथा सम्मेलनों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रबंध करना।

10. केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) (ग्रुप 'क')

(क) चुने हुए उम्मीदवार सहायक कार्यकारी इंजीनियर के पद पर दो वर्ष के लिए परिवीक्षा के आधार पर नियुक्त किए जाएंगे। परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर यदि स्थायी रिक्तियाँ उपलब्ध हुई और वे स्थायी नियुक्त के योग्य समझे जाते हैं तो उन्हें सहायक कार्यकारी इंजीनियर के पद पर स्थायी किया जाएगा। सरकार दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकती है।

परिवीक्षा अवधि या उसकी बढ़ाई गई अवधि के समाप्त होने पर यदि सरकार यह समझती है कि कोई सहायक कार्यकारी इंजीनियर स्थायी नियोजक के योग्य नहीं है या ऐसी परिवीक्षा की बढ़ाई गई अवधि के दौरान वह इससे संतुष्ट है कि कोई सहायक कार्यकारी इंजीनियर ऐसी अवधियों या बढ़ाई गई अवधियों की समाप्ति पर स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं होगा तो वह उस सहायक कार्यकारी इंजीनियर को सेवा विमुक्त कर सकती है अथवा ऐसे आदेश पास कर सकती है जो वह ठीक समझे।

(ख) यदि आवश्यकता हुई तो इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्त किए गए किसी भी व्यक्ति का भारत रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई, अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को :-

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा; और

(2) सामान्यत: 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ग) निम्नलिखित वेतनमान देय हैं :—

सहायक कार्यकारी इंजीनियर—

रु० 8000–275–13500।

कार्यकारी इंजीनियर—

रु० 10000–325–15200।

अधीक्षक इंजीनियर—

रु० 12000–375–16500।

अधीक्षक इंजीनियर (चयन ग्रेड)—

रु० 14300–400–18300।

मुख्य इंजीनियर—

रु० 18400–500–22400।

अतिरिक्त महानिदेशक—

रु० 22400–525–24500।

अतिरिक्त सचिव महानिदेशक (सड़क विकास)—

रु० 22400–600–26000।

टिप्पणी :—उन सरकारी कर्मचारियों का वेतन जो केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' ग्रुप 'ख' में परिवीक्षाधीन नियुक्ति से पहले मूल रूप में किसी आवधिक पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर है (एफ० आर० 22-ख) के उपबन्धों के अधीन विनियमित किया जाएगा।

(घ) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) पूल ग्रुप 'क' के पद से सम्बद्ध कर्तव्यों और दायित्वों का स्वरूप।

(1) सिविल इंजीनियरी पद

सड़कों/पुलों के निर्माण के डिजाइनों की योजना बनाना उनके आंकलन तैयार करने में भूतल परिवहन मंत्रालय के सड़क स्कंध के मुख्यालय में तथा क्षेत्रीय कार्यालयों आदि में वरिष्ठ अधिकारियों आदि की सहायता करना और राज्यों से ऐसे निर्माणों के लिए प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करना।

(2) यांत्रिक इंजीनियरी पद

सड़कों/पुलों के निर्माण उपस्करों के आयोजन, प्रापण, प्रचालन और अनुरक्षण में भूतल परिवहन मंत्रालय के सड़क स्कंध के मुख्यालयों में तथा क्षेत्रीय कार्यालयों आदि में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की सहायता करना, इस प्रकार के उपस्करों की मरम्मत तथा रख-रखाव के लिए आंकलन तैयार करना और राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों और आकलनों की समीक्षा करना।

11. भारतीय प्रसारण (इंजीनियरी) सेवा, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।

(क) उक्त सेवा के कनिष्ठ वेतनमान सीधे भर्ती द्वारा या पदोन्नति द्वारा नियुक्ति पर प्रत्येक अधिकारी दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेगा।

(1) किन्तु शर्त यह है कि नियंत्रक अधिकारी परिवीक्षा की अवधि को सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार घटा या बढ़ा सकता है ।

(2) अगली शर्त यह है कि परिवीक्षा अवधि बढ़ाने हेतु कोई निर्णय परिवीक्षा की पहली अवधि के समापन के बाद आठ सप्ताहों के अन्दर किया जायेगा और सम्बद्ध अधिकारी को ऐसा करने के कारणों सहित उक्त अवधि के अन्दर लिखित रूप में सम्प्रेषित कर दिया जाएगा ।

(3) परिवीक्षा अवधि तथा उसकी किसी वृद्धि के समापन पर अधिकारी के स्थायी नियुक्ति हेतु उपयुक्त पाए जाने की स्थिति में अपनी नियुक्ति पर नियमित आधार पर बनाए रखा जाएगा और उसको यथावधि उपलब्ध मूल रिक्ति पर स्थायी कर दिया जाएगा ।

(4) यदि परिवीक्षा की बढ़ी हुई परिवीक्षा की अवधि जैसी भी स्थिति हो, के दौरान सरकार का यह मत हो कि कोई अधिकारी सरकार में स्थायी नियुक्ति हेतु उपयुक्त नहीं है तो सरकार उसे कार्यमुक्त कर सकती है या उसी पद पर वापस भेज सकती है जो वह उक्त सेवा में नियुक्ति से पहले धारण कर रहा था, जैसी भी स्थिति हो, या और कोई उपयुक्त आदेश पारित कर सकती है ।

(5) परिवीक्षा या बढ़ी हुई परिवीक्षा की अवधि के दौरान उम्मीदवार को परिवीक्षा के सफल समापन की शर्त के रूप में सरकार द्वारा यथोचित शिक्षण तथा प्रशिक्षण कोर्स पूरे करने होंगे और परीक्षा तथा परीक्षण (हिन्दी परीक्षा सहित) उत्तीर्ण करने होंगे ।

(ख) सेवा में नियुक्ति—उक्त सेवा के विभिन्न ग्रेडों के सभी पदों पर सभी नियुक्तियां—चाहे वे "आकाशवाणी" में हों या "दूरदर्शन" में हों—नियन्त्रण प्राधिकारी द्वारा की जाएंगी ।

(ग) भारत के किसी भाग में सेवा का दायित्व सेवा की अन्य शर्तें :—

(1) ऐसी नियुक्ति की तारीख से या उक्त सेवा के किसी भाग में या बाहर सेवा करनी पड़ सकती है ।

(2) उक्त सेवा में नियुक्त अधिकारी को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी रक्षा सेवा या पद पर कम से कम 4 वर्ष तक कार्य करना पड़ सकता है जिसमें प्रशिक्षण की अवधि सम्मिलित है किन्तु ऐसे अधिकारी को :—

(i) ऐसी नियुक्ति की तारीख से या उक्त सेवा के प्रारम्भिक गठन से पहले कार्य-ग्रहण की तारीख में 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कोई कार्य नहीं करना पड़ेगा ।

(2) सामान्य : 40 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना पड़ेगा ।

(घ) उन मामलों में जिन के संबंध में इन नियमों में कोई प्रावधान नहीं है । उक्त सेवा के सदस्यों की शर्तें वही होंगी जो सामान्य तौर पर केन्द्रीय सिविल सेवा के अधिकारियों पर समय-समय पर लागू होती हैं ।

प्राप्य वेतनमान निम्न प्रकार है :—

(1) कनिष्ठ वेतनमान
रु 8000–275–13500

(2) वरिष्ठ वेतनमान
10000–325–15200

(3) जे० ए० जी०
रु० 12000–375–16500

(4) जे० ए० जी० (चयन ग्रेड)
रु० 14300–400–18300

(5) एस० ए० जी०
रु० 18400–500–22400

(6) इंजीनियर-इन-चीफ
रु० 22400–525–24500

"भारतीय प्रसारण (अभियंता) सेवा (ग्रुप "क") के कनिष्ठ वेतनमान से सम्बद्ध कार्य एवं दायित्वों की प्रकृति"

रेडियो तथा दूरदर्शन प्रसारण केन्द्रों का प्रचालन, रख-रखाव, प्रबंध, योजना, अभिकल्पन, संस्थापन तथा उसे चालू करना । सम्बद्ध क्षेत्र में अनुसंधान कार्य तथा स्टाफ को प्रशिक्षण देना । अधीनस्थ स्टाफ के कार्यों का पर्यवेक्षण करने का दायित्व ।

12. डाक तार भवन निर्माण ग्रुप 'क' सेवा में सहायक कार्यकारी इंजीनियर

(क) उम्मीदवारों की नियुक्तियां परिवीक्षा आधार पर की जायेंगी जिसकी अवधि दो-वर्ष होगी । उन्हें यथानिर्धारित-प्रशिक्षण लेना होगा । यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण सन्तोषजनक न हो या उसमें यह आभास हो कि उसके कार्यकुशल होने की संभावना नहीं है, तो सरकार उसे तत्काल सेवामुक्त कर सकती है । परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार उसकी नियुक्ति को स्थायी बना सकती है और यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को जितना उचित समझे और बढ़ा सकती है ।

अधिकारियों को ऐसी विभागीय परीक्षा या परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी जो परिवीक्षा अवधि के दौरान निर्धारित की जाएं। उन्हें हिन्दी में एक परीक्षण भी उत्तीर्ण करना होगा।

(ख) इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त किए गए अधिकारी को आवश्यकता पड़ने पर भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी भी रक्षा सेवा या पद पर कम से कम 4 वर्षों की अवधि के लिए काम करना पड़ सकता है जिसके प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि यदि कोई हो, भी शामिल है।

परन्तु उस व्यक्ति को :—

(i) नियुक्ति की तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ii) सामान्यत: 40 वर्ष आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ग) प्राप्य वेतन दर निम्न प्रकार है।
ग्रुप "क"

(1) सहायक कार्यपालय इंजीनियर (सिविल वैद्युत)
